देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश



जमानत के बाद भी रिहा नहीं होंगे इमरान 12

रेलवे ट्रैक के किनारे गोवंश के अवशेष मिलने से... 10



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 316
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

बुधवार | 30 अगस्त, 2023

# राखी पर जनता को तोहफा: गैस सिलेंडर कल से 200 रुपए सस्ता

## भोपाल में 908, जयपुर में 906 रु. हुए दाम, 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन बांटेगी सरकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने मंगलवार को घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) के दामों में 200 रुपए की कटौती की है। इसके साथ ही दिल्ली में अब कीमत 1103 रुपए से घटकर 903 रुपए, भोपाल में 908, जयपुर में 906 रुपए हो गई। नई कीमत 30 अगस्त यानी रक्षाबंधन के दिन से लागू होगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ओनम और रक्षाबंधन के त्योहार पर दाम घटाकर पीएम मोदी ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। देश के 33 करोड़ कंज्यूमर्स को इसका फायदा मिलेगा। इस फैसले से सरकार पर वित्त वर्ष 2023-24 में 7,680 करोड़ का बोझ आएगा। केंद्रीय मंत्री ने ये भी कहा कि सरकार 75 लाख नए उज्जवला कनेक्शन बांटेगी। इस साल 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले सरकार का यह कदम काफी मायने रखता है। राजस्थान में कांग्रेस ने इसी साल 1 अप्रैल से बीपीएल परिवारों को 500 रुपए में गैस देने की योजना लागू कर दी है। मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस ने 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है।



### इससे पहले मार्च में हुआ था कीमतों में बदलाव

14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम मार्च 2023 में 50 रुपए बढ़ाए गए थे। इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 1103 रुपए हो गई थी। इससे पहले 6 जुलाई 2022 को दामों में बदलाव किया गया था। तब भी कीमतें 50 रुपए बढ़ाई गई थी।

### जून 2020 से एलपीजी पर नहीं मिल रही सब्सिडी

जून 2020 से एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी नहीं मिल रही है। दिल्ली में जून 2020 में बिना सब्सिडी वाला सिलेंडर 593 रुपए में मिलता था, जो अब 903 रुपए का हो गया है। अब केवल उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 200 रुपए की सब्सिडी मिलती है। उज्जवला के लाभार्थियों को अब सिलेंडर करीब 700 रुपए में मिलेगा।

### अब तक देश में 9.5 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन

उज्जवला योजना के तहत अब तक देश में 9.5 करोड़ से ज्यादा कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इस स्कीम को 1 मई 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया में लॉन्च किया गया था। सरकार ने इस योजना की सब्सिडी पर वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 6,100 करोड़ रुपए खर्च किए थे। योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा होती है।

### 'चंद्र मिशन की सफलता भारत की प्रगति और वैश्विक मंच पर हमारी ताकत का प्रतीक'

कैबिनेट भारतीय वैज्ञानिकों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना करती है। यह केवल हमारी स्पेस एजेंसी की ही सफलता नहीं है, बल्कि यह भारत की प्रगति और वैश्विक मंच पर हमारी ताकत का प्रतीक है। यह (कैबिनेट) 23 अगस्त को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाने के कदम का भी स्वागत करता है। कैबिनेट इसमें शामिल वैज्ञानिकों को बधाई देती है। हमारे वैज्ञानिकों के निरंतर प्रयासों की वजह से भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया है। चंद्रमा पर उतरना और वह भी पूर्व निर्धारित पैरामीटर पर पूरी तरह खरा उतरना अपने आप में एक उपलब्धि है। चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरना इस बात का प्रतीक है कि कैसे हमारे वैज्ञानिक ज्ञान की खोज के लिए कैसे हर सीमा को पार कर जाने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रज्ञान रोवर के जरिए हमें जो जानकारियों का खजाना मिल रहा है उससे हमारे ज्ञान में बढ़ोतरी होगी, नई खोज का मार्ग बनेगा और चंद्रमा के बारे में हमें और ज्यादा जानकारी होगी। कैबिनेट का ये मानना है कि तेजी से बदलते तकनीक और इनोवेशन के दौर में हमारे वैज्ञानिक ज्ञान और एक्सपर्टीज की मिसाल हैं।

---

चंद्रयान-3: मोदी कैबिनेट का वैज्ञानिकों को सलाम

# यह वैश्विक मंच पर हमारी ताकत का प्रतीक: अनुराग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग की सराहना करते हुए प्रस्ताव पारित किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस कांफ्रेंस कर चंद्रयान-3 मिशन के लिए काम करने वाले इसरो वैज्ञानिकों की ऐतिहासिक सफलता की सराहना की। उन्होंने कहा कि कैबिनेट चंद्रयान और इसरो के वैज्ञानिकों को सलाम करती है। बता दें कि इसरो द्वारा बनाए गए कीर्तिमान को हमेशा याद रखने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाने का एलान किया था। अब मोदी कैबिनेट ने भी इस फैसले का स्वागत किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पूरा देश चंद्रयान-3 की सफलता का जश्न मना रहा है, केंद्रीय कैबिनेट भी इसमें शामिल है।

### महिला वैज्ञानिकों की सराहना की

इस दौरान उन्होंने महिला वैज्ञानिकों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मिशन चंद्रयान में महिला वैज्ञानिकों का भी बड़ा योगदान है। कैबिनेट को उनके योगदान पर गर्व है। हमें भरोसा है कि ये सफलता आने वाले वर्षों में भी महिलाओं को प्रेरित करती रहेगी।

### पीएम मोदी का है मून मिशन के साथ भावात्मक लगाव

कैबिनेट पीएम मोदी को भी भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रति उनके विजन और और उनके नेतृत्व के लिए बधाई देती है। पीएम मोदी के अटूट भरोसे ने हर बार हमारे वैज्ञानिकों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए संबल दिया है। बीते 22 सालों में पहले गुजरात के सीएम और फिर पीएम रहने के दौरान हर मून निशन से उनका भावात्मक लगाव रहा है। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने जब मून मिशन की घोषणा की थी तब वे गुजरात के सीएम थे। जब पहले चंद्रयान मिशन का प्रक्षेपण हुआ था तब पीएम मोदी ने इसरो जाकर वैज्ञानिकों को बधाई दी थी।

---

स्थापना के बाद राम मंदिर में भक्तों को एक घंटे तक रहने तक रहने की अनुमति मिलेगी

# अयोध्या में राम लला को सिर्फ 20 सेकेंड निहार सकेंगे भक्त

- भक्त भगवान श्री राम के 25 फिट दूरी से दर्शन कर सकेंगे
- दिसंबर 2023 तक राम मंदिर का ग्राउंड फ्लोर पूरी तरह से तैयार हो जाएगा
- जनवरी 2024 में मंदिर में श्री रामलला के बाल रूप मूर्ति को मंदिर में स्थापित किया जाएगा

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा



लखनऊ। अयोध्या में रामलाल के दर्शन के इंतजार का वक्त तब धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। जानकारी के अनुसार रामलला की स्थापना के बाद राम मंदिर में भक्तों को एक घंटे तक रहने तक रहने की अनुमति मिलेगी। लेकिन भगवान राम के दर्शन के लिए भक्तों को सिर्फ 20 सेकेंड का ही समय मिलेगा।इसके अलावा भक्त भगवान श्री राम के 25 फिट दूरी से दर्शन कर सकेंगे।

श्री राम मंदिर निर्माण कमेटी के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा के अनुसार दिसंबर 2023 तक राम मंदिर का ग्राउंड फ्लोर पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। यहां पर दीवारों पर नक्काशी का काम चल रहा है। मंदिर का लगभग सभी काम पूरा हो चुका है। जनवरी 2024 में मंदिर में श्री रामलला के बाल रूप मूर्ति को मंदिर में स्थापित किया जाएगा। इसकी प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।

### 50 हजार भक्तों के एक साथ दर्शन करने की व्यवस्था

मंदिर में रामलला के दर्शन को लेकर बहुत ही बड़ी अपडेट आई है। मंदिर में करीब 50 हजार भक्तों के एक साथ दर्शन करने की व्यवस्था है। जनवरी में भगवान श्री राम की मूर्ति स्थापित करने के साथ ही दर्शन के लिए मंदिर खोल दिया जाएगा। मंदिर में प्रतिदिन 50 हजार से 10 लाख भक्तों के एक साथ दर्शन व्यवस्था की गई है।

### मंदिर की मुख्य सुरक्षा व्यवस्था राज्य सरकार के पास होगी

रामलला मंदिर की सुरक्षा को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की ख़ास भूमिका है। मंदिर की सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम कर लिए गए हैं। मंदिर की मुख्य सुरक्षा व्यवस्था राज्य सरकार के पास होगी। वहीं,जनवरी 2024 में मंदिर के खुलते ही मंदिर की पहली सुरक्षा राज्य सरकार होगी। इसके अलावा केंद्र की सुरक्षा एजेंसियां भी सुरक्षा के लिहाज से नजर रखेंगी।

---

## योगी का बड़ा एलान, झांसी में बनेगा बुंदेलखंड का दूसरा एयरपोर्ट



जन एक्सप्रेस/झांसी। झांसी में एयरपोर्ट बनने का रास्ता साफ हो गया है। खेल दिवस पर झांसी आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि झांसी में बुंदेलखंड का दूसरा एयरपोर्ट बनेगा। झांसी-कानपुर हाईवे पर इसका निर्माण कराया जाएगा। मेजर ध्यानचंद की जयंती पर ध्यानचंद स्टेडियम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए योगी बोले कि डिफेंस कॉरिडोर और बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण यानी बीडा के जरिए यहां पर कंपनियां उद्योग लगाएंगी। इससे बुंदेलखंड के युवाओं का पलायन रुकेगा। उन्होंने दद्दा का जिक्र करते हुए कहा कि वो जितने बड़े खिलाड़ी थे, उतने बड़े देशभक्त भी। 1936 में जब जर्मनी के चांसलर हिटलर ने उन्हें अपने देश की नागरिकता और सेना में मेजर का पद देने की पेशकश की तो उन्होंने ये कहते हुए प्रस्ताव ठुकरा दिया कि वो भारत के लिए ही खेलेंगे। योगी ने झांसी में 2009 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

---

कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

---

वारदात | प्रयागराज हत्याकांड का मामला गरमाया, डंडा लेकर थाने पहुंची महिलाएं आरोपियों के घर बुलडोजर चलाने की मांग

# छात्र की हत्या के बाद भीड़ का हंगामा

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

प्रयागराज में बहन से छेड़खानी का विरोध करने पर 10वीं के छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने बीच सड़क पर घेरकर उसे पटरे से तब तक पीटा, जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। वह आधे घंटे सड़क पर तड़पता रहा। पास में जमीन पर बदहवास पड़ी बहन सभी से बचाने की मिन्नतें करती रही, लेकिन लोग तमाशबीन बनकर देखते रहे। किसी ने हमलावरों को रोकने की हिम्मत नहीं जुटाई। थोड़ी देर में छात्र की सांसें थम गई। वारदात सोमवार दोपहर की खीरी चौराहे की है। हमलावर गैर-समुदाय से होने के कारण हजारों की संख्या में वहां लोग जुट गए हैं। सोमवार देर रात तक प्रदर्शन के बाद मंगलवार को फिर भीड़ उग्र हो गई। मामले के सांप्रदायिक रंग लेते देख कई थानों की पुलिस और पीएसी मौके पर बुला ली गई है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि सभी आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाया जाए।



### एसओ और चौकी इंचार्ज सस्पेंड

मामले में भारी विरोध और प्रदर्शन के बाद पुलिस ने हत्या के सभी 5 आरोपियों को पकड़ लिया है। इनमें 3 नाबालिग बताए जा रहे हैं। वहीं, कमिश्नर ने लापरवाही में एसओ नवीन कुमार सिंह और चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया है। वहीं, पुलिस ने अभी हमलावरों के नाम नहीं बताएं हैं। इससे पहले, सोमवार को हत्या के बाद पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा समेत कई बड़े अफसर मौके पहुंचे। करीब 9 घंटे तक परिजनों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद कमिश्नर ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

> "स्कूल में हुए विवाद के बाद छात्र को पीटा गया था, जिसकी मौत हो गई। प्रथम दृष्टया छेड़खानी की बात सामने नहीं आई है। तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> –संतोष मीणा, डीसीपी यमुनानगर

### काश! किसी ने विरोध किया होता, बच जाती बच्चे की जान

परिजन बार-बार यही कह कर रोते-बिलखते रहे कि आरोपी बेटे को पीट रहे थे, मगर उसे बचाने के लिए कोई भी सामने नहीं आया। यही नहीं घायल बेटा सड़क पर पड़ा तड़पता रहा। काश! किसी ने विरोध किया होता तो आज उनका बेटा जिंदा होता।

### स्कूल बंद होने पर बहन भाई घर जा रहे थे

मृतक छात्र का नाम सत्यम शर्मा (16) है। वह पुरादलू गांव का रहने वाला था। सत्यम परमानंद इंटर कॉलेज में 10वीं में पढ़ता था। उसके चाचा की बेटी भी इसी स्कूल में 10वीं में पढ़ती है। बहन ने बताया, सोमवार को स्कूल बंद होने पर हम दोनों घर जा रहे थे। जैसी ही तुर्कपुरवा मोहल्ले में पहुंचे कि तभी इसी गांव के और हमारे स्कूल में पढ़ने वाले गैर-समुदाय के छात्रों ने हमारा हाथ पकड़ लिया। हमें खींचने का प्रयास करने लगे। छात्रा ने कहा, मैं चिल्लाई तो भाई सत्यम गैर-समुदाय के मनचलों से भिड़ गया। इसके बाद सत्यम पर सभी हमलावर हो गए। पटरे से उसे तब तक मारा जब तक वह जमीन पर गिर नहीं गया। वह लहूलुहान हो गया था। मैं चिल्लाती रही, पर कोई मदद के लिए आगे नहीं आया। हमलावर धमकी देते हुए भाग निकले। छात्रा ने कहा- सत्यम सड़क पर पड़ा तड़पता रहा और मैं असहाय खड़ी चीखती रही। सूचना पर परिजन भी थोड़ी देर में पहुंच गए। सत्यम को लेकर प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय लेकर भागे। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### स्कूल में शुरू हुआ था झगड़ा

प्रयागराज के खीरी इलाके में स्थित परमानंद इंटर कॉलेज में 10वीं के छात्र के साथ तुर्कपुरवा मुहल्ले के लड़कों का झगड़ा हुआ था। दावा किया जा रहा है कि मृतक छात्र की चचेरी बहन पर वे टिप्पणी कर रहे थे। इसी दौरान बहस हुई। स्कूल से घर लौटने के दौरान तुर्कपुरवा पहुंचते ही लड़कों ने दसवीं के छात्र को घेर लिया। उसकी बहन की हाथ पकड़कर खींचने लगे। छात्र ने विरोध किया तो सरिया और पटरा से हमला कर दिया। हमलावरों ने छात्र के सिर पर वार किया। इससे वह सड़क पर गिरकर तड़पने लगा। बाद में उसकी मौत हो गई। इस घटना के विरोध में लोगों ने खीरी मोड़ जाम कर दिया था।

### आरोपी ग्राम प्रधान पर कई मुकदमे पहले से हैं दर्ज

सत्यम की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में नामजद आरोपी ग्राम प्रधान मोहम्मद यूसुफ के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। एक मुकदमा लेखपाल के साथ मारपीट का भी पुलिस ने दर्ज किया था। वह अपनी दबंगई के लिए क्षेत्र में जाना जाता है। जिन युवकों ने छात्रा के साथ छेड़खानी की को प्रधान के घर से ही ताल्लुक रखते हैं। सत्यम कि जिस जगह पर पीट-पीट कर हत्या की वह जगह ग्राम प्रधान के घर के ठीक सामने हैं। छात्र पर हमला करने वाले दो अन्य भी प्रधान के करीबी बताए जा रहे हैं। फिलहाल, पुलिस ने रिपोर्ट लिखकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामला समुदाय विशेष का होने के कारण क्षेत्र में तनाव की स्थिति है।

---

# आईएसआई और दाऊद इब्राहिम के गुर्गे के संपर्क में रहने वाले डॉ. रिजवान को लाभ पहुंचाने वाले इरफान सोलंकी पर देश की सुरक्षा एजेंसियां कब लेंगी एक्शन

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

दिल्ली/लखनऊ/कानपुर नगर। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और देश के सबसे बड़े दुश्मन अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को भला कौन नहीं जानता होगा। आज भी हमारे भारत देश का सबसे बड़ा दुश्मन पाकिस्तान की शरण में रहकर हमारे देश के खिलाफ हमेशा साजिशें रचता रहता है। खुफिया एजेंसी आईएसआई और दाऊद इब्राहिम के खास गुर्गों के संपर्क में रहने वाले संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक डॉक्टर रिजवान को शायद ही उत्तर प्रदेश के कानपुर नगर का कोई ऐसा शख्स होगा जो भूल सका हो और अगर आप लोग भूल चुके हैं तो हम आपको याद दिलाते हैं कि कानपुर पुलिस के मूलगंज थाने की पुलिस द्वारा बीते वर्ष संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक डॉक्टर रिज़वान को गिरफ्तार किया गया था। रिजवान गैर कानूनी तरीके से भारत देश के कानपुर नगर में रह रहा था और यही से संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम भी दे रहा था। जिसमें सबसे बड़ा सहयोग सपा विधायक इरफान सोलंकी के द्वारा किया जाना निकाल कर आया था। 10 दिसंबर 2022 की रात्रि में थाना मूलगंज में तैनात सब इंस्पेक्टर अनूप सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति अपने परिवार के साथ कार में बैठा हुआ है। अनूप सिंह ने अपने सहायक पुलिस कर्मियों के साथ जाकर जब उस संदिग्ध से पूछताछ की तो यह तय हो गया कि वाकई में यह व्यक्ति पूर्ण रूप से संदिग्ध है। अनूप सिंह ने अपने इंस्पेक्टर और फिर इंस्पेक्टर मूलगंज ने अपने उच्च अधिकारियों को जैसे ही संदिग्ध व्यक्ति के बारे में जानकारी दी पूरा का पूरा तंत्र सक्रिय हो गया। थोड़े ही समय में संदिग्ध व्यक्ति की सारी की सारी पोल खोल कर सामने आ गई और जो कुछ उसने बताया वह सब कुछ चौंकाने वाला था।



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ विधायक इरफान सोलंकी

### बांग्लादेशी निकला संदिग्ध नागरिक सपा विधायक इरफान ने की थी मदद

पुलिस की पूछताछ जैसे ही आगे बढ़ी संदिग्ध व्यक्ति ने अपना नाम डॉ. रिजवान बताया इसके साथ ही बताया कि वह बांग्लादेशी नागरिक है और कानपुर नगर में गैर कानूनी तरीके से अपने परिवार संग आराम से ऐश कर रहा है। इसके साथ-साथ यह भी बताया कि उसकी मदद यहां रहने में सपा विधायक इरफान सोलंकी ने अपने लेटर पैड पर निवास प्रमाण पत्र बनाकर की है। साथ ही साथ एक निवर्तमान पार्षद मन्नू रहमान ने भी उसे निवास प्रमाण पत्र के लिए लेटर जारी किया था।

### डॉ. रिजवान ने कबूली थी आईएसआई और दाऊद इब्राहिम से अपने संबंध की बात

पुलिस को रिजवान मोहम्मद ने बताया कि उसके पिता का नाम दीन मोहम्मद है 8/02 फ्लैट नं0 801 इम्पीरियल रेजीडेन्स ऑफ सीलिंग हाउस स्कूल कानपुर नगर में रहता था बताया कि वर्ष 1998 में शादी के उपरात में अपनी पत्नी हिना खालिद को भारत से बाग्लादेश ले गया था पहले कुछ दिन खुलना उसके बाद परिवार सहित ढाका में रहने लगा था। हिना खालिद से उसके तीन बच्चे क्रमश रूखशार, अरस्तान, व आदिफ उर्फ सलमान का जन्म वही पर हुआ था। तीनो बाग्लादेश मे पढते थे। सभी बच्चो की नागरिकता बाग्लादेश की है तथा हमारी पत्नी व बच्चो का पासपोर्ट भी बाग्लादेश से बना था। वर्ष 2016 में भारतीय वीजा पर पत्नी व तीनो बच्चे ज़ भारत आये थे वीजा समाप्त होने के उपरान्त रिज़वान बाग्लादेश चला गया था, किन्तु उसकी पत्नी व तीनों बच्चे कानुपर नगर (भारत) में ही रह रहे थे। कानपुर के स्कूल में दाखिला के लिए कलकता से बच्चो के टी0सी0 फर्जी तरीके से बनवाये थे, तथा बच्चो का आधार कार्ड कानपुर का पता दर्शाकर विधायक इरफान सोलंकी व मन्नू रहमान पार्षद के सहयोग से बनवाया था। अपने पैड पर लिखा हुआ प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया था, ब्रोकर नदीम के माध्यम से बच्चो का पत्नी का आधार कार्ड बना था, तथा अपना भी अपना आधार कार्ड भारत का बनवा लिया था. जिसमे कानपुर का पता है। डॉ रिजवान मतीन नाम के व्यक्ति के सम्पर्क में था। मतीन दाऊद इब्राहीम और पाकिस्तानी खूफिया एजेन्सी आई एस आई से जुडा हुआ व्यक्ती था उसने रिज़वान को दाऊद भाई के लिए काम करना के लिए कहा था। कानपुर मे ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के उसके नबसे, व मिलिट्री के बड़े अधिकारियों के नाम, पते व सेना के डिपो की जानकारी व सेना के टैंक की जानकारी इकट्ठा करने के लिए कहा था।

### देश के दुश्मन के करीबियों के संपर्क में रहने वालों को लाभ पहुंचाया था इरफान ने, सुरक्षा एजेंसियां कब करेंगी कार्रवाई

सबसे बड़ा सवाल यह है कि भारत देश के सबसे बड़े दुश्मन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और डॉन दाऊद इब्राहिम के गुरुओं के संपर्क में रहने वाला बांग्लादेशी नागरिक डॉक्टर रिजवान को कानपुर में रहने का पूरा जिम्मा इरफान सोलंकी ने लिया था और अपने पद का दुरुपयोग करते हुए उसे निवास प्रमाण पत्र समेत बहुत सी सुविधाएं उपलब्ध कराई थी। देश के दुश्मन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी और दाऊद इब्राहिम जैसे माफिया डॉन के संपर्क में रहने वाले को इरफान ने अपने देश में घुसने का मौका दिया। ऐसे में इरफान पर देश की सुरक्षा एजेंसियां एक्शन क्यों नहीं ले रही हैं यह सोचनीय विषय है। फिलहाल डॉक्टर रिजवान और पुलिस जेल भेज चुकी है और इरफान को भी इसी मामले में अरोपी बनाया है।

# सांसद और डीएम ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय खेल कार्यालय चित्रकूट के तत्वाधान में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि भारत सरकार खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों के उत्थान के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। खेलों इंडिया पूरे भारतवर्ष में एक खेल एक जनपद के अंतर्गत प्रशिक्षण शिविर संचालित कर रही है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय खेलों में जाने वाले खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री द्वारा स्वयं संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया जाता है। जिसका परिणाम सबके सामने नीरज चोपड़ा इतिहास रचते हुए वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर भारत को गौरवान्वित किया है। चित्रकूट के खिलाड़ी भी आने वाले समय में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन करेंगे। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने चित्रकूट में बैडमिंटन हॉल के लिए धनराशि उपलब्ध कराई, जो बनकर तैयार हो रहा है। जिम हाल भी खिलाड़ियों के लिए बनाकर तैयार किया जा रहा है। साथ ही अत्याधुनिक उपकरण भी स्टेडियम में आ चुके हैं। जिसमें खिलाड़ियों को अपने खेलों का विकास करने के लिए उत्तम व्यवस्था मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा खेलों पर बढ़ावा दिया जा रहा है। आप लोग जिस खेल में रुचि रखते हैं, उस खेल में आगे बढ़कर खेलें ताकि जनपद, प्रदेश तथा देश का नाम रोशन हो सके।




इस दौरान सांसद, डीएम, डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, नगर पंचायत अध्यक्ष मऊ अमित कुमार द्विवेदी, अध्यक्ष ओलंपिक संघ विवेक कुमार अग्रवाल, सचिव एथलेटिक संघ के शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने क्रिकेट विजेता मऊ, उपविजेता जन सेवा इण्टर कॉलिज कर्वी, हॉकी विजेता चित्रकूट इण्टर कॉलिज कर्वी, उपविजेता उच्च प्राथमिक विद्यालय छेछरिहा खुर्द, कबड्डी प्रतियोगिता में विजेता जन सेवा इण्टर कॉलिज कर्वी ए टीम एवं उपविजेता जन सेवा इण्टर कॉलिज बी टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि चित्रकूट आने वाले समय में उत्कृष्ट प्रदर्शन खेलों में करेगा। इस मौके पर रमेश सिंह, श्याम सुंदर यादव, भारत सिंह, शैलेंद्र, कृष्ण, अंगद, फिरोज अंसारी, अख्तर हुसैन आदि मौजूद रहे।

## अपर एसपी ने परेड की सलामी लेकर किया पुलिस लाइन का भ्रमण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में अपर एसपी ने पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का भ्रमण कर परिवहन शाखा का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मैस का निरीक्षण कर भोजन चख कर भोजन की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही अपर एसपी ने कैंटीन, क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन शिवनारायण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक वीर प्रातप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक रवीन्द्र कुमार कटियार तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी कोदू कोल पुत्र स्व चुन्नीलाल निवासी ग्राम रमपुरिया मजरा सरैया को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मानिकपुर में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान सरैया चैकी आरक्षी दुर्गेश कुमार, चन्द्रभूषण राय आदि मौजूद रहे।

# शिविर में छात्र–छात्राओं को दी गयी विधिक जानकारियां

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्ययोजना के अनुसार मंगलवार को शहर के चित्रकूट इण्टर कॉलिज में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को विधिक जानकारियां दी गयी।

प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव फारूख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विष्णु कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने खेल दिवस के महत्व




और उसके इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि 29 अगस्त को हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचन्द्र का जन्म हुआ था। खेल में महारथ होने के कारण मेजर ध्यानचन्द्र को हॉकी का जादूगर कहा जाता था। उन्होंने कहा कि खले से प्रत्येक व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। जिससे एक नया इतिहास बनता है। आज चांद के दक्षिणी ध्रूव तक पहुंचने में सफलता मिलने के बाद यह बात साबित हो गयी है। फूलचन्द्र सिंह चन्द्रवंशी ने खेल दिवस की विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ अधिवक्ता हेमराज सिंह ने विधिक जागरूकता के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर चित्रकूट इण्टर कॉलिज के प्रधानाचार्य डॉ. रणवीर सिंह चैहान, वीपी निर्मल, श्रीनिवास त्रिपाठी, रामवचन सिंह, रंजना सिंह, संतोष कुमार विश्वकर्मा, कीर्ति मिश्रा, ज्ञानेन्द्र चैधरी, लालमन, प्रदीप पाण्डेय, विवेक तिवारी, प्रांशू देवी, तीरथ प्रसाद व अरविन्द कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने बाढ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा व खाद्य सामग्री का किया वितरण



**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

प्रदेश सरकार के मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने गंगा व पाण्डु नदी से बाढ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और बाढ राहत शिविरो मे बाढ प्रभावित लोगो मिले और उनका हाल जाना। वही बाढ पीडित परिवारो को खाद्य सामग्री सहित दैनिक उपयोग की सामग्री का वितरण करते हुये किसानो आदि को मुआवजा दिलाये जाने का आस्वासन दिया। वही प्रशासन को निर्देश दिया कि जन व पशु हानि न होने पाये इसके लिए हर सम्भव प्रयास किया जाय। मंत्री सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग, खादी ग्रामोद्योग एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग उ0प्र0 सरकार-प्रभारी मंत्री जनपद राकेश सचान ने तहसील बिंदकी के ग्राम पंचायत आशा अभयपुर, बेनीखेड़ा, जाड़े का पुरवा, मल्लू का डेरा, सदनहा, बिंदकी फार्म, बड़ा खेड़ा, पंचघरा आदि ग्रामों में गंगा नदी के जल स्तर में हुई वृद्धि के दृष्टिगत बनाये गये बाढ़ राहत केंद्र महुवा घाट का निरीक्षण किया और प्रभावित लोगो का कुशलक्षेम जाना और बाढ़ राहत सामग्री जिसमे 10 किग्रा आटा, 10 किग्रा चावल, 02 किग्रा अरहर की दाल, 01 किग्रा नमक, 01 ली0 सरसो का तेल, हल्दी, मिर्च, सब्जी मसाला, 02 किग्रा भुना चना, 01 किग्रा गुड़, 10 पैकेट बिस्किट, मोमबत्ती, माचिस, नहाने का साबुन, डिग्निटी किट-सेनेटरी पैड, साबुन, तौलिया, सूती कपड़ा, 10किग्रा आलू, एक बोरी लाई आदि का वितरण किया। उन्होंने कहा की बाढ़ से प्रभावित लोगो को हर संभव मदद कर जनहानि और पशुहानि नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा बाढ़ से जिन लोगो की फसल नष्ट हो गई है। उसका सर्वे कराकर नियमानुसार कार्यवाही पूरी करते हुए मुवावजा देने के निर्देश उपजिलाधिकारी बिंदकी को दिया। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय कि जिसने फसल बोई है उसको भी नुकसान का मुआवजा मिल सके। इस अवसर पर विधायक जहानाबाद, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी बिंदकी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ग्राम प्रधान सहित नागरिकगण उपस्थित रहे।

# ब्रम्हकुमारी ने कारागार में बंदियों को रक्षा सूत्र बांधकर दी सही मार्ग में चलने की सलाह

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजयोगिनी बहन दुर्गेश नंदिनी के नेतृत्व में जिला कारागार रगौली में रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 380 भाइयों को रक्षा सूत्र बांधा गया।

ब्रह्मकुमारी बहन दुर्गेश नंदिनी ने बताया की काम, क्रोध, मद, लोभ, अहंकार जैसे दुर्गुणों को त्याग कर परमात्मा याद द्वारा अपने सभी बुरे कर्मों का विनाश कर सर्व काल के लिए सुरक्षा प्राप्त करनी है। जिससे अभयदान प्राप्त हो जाता है। विश्व कल्याण की दृष्टि से भी भारतीय सनातन संस्कृति का रक्षाबंधन पर्व




एक प्रमुख त्योहारों में से एक है। जिसमें अनिष्ट, अन्याय, अंधश्रद्धा आदि कुरीतियों से मुक्ति का संदेश प्राप्त होता है। इस दौरान बंदियों को आत्म स्मृति का तिलक लगाकर एवं पवित्र रक्षा सूत्र पहनाकर त्योहार मनाया गया। साथ ही समस्त कैदियों को संकल्प दिलाया कि वह बदले की भावना को त्याग स्वयं में बदलाव करेंगे। ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा भविष्य में राजयोग मेडिटेशन अध्यात्मिक ज्ञान की शिक्षा देने का संकल्प कराया गया। ब्रम्हाकुमारी सोनू बहन ने कर्मों की गुह्य गति द्वारा 100 परिवर्तन के सम्बन्ध में ईश्वरीय संदेश सभी कैदियों को दिया।

जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय ने सभी बंदियों से अपने संकल्पों में शुद्धता लाने के लिए बल दिया और हमेशा अच्छे विचारों और चिंतन को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विचार रूपी बीज की सत्कर्मों से वटवृक्ष को तैयार करते हैं।

इस मौके पर प्रभारी जेलर रजनीश सिंह, डिप्टी जेलर ब्रज किशोरी, आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ बैजनाथ आदि मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय संस्कृत महोत्सव का हुआ समापन



**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में चल रहे संस्कृत महोत्सव के अन्तिम दिन वाक्य विमर्श के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गयी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो भगवती चरण शुक्ल ने वाक्य विन्यास व वाक्यों को विभिन्न अवयवों को सुन्दर उदाहरणों से प्रस्तुत किया। उन्होंने संगोष्ठी में विभिन्न विषयों के विद्वानों की सक्रिय सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इसे संस्कृत के प्रसार के लिये उपयोगी व संतोषजनक बताया। अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य की मूल भावना के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि संस्कृत साहित्य का वातावरण विश्वविद्यालयों के शिक्षण का मुख्य अंग होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशिकान्त त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर अधिष्ठाता मानविकी संकाय डॉ. महेन्द्र कुमार उपाध्याय, डॉ. विनोद कुमार मिश्र, डॉ. रजनीश कुमार सिंह, डॉ. प्रमिला मिश्रा, पीआरओ सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

# लापता युवक का शव मिला धान के खेत में

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

सप्ताह भर से लापता युवक का शव धान के खेत में मिलने से क्षेत्र मे हडकम्प मच गया। वही परिजनो ने जमीनी रंजिश को लेकर दंपति सहित चार लोगों पर युवक की हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का यह भी आरोप है कि लापता होने के दूसरे दिन स्थानीय पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए युवक के हत्या की आशंका जताई थी लेकिन पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ करने के बजाय मामले में गुमशुदगी दर्ज करके मामले मे हीलाहवाली किया।

मामला असोथर थाना क्षेत्र का है प्रेममऊ कटरा निवासी हरिओम यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 21 अगस्त को सुबह करीब 10 बजे उसका 20 वर्षीय भाई देवेंद्र उर्फ धर्मेंद्र घर से बाजार के लिए कह कर निकाला था। देर शाम तक जब धर्मेंद्र वापस घर न लौटा तो चिंतित परिजनों ने उसकी तलाश शुरू किया लेकिन कुछ पता न चल सका। इसके बाद दूसरे दिन परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए असोथर थाने में नामजद तहरीर दिया। आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों से पूंछतांछ करने के बजाय गुमशुदगी दर्ज कर लिया। 28 अगस्त की देर शाम मृतक का छोटा भाई धर्म सिंह अपने धान के खेतों की ओर गया तो बगल के खेत में धर्मेंद्र का सड़ा हुआ शव पड़ा देखा। इस पर शव पड़े होने की जानकारी परिजनों को दिया।

मौके पर पहुंचे परिजनों ने धर्मेंद्र के रूप में शव की पहचान किया। मृतक के भाई हरिओम ने बताया कि कमलेश व उसकी पत्नी रामरानी गोरे व राजू सिंह से जमीन पर कब्जे को लेकर मृतक धर्मेंद्र से विवाद हुआ था। भाई की हत्या की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दिया है। मृतक के भाई हरिओम ने बताया कि सप्ताह भर के बीच उक्त आरोपियों ने धर्मेंद्र की हत्या कर शव को छिपाने के लिए धान के खेत में फेंक दिया।

# रक्षाबन्धन के चलते एक बार फिर चली खाद्य सुरक्षा जांच एक्सप्रेस

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

रक्षाबंधन पर्व मे खाद्य विभाग ने चलाया मिलावट खोरी के खिलाफ अभियान सात नमूने भरे गये। रक्षा बन्धन पर्व के अवसर पर जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा टीम जनपद के छोटी-बडी बाजारो मे छापेमारी किया और सम्बन्धित के नमूने भरे। जिससे खाद्य सामग्री विक्रेताओं में हड़कम्प मचा रहा।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 07 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किये गये एवं 25 किग्रा0 अपमिश्रित छेना को नष्ट कराया गया।

खाद्य प्रतिष्ठान जिनके नमूना जॉच हेतु संग्रहित किये गये उनमे प्रमुख रुप से राहुल कुमार, हुसेनगंज से छेना मिठाई, मिश्रा मिष्ठान भण्डार खागा, कलकत्ता स्वीट्स, बहेरा चैकी, खागा से छेना का एक नमूना संग्रहित तथा 25 किग्रा व अपमिश्रित छेना को नष्ट कराया गया। श्री राज स्वीट हाउस, हुसेनगंज से छेना मिठाई का एक नमूना संग्रहित। मुरारी स्वीट एण्ड नमकीन, खागा से खोया का एक नमूना संग्रहित, मोहम्मद साबीन, छेउका, हुसेनगंज से खोया का एक नमूना संग्रहित, मनोज कुमार, छिवलहा बाजार से पेड़ा का एक नमूना संग्रहित किया गया। वही समस्त खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने, मिलावट रहित शुद्ध एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ बेचने, व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करने तथा बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार संचालित नही करने के कड़े निर्देश दिये गये।

मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार यादव, धीरज कुमार दीक्षित, पूजा गुप्ता, अरविन्द कुमार सिंह व राम बाबू उपस्थित रहे। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार यादव, धीरज कुमार दीक्षित, पूजा गुप्ता, अरविन्द कुमार सिंह व राम बाबू उपस्थित रहे।

# माता उन्मुखीकरण में माताओं, बच्चों को शिक्षा व खेल के प्रति किया प्रेरित

**जन एक्सप्रेस | खागा, फतेहपुर**

प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर घोष-2, विकास खण्ड ऐरायां परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र में माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नोडल एआरपी सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा गाँव की माताएं तथा विद्यालय के शिक्षक व अभिभावक तथा बच्चे उपस्थित रहे। माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार द्वारा उपस्थित सभी माता अभिभावकों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात नोडल अध्यापक संतोष कुमार गुप्त द्वारा पूर्व प्राथमिक शिक्षा के महत्व एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में विद्यालय की भूमिका पर विचार



प्रस्तुत किया। बताया कि घर की वस्तुओं से कैसे हम खेल की सामग्री तैयार कर सकते हैं और खेल-खेल में बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्री निशा देवी द्वारा 52 सप्ताह के कैलेंडर को दिखाते हुए माताओं को बच्चों को सीखने-सिखाने हेतु प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी माताओं को घर में खेल-खेल में बच्चों को सीखने के लिए प्रेरित किया। एआरपी अजय सिंह द्वारा बच्चों की पूर्व प्राथमिक शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उदाहरण के माध्यम से उपस्थित माताओं को अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया गया। एआरपी डॉ अम्बिका प्रसाद मिश्र द्वारा बताया गया कि बच्चों के 80 प्रतिशत् मस्तिष्क का विकास बाल्यावस्था में ही हो जाता है। अतः हमें बाल्यावस्था से ही बच्चों को सीखने-सिखाने के लिए तैयार करना चाहिए और उन्हें प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र व विद्यालय भेजना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक ओम दत्त शुक्ल, अरुण कुमार साहू, जनक सिंह तथा माताएं सीमा देवी, फूलमती, अन्नू देवी, पुष्पा देवी, राजकुमारी देवी, मीना देवी, रूपा देवी, सुमन देवी, आशा देवी आदि उपस्थित रहीं।

उत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना
आज़ादी का अमृत महोत्सव

उप0 मु0 सिग0 एवं दू0 सं0 अभि0 / नि0–I / लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन उ.रे., चारबाग, लखनऊ–226004, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई–निविदा **एकल पैकेट प्रणाली** के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में बाराबंकी–अकबरपुर खंड के बीच दोहरीकरण के संबंध में बाराबंकी–अकबरपुर खंड में ओएफसी नेटवर्किंग उपकरणों के प्रावधान के लिए दूरसंचार कार्य। |
| 2 | पूरा होने की अवधि | 180 दिन (स्वीकृती पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 2,41,51,979.77 (रुपए दो करोड इकतालीस लाख इक्यावन हजार नौ सौ उन्यासी और सतहत्तर पैसा केवल) |
| 4 | निविदा दस्तावेज़ राशि एवं धरोहर राशि | रु. शून्य और ईएमडी राशि आईआरईपीएस पर एनआईटी में उल्लिखित |
| 5 | ऑफर की वैधता | 60 दिन निविदा खुलने की तिथि से |
| 6 | निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय | 20.09.2023 को 11:30 बजे तक आई आर ई पी एस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोलीदाता ई–टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 20.09.2023 को 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | विस्तृत ई–टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 30.08.2023 से 20.09.2023 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई–निविदा में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम–2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से ही प्राप्त नहीं किया गया है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

निविदा सूचना संख्या :– 287–सिग / सी0–I / लखनऊ / निविदा / 03 / 23 दिनांक : 28.08.2023
2675/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## 10000 का इनामिया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित, वारण्टी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्र तथा उनकी टीम द्वारा 10000 रुपये के इनामी गैंगेस्टर एक्ट के वांछित आरोपी बब्बल खान उर्फ वजहुल कमर पुत्र समसुल कमर निवासी छीतेमऊ थाना मऊ आइमा जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया। आरोपी बब्बल खान काफी दिनों से फरार चल रहा था एवं इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक महोदया ने 10000 रुपये का इनाम घोषित किया था। गिरफ्तारी के दौरान सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक शिवमणि मिश्रा, आरक्षी अमित सिंह, बब्बू राजा, पुष्पेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# आजादी के सात दशक के बाद भी मूलभूत सुविधाओं से गांव अछूता

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**

देश मे बह रही विकास की बयार से जिले का एक गांव अछूता है। जहां मूलभूत सुविधाओं से लोग तरस रहे हैं। आजादी के बाद आज देश में विकास की बात किया जाता है लेकिन यहां मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामीणों को सपना देखने जैसा प्रतीत हो रहा है।

असोथर ब्लॉक की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सरकंडी मजरे छकना का डेरा गांव की आबादी तकरीबन 500 के आस-पास है। यहाँ के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर हैं। किसी भी गांव के भविष्य और विकास के लिए सड़क और पानी सबसे मूलभूत सुविधाएं हैं लेकिन गांव की हकीकत यह है कि यहां आजादी के बाद से ही सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। हालांकि सरकार और जिले के नुमाइंदे व जनप्रतिनिधि मूलभूत सुविधाओं का दावा जरूर करते हैं। ग्रामीण लाल सिंह, भोला निषाद, राम खेलावन उर्फ बड़कू, राम दुलारी निषाद आदि का कहना है कि उनके गांव में आजादी के बाद से अब तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया।

जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, बरसात के दिनों में लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। जनप्रतिनिधियों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि जब चुनाव का समय आता है तो वोट मांगने आते हैं। बदले में आश्वासन देते हैं कि उनके और क्षेत्र के लिए विकास का काम किया जाएगा लेकिन चुनाव बीत जाने के बाद विकास तो छोड़िए कोई भी जनप्रतिनिधि गांव की तरफ पलट कर



देखने तक नहीं आता। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सड़क न होने से लोगों को कहीं भी जाने में परेशानी होती है। साथ ही स्वास्थ्य खराब होने पर मरीजों को वाहन तक पहुंचाने के लिए करीब एक किलामीटर तक कंधे या चारपाई पर लादकर मुख्य सड़क मार्ग तक पहुंचाना पड़ता है। लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में हालात बद से बदतर हो जाते है। यहां के स्कूली बच्चों को उनके अभिभावक कच्चे दलदल भरे कीचड़ युक्त रास्ते से कंधों में बैठाकर स्कूल पहुंचाते हैं। इसी से सहज ही गांव के विकास का अंदाजा लगाया जा सकता है। सड़क नहीं होने की वजह से गांव विकास से कोसों दूर है लेकिन जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का इस ओर ध्यान तक नहीं है। बीडीओ विश्वनाथ पाल ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा समस्याओं के बारे में अवगत कराया है। जांच के दौरान रास्ता किसानों की भूमिधरी में होने की बात सामने आई है। जिन किसानों की जमीने हैं उनसे बातचीत कर सड़क निर्माण का प्रयास किया जायेगा।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 19-23 अगस्त, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 34.2 (+1.3)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.4 (-0.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 80 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 70 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 10.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर -पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कानपुर के ग्रीन पार्क में टी20 मैच फिल्मी हस्तियों के संग होगा लीग का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा/ कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की ओर से प्रदेश में पहली बार होने जा रही यूपी अ20 लीग के शुभारंभ का आगाज बुधवार को फिल्मी हस्तियों के रंगारंग कार्यक्रमों के साथ होगा। उद्घाटन क्ष्ष्ष्ठ्ठ के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और क्क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी करेंगे। लीग के चेयरमैन देवेंद्र चौहान ने मंगलवार को ग्रीनपार्क के मीडिया सेंटर में हुई पत्रकार वार्ता में बताया कि यूपी लीग से क्क्रमें में क्रिकेट के नए अध्याय की शुरुआत होगी। इससे जिलों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को मंच मिलेगा। सभी 6 टीमों के खिलाड़ी शहर आ चुके हैं। लीग में विजेता टीम को एक करोड़ की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। मुकाबले से पहले उद्घाटन समारोह में टाइगर श्राफ, गदर टू की फेम अमीषा पटेल, मीत ब्रदर्स क्रिकेट प्रेमियों को फिल्मी तरानों पर झूमाएंगे। शाम 5ः30 बजे से रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। यूपी टी20 लीग में पहले सीजन 6 टीमें हैं। इन टीमों के नाम कानपुर सुपरस्टार्स, नोएडा सुपर किंग्स, गोरखपुर लायंस, लखनऊ फाल्कंस, काशी रुद्रास और मेरठ मावेरिक्स हैं। पहले सीजन की शुरुआत 30 अगस्त को कानपुर और नोएडा के बीच खेले जाने वाले मैच से होगी।

**ये है यूपी टी20 लीग का शेड्यूल, किसके बीच होगा मुकाबला**

| तारीख | टीमें | समय | तारीख | टीमें | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 30 अगस्त | कानपुर बनाम नोएडा | 7 :30 बजे | 8 सितम्बर | मेरठ बनाम कानपुर | 3 :30 बजे |
| 31 अगस्त | गोरखपुर बनाम लखनऊ | 3 :30 बजे | 8 सितम्बर | नोएडा बनाम गोरखपुर | 7 :30 बजे |
| 31 अगस्त | काशी बनाम मेरठ | 7 :30 बजे | 9 सितम्बर | मेरठ बनाम काशी | 3 :30 बजे |
| 1 सितम्बर | गोरखपुर बनाम नोएडा | 7 :30 बजे | 9 सितम्बर | लखनऊ बनाम कानपुर | 7 :30 बजे |
| 2 सितम्बर | लखनऊ बनाम नोएडा | 3 :30 बजे | 10 सितम्बर | नोएडा बनाम लखनऊ | 3 :30 बजे |
| 2 सितम्बर | कानपुर बनाम काशी | 7 :30 बजे | 10 सितम्बर | मेरठ बनाम गोरखपुर | 7 :30 बजे |
| 3 सितम्बर | मेरठ बनाम गोरखपुर | 3 :30 बजे | 11 सितम्बर | कानपुर बनाम काशी | 3 :30 बजे |
| 3 सितम्बर | कानपुर बनाम लखनऊ | 7 :30 बजे | 11 सितम्बर | मेरठ बनाम नोएडा | 7 :30 बजे |
| 4 सितम्बर | कानपुर बनाम गोरखपुर | 3 :30 बजे | 12 सितम्बर | लखनऊ बनाम काशी | 3 :30 बजे |
| 4 सितम्बर | काशी बनाम लखनऊ | 7 :30 बजे | 12 सितम्बर | कानपुर बनाम गोरखपुर | 7 :30 बजे |
| 5 सितम्बर | नोएडा बनाम मेरठ | 3 :30 बजे | 13 सितम्बर | गोरखपुर बनाम काशी | 3 :30 बजे |
| 5 सितम्बर | काशी बनाम गोरखपुर | 7 :30 बजे | 13 सितम्बर | मेरठ बनाम लखनऊ | 7 :30 बजे |
| 6 सितम्बर | नोएडा बनाम काशी | 3 :30 बजे | 14 सितम्बर | काशी बनाम नोएडा | 7 :30 बजे |
| 6 सितम्बर | लखनऊ बनाम मेरठ | 7 :30 बजे | 15 सितम्बर | सेमीफाइनल मुकाबला | 3 :30 बजे |
| 7 सितम्बर | नोएडा बनाम कानपुर | 3 :30 बजे | 15 सितम्बर | सेमीफाइनल मुकाबला | 7 :30 बजे |
| 7 सितम्बर | लखनऊ बनाम गोरखपुर | 7 :30 बजे | 16 सितम्बर | फाइनल मुकाबला | 7 :30 बजे |

## बच्चों ने स्वयं की राखी बनाकर प्रदर्शनी लगाई

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कंपोजिट विद्यालय मॉडल प्रेम नगर में मंगलवार को विद्यालय के बच्चों ने स्वयं राखी बनाकर उसकी प्रदर्शनी लगाई जिसका उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कानपुर नगर सुरजीत कुमार सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों से राखी बंधवाई तथा उनको उपहार भी दिए। जिला डी.सी.उषा दिवाकर, बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी संगठन के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद परवेज आलम ने बच्चों से राखी लेकर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालयों के शिक्षक संजय निगम, रजनीश कुमार, मनोरमा, अलका त्रिपाठी, मरियम जमीला सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बच्चों द्वारा तैयार की गई राखी लेकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

# मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों/संकायो के मध्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बताते चले कि मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी ने छात्र - छात्राओं को मेजर ध्यानचंद द्वारा किए गए कार्यो से प्रेरणा लेने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 1335 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं टग आफ वार, योगा, वालीबॉल, फुटबाल, बास्केटबाल, कबड्डी, खो-खो, बेडमिन्टन खेलो मे भाग लिया। खेलों का प्रारम्भ टग आफ वार शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर वर्ग से किया गया, जिसमें शिक्षक वर्ग विजेता रहा। वालीबॉल पुरूष वर्ग में 8 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें स्कूल ऑफ टीचर एजुकेशन 11-08-11 अंको से स्कूल ऑफ फार्मेसी को हराकर विजेता बनी। वही महिला वर्ग में स्कूल ऑफ टीचर एजुकेशन विजेता रहीं। इस अवसर पर विभाग के सभी खेल प्रशिक्षक एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# एक सैकड़ा बच्चों को जल ज्ञान यात्रा के माध्यम से दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा**



**कानपुर नगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन, हर घर जल योजना के अंतर्गत मंगलवार को विकास खण्ड पतारा के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 100 बच्चों को जल ज्ञान यात्रा के अंतर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, जल निगम कानपुर ग्रामीण एवं महलवाला इंटरनेशनल एजूकेयर सर्विसेस के सहयोग से शैक्षिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने कल्याणपुर स्थित रेन वाटर हार्वेस्टिंग थीम पार्क में जल संचय एवं प्रबंधन, गुजैनी स्थित जल परीक्षण प्रयोगशाला में पानी की शुद्धता जाँच संबंधित एवं मगरासा गाँव स्थित नवनिर्मित सोलर पैनल युक्त पानी की टंकी के विषय मे जानकारियां प्राप्त की। बीएसए सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों में जल संकट के प्रति जागरूकता तथा उन्हें जल संचय तथा जल प्रबंधन के साथ साथ जल परियोजनाओं के बारे में जागरूक कराना है।कार्यक्रम का शुभारंभ पतारा ब्लॉक प्रमुख कोमल सिंह, जल निगम कानपुर ग्रामीण के अधिशाषी अभियंता पातीराम व बीईओ सत्य प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीपीएमयू, जिला समन्वयक प्रवीन पाण्डेय, प्रबोध सिंह, अनिरुद्ध सिंह, वीरेंद्र, रंजीत, इंदीवर त्रिपाठी, शेखर यादव आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बघारा सनिगवां की अलंकृति विधायक को राखी बांधकर उपहार में मांगेंगी ट्रांसफार्मर व बिजली



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** रक्षाबंधन जिसमें बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र राखी बांधकर अपनी रक्षा करने के लिए वचन मांग थी है। बुधवार की सुबह 11:00 बजे सनिगवां बघारा की 6 साल की छोटी बच्ची अलंकृति बिठूर विधायक अभिजीत सांगा को बिठूर में जाकर राखी बांधकर उपहार में क्षेत्र में कई सालो से बिना बिजली के रह रहे लोगों के लिए उपहार में क्षेत्र में ट्रांसफार्मर और बिजली की मांग करेंगी। नन्ही अलंकृति के साथ यश अस्थाना ,अजय सिंह, बलवंती सिंह, अरविन्द यादव, मनोज, मन्नू पंडित, अमित शर्मा, सरोज आदि जाएंगे।

### दूसरे दिन भी नहीं मिला उज्वल का शव





**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** जल पुलिस ने बिठूर के सुंदर घाट पर सोमवार को गंगा में डूब रही बहन साक्षी को बचाने में गंगा में डूबे मंधना बहलोलपुर निवासी उज्वल दुबे उम्र 13 वर्ष की मंगलवार को भी बिठूर से लेकर अटल घाट गंगा बैराज तक स्टीमर से तलाश की। उज्जवल का शव को ढूंढने में सफलता हाथ नहीं लगी है। उज्वल के पिता राजीव दुबे, माता ज्योति दुबे और सगी बहन आयुषी अन्य रिश्तेदार खुद दूसरे स्टीमर से गंगा में उज्वल को ढूढते हुए नजर आए। गंगा के किनारे लगी झाड़ियों और बड़ी घास में ढूढा गया। लेकिन उज्वल का कुछ पता नही चला।हादसे में चचेरी बहन साक्षी दुबे उम्र 23 वर्ष की जान किनारे बैठे सुनील शुक्ला ने खुद कर बचा ली गयी थी। रात को साक्षी को सांस लेने में तकलीफ होने पर उसे दोबारा अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के बाद उसे फिर से घर वापस भेजा गया। घटना से सभी गांव वाले स्तब्ध है।

### आपसी रंजिश में युवक को मारी गोली

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** थाना कल्याणपुर क्षेत्र स्थित अशोक नगर निवासी नितिन गौड़ उर्फ गोलू कल्याणपुर पनकी रोड स्थित पिज़्ज़ा प्वाइंट में काम करता है। रात 12 बजे घर लौटने पर साहब नगर गली के पास पहले से घात लगाए बैठे अजय यादव ,मोहित और बेटू ने नितिन गौड़ के साथ गाली गलौज करनी आरम्भ कर दी। विरोध करने पर तमंचे से फायर करते हुए तीनों तमंचा लगाते हुए बाइक से मौके से फरार हो गए। घायल नितिन उर्फ गोलू घायल अवस्था में थाने पहुंचा इसके बाद पुलिस उसे इलाज के लिए कल्याणपुर सीएससी लेकर आई जहां से उसे उर्सला के लिए रेफर कर दिया गया है। सूत्रों की मानें तो दो दिन पहले नितिन गौड़ का साहब नगर निवासी शकील और उसके साथियों के साथ झगड़ा हुआ था। नितिन और एक दर्जन लड़को ने मिलकर मोहित ,और बेटू के साथ मारपीट की थी। इसी का बदला मोहित बेटू और अजय यादव ने गोली मारकर लिया है। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया है वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** रावतपुर थाना क्षेत्र में मगंलवार दोपहर एक युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। घर वालों ने देखा तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के बड़े भाई अमित ने बताया कि घर में पुताई का काम चल रहा है। बहन चांदनी ऊपर मंजिल में बने कमरे में गई थी। काफी देर तक कमरे से नहीं निकली तो आवाज लगाई।अंदर से कोई आवाज नहीं आने पर खिड़की से झांक कर देखा तो बहन चांदनी फांसी पर झूल रही थी। किसी तरह दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए तो देखा बहन कमरे में लगे जंगले से दुपट्टे के सहारे फांसी पर झूल रही थी। पुलिस को सूचना दी। बताया कि मसवानपुर में बहन की शादी पक्की हो चुकी थी। 3 दिसंबर को बहन की शादी थी। बहन ने फांसी किस वजह से लगाई उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

### जनता की परेशानियों से एमडी मेट्रो को कराया रूबरू



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** उत्तरप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मगंलवार को लखनऊ विधानसभा कार्यालय कक्ष में बुलाकर उत्तर प्रदेश मेट्रो के एमडी सुशील कुमार को कानपुर मेट्रो निर्माण कार्य से हो रही जनसमस्याओं से अवगत कराया और मेट्रो के गुणवत्ता और प्रगति को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए कानपुर वासियो विभिन्न समस्याओं से निजात दिलाने के साथ कानपुर के निवासियो को शीघ्र बेहतर मेट्रो देने के लिए कहा है।

# मधुमक्खियों के शत्रु का प्रबंधन विषय पर दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनन्द कुमार सिंह द्वारा जारी निर्देश क्रम में मंगलवार को विश्वविद्यालय के थरियांव स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. जगदीश किशोर ने मधुमक्खियों के शत्रु का प्रबंधन विषय पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मधुमक्खियों के प्रमुख शत्रु ततैया,चीटियां,छिपकली, मेंढक,गिरगिट, चीटियां एवं पतंगा कीड़ा वर्षा ऋतु में मधुमक्खियों को ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने बताया कि छत्तों में जाले लग जाने से रानी मक्खी अंडे देना बंद कर देती है। जिसके नियंत्रण के लिए सल्फर या एथिलीन डाई ब्रोमाइड से धूमन करना चाहिए। उन्होंने बरसात के मौसम में चीटियों की रोकथाम के लिए मौन ग्रह के पायों को पानी भरी प्यालियों में रखने तथा बक्सों के आसपास जगह को साफ सुथरा रखने व चीटियों ने कॉलोनी बना ली हो तो उसे नष्ट करने की सलाह दी। डॉक्टर जगदीश ने बताया कि मधुमक्खियों को बरसात के समय हरी चिड़िया के नुकसान से बचाने के लिए बक्से रखे हुए स्थान के पेड़ पर चिड़ियों को न बैठने दें। उन्होंने कहा कि बरसात में इन बातों का ध्यान रखने पर मौन पालक अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं।

# कटरी क्षेत्र में गंगा का जलस्तर घटा, बाढ़ क्षेत्र में जानलेवा बीमारी फैलने का खतरा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

गंगा का जलस्तर अब तेजी से घटता जा जा रहा है। लेकिन गंगा के जलस्तर के घटना के बाद अब बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जानलेवा बीमारियों के फैलने के खतरे को लेकर ग्रामीण परेशान है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संक्रामक रोगों के होने की संभावना बढ़ती जा रही है। बैराज और ख्यौरा कटरी से जुड़े बाल प्रभावित क्षेत्र में कहानी-कहानी पानी अभी भी कमर के बराबर है। तो कहीं बहुत तेजी से सूख रहा है। जिसकी वजह से बाढ़ प्रभावित गांव में जहां देखो तहां गंदगी ही गंदगी है। गंदगी को देखते हुए राजस्व विभाग व ब्लॉक स्तर पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ा दी गई है। पूर्व प्रधान अशोक कुमार निषाद ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बीमारियां फैलने शुरू हो गई है। और इन बीमारियों का निशान ज्यादातर बच्चे और बुजुर्ग बना रहे हैं। जिला प्रशासन के द्वारा प्रतिदिन बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीम को लगाकर बीमार बच्चों व बुजुर्गों का इलाज किया जा रहा है साथ ही साथ निशुल्क दवाइयां का वितरण भी किया जा रहा है। जिन गांवों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा है वहां पर मच्छरों की संख्या बढ़ गई है। जिला प्रशासन द्वारा पानी की जांच कराई जानी चाहिए यह संभावना है कि पानी में मच्छरों के लार्वा हो। भोपाल पुरवा के रहने वाले रमेश निषाद की माने तो जिला प्रशासन बाढ़ के बाद से ही लगातार बाल प्रभावित क्षेत्र में युद्ध स्तर पर ग्रामीणों की मदद में रात दिन एक किए हुए हैं। जिस प्रकार गांव के बाहर अभी भी गंगा का पानी भरा हुआ है ऐसी स्थिति में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हैजा मलेरिया टाइफाइड और डेंगू जैसी खतरनाक बीमारियां पर पसार सकती हैं।

**✻ जिन गांवों में अभी भी बाढ़ का पानी भरा है वहां पर मच्छरों की संख्या बढ़ गई है**

# दशकों से जमे घूसखोर कर्मचारियों पर आवास एवं विकास परिषद मेहरबान

**जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी**

**कानपुर नगर।** लगभग सभी विभाग में घूसखोर कर्मचारियो का बोलबाला है।ज्यादातर विभागो के अधिकारियों की सहकर्मी भी इन कमाऊ पूतो के सहारे ही चल रही है।इन्ही विभागों में एक विभाग आवास एवं विकास परिषद भी है।यहां पर दशकों से जमे कर्मचारी खुलेआम वसूली में लिप्त है ,अक्सर गरीब एवं छोटे दुकानदारों पर इनकी गाज गिरती है।इनके इशारों पर ही आवास विकास का बुलडोजर गरीबो के आशियाने और छोटे दुकानदारों पर गरजता है ।हालांकि इनका वश सड़क पर खुलेआम अतिक्रमण कर पक्के निर्माण करने वालो नही चलता।सूत्र बताते है कि ऊंची पहुच और रसूख वालो से इन्हें उसी तरह से डर लगता है जैसे एक सर्प से इंसान डरता है और इंसानों से सर्प डरता है।वसूली का आलम ये है कि जो दुकानदार इन्हें प्रति माह चढ़ावा नही चढ़ाता उसपर कार्यवाई तय हो जाती है। यही कारण है कि कल्यानपुर में खुलेआम अवैध सब्जी मंडी गुलजार है और सब्जी मंडी के सामने ही प्रताप एजुकेशन प्रबंधन द्वारा सड़क पर अतिक्रमण कर दीवार का निर्माण भी करा दिया गया। सूत्र बताते है कि सब्जी मंडी से प्रतिमाह मोटी रकम सालों से जमे कर्मचारियो के माध्यम से अधिकारियों की टेबल तक पहुचती है ।इसके अलावा आवास एवं विकास परिषद के इलाके में अवैध निर्माण भी इन कर्मचारियो की शह पर धड़ल्ले से चल रहे है।शिकायतो के बाद भी इन अवैध निर्माणों पर आवास एवं विकास परिषद के अधिकारी कार्यवाई नही करते।जिससे साफ तौर पर पता चलता है कि दाल में कुछ काला नही बल्कि पूरी दाल ही काली है। जन एक्सप्रेस अखबार में अगले अंक में भ्रष्ट कर्मचारियों के नाम प्रकाशित किए जायेंगे।

# पांचों विधानसभा क्षेत्र के 344 मतदान केंद्रो पर सपा चलाएगी जनसंपर्क आभियान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के पदाधिकारियों जोनल सेक्टर तथा वार्डो के अध्यक्ष तथा प्रबुद्ध वर्ग एवं फ्रंटल के प्रमुखों की एक बैठक महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय नवीन मार्केट में संपन्न हुई जिसका संचालन महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया । बैठक को संबोधित करते हुए सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सपा नगर लोकसभा क्षेत्र की पांचो विधानसभा क्षेत्र के 344 मतदान केंद्रो पर जनसंपर्क अभियान चलाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव की आर्थिक नीतियों से मतदाताओं को अवगत कराकर 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाओ तथा युवा पीढ़ी को मतदाता बनाकर वोट के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने आगे कहा कि रक्षाबंधन जन्माष्टमी सहित अन्य त्योहार आ रहे हैं लेकिन बिजली की सप्लाई में बाधा के साथ गंदगी से टीवी बुखार डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ रही है दावों के मूल्यो में वृद्धि हो रही है लेकिन सरकार जनमानस की समस्याओं की अनदेखी कर रही है सरकार ने जनता से किया एक वायदे पूरे नहीं किये जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद पार्टी की वरिष्ठ नेता के के शुक्ला नगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू उपाध्यक्ष सत्यनारायण गहरवार अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुमताज मंसूरी आकाश यादव इमरान खान जखी उद्दीन शोएब मंसूरी महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर रमेश यादव मोनू विश्वकर्मा श्याम सिंह यादव बबलू अभय कुशवाहा मयंक सोनकर नौशाद अंसारी मोहम्मद सफ़ी खान गोपाल गुप्ता संजय निषाद आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# खाकी धारियों को छात्राओं ने राखी बांध मांगा सुरक्षा का वचन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर में बीते दिन मंगलवार को एक अनोखा दृश्य देखने को मिला जहां एक निजी विद्यालय की छात्राओं ने खाकी धारियों को रक्षा सूत्र बांधकर उनसे खुद की सुरक्षा का वचन लिया। मंगलवार की सुबह रावतपुर क्षेत्र में स्थित एक निजी विद्यालय यूसी मेमोरियल स्कूल की छात्राएं जब विश्विद्यालय स्थित एडीसीपी कार्यालय के बाहर पहुंची तो सभी हैरान हो गए। बच्चियों के साथ आए स्कूल के लोगों ने जब अधिकारियों को राखी बांधने की बात बताई तो एडीसीपी लखन यादव ने सभी को अपने कार्यालय के अंदर बुलवाया और सम्मान सहित बैठाया। जिसके बाद स्कूली छात्राओं ने एक कर लखन यादव और एसीपी विकास कुमार पांडेय को राखी बांध कर मिठाई खिलाई। वहीं अधिकारियों ने बच्चियों को उपहार दिए जिसे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बढ़ गई। एडीपीसी लखन यादव ने स्कूल की प्रबंधक दीपिका श्रीवास्तव को शुक्रिया कहा।

# दिहाड़ी मजदूर के हत्यारों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस**
**खबर का असर**


**कल्याणपुर पुलिस की लापरवाही से मजदूर की हत्या के बाद लावारिस में हुआ अन्तिम संस्कार**

**कानपुर नगर।** एक बार फिर से जन एक्सप्रेस की खबर का बड़ा असर हुआ है। जन एक्सप्रेस ने अपने बीते 27 अगस्त के अंक में एक मजदूर की हत्या उसके ठेकेदार द्वारा किए जाने के संबंध में खबर का प्रकाशन किया था। जन एक्सप्रेस में खबर प्रकाशित होने के बाद पुलिस प्रशासन जागा और आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की गई है। आपको बताते चलें कि थाना कल्याणपुर क्षेत्र में रहने वाले प्रताप सिंह का पुत्र अरुण कुमार राजपूत जो राजमिस्त्री का काम करता था। बीती 6 जुलाई को जब अरुण अपने घर से निकला तो वापस नहीं आया इसके बाद पिता ने 10 जुलाई को थाना कल्याणपुर में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। आरोप है कि कल्याणपुर पुलिस ने काफी लापरवाही बरती जिस कारण प्रताप सिंह के बेटे की हत्या उनके बेटे के ठेकेदार दीपू उसके भाई सर्वेश, दीपक, पिंटू, दीपू की पत्नी ऊषा देवी निवासी जुगराजपुर मजरा अंतर्गत शिवली कानपुर देहात के द्वारा कर दी गई थी। इस मामले में सबसे पहले घटना का खुलासा जन एक्सप्रेस ने किया था जिसके बाद संज्ञान लेते हुए कानपुर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है।

## कानपुर कचहरी में आज हड़ताल

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** हापुड़ कांड को लेकर कानपुर कचहरी के अधिवक्ता आज न्यायिक कर से विरत रहेंगे। जानकारी देते हुए बताया गया है कि जनपद हापुड़ में अधिवक्ताओं और खास करके महिला अधिवक्ताओं पर स्थानीय पुलिस द्वारा बर्बरता से लाठीचार्ज किया गया है। इस संबंध में हापुड़ जिला बार एसोसिएशन ने जनपद में न्याय कार्य से विरत रहने के साथ-साथ सभी बार एसोसिएशन से सहयोग मांगा है जिस कारण आज कानपुर नगर के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

## फास्ट फॉरवर्ड

### रेरा ने दिलाया कब्जा और देरी पर ब्याज

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** रेरा कंसिलिएशन फोरम ने प्रोमोटर 'मेसर्स बी.सी.सी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. गाज़ियाबाद स्थित 'भारत सिटी 2' परियोजना के एक आवंटी मनोज कुमार सहगल को उनकी इकाई का कब्जा तथा कब्जा मिलने में हुई देरी के लिए ब्याज दिलवाया और विवाद का समाधान करा दिया। दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति से हुए समझौते के अनुसार आवंटी को तय समय से लगभग 6 वर्ष बाद इकाई का कब्जा मिला, कब्जे में विलम्ब के कारण प्राप्त होने वाली ब्याज की राशि का समायोजन एक वर्ष के अग्रिम रख-रखाव शुल्क तथा इकाई का प्रथम हस्तांतरण निःशुल्क करना निश्चित हुआ और इसके उपरान्त शेष राशि रुपये 75 हजार प्राप्त हुआ। इकाई का कब्जा प्राप्त होने तथा विवाद का समाधान होने से सन्तुष्ट आवंटी ने उ.प्र. रेरा के प्रयासों की सराहना की।'एग्रीमेन्ट फॉर सेल' के अनुसार आवंटी ने प्रोमोटर की परियोजना में अप्रैल 2014 में एक इकाई बुक की थी। लगभग 27 लाख 65 हजार की लागत वाले इकाई के लिए आवंटी ने लगभग 26 लाख 66 हजार का भुगतान कर दिया था जिसका कब्जा अप्रैल 2017 में प्राप्त होना था। लेकिन तय समय तक इकाई का कब्जा न मिलने, अंतिम मांग राशि तथा विलंबित अवधि के ब्याज का समाधान न प्राप्त होने पर आवंटी ने 2021 में रेरा में शिकायत दर्ज की थी। सुनवाई में पारित आदेश आवंटी के पक्ष में आया था जिसका अनुपलान प्रोमोटर द्वारा किया जाना था। आवंटी ने पारित आदेश का कार्यान्वन सुनिश्चित करवाने हेतु पोर्टल पर ऑनलाइन 'आदेश का अनुपालन कराने का अनुरोध' दर्ज किया था। मामले में अग्रिम सुनवाई करते हुए प्राधिकरण को अवगत हुआ कि प्रोमोटर ने आवंटी को कब्जा देने का प्रस्ताव दिया था लेकिन शुल्कों का समायोजन नहीं किया था जिससे लिए आवंटी ने शुल्कों की गणना कराने तथा समझौते से समाधान कराने का अनुरोध किया था और इस प्रकार मामला कंसिलिएशन फोरम में आपसी सहमति से समझौते हेतु हस्तांतरित किया गया था।

### लखनऊ मण्डल के 16 मार्गों हेतु 05 करोड़ अवमुक्त

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राज्य सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत लखनऊ मण्डल केविभिन्न जनपदों के 16 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 05 करोड़ 58 लाख 03 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश के अनुसार 16 चालू कार्यों में खीरी व उन्नाव के 06-06,लखनऊ के 02 तथा उन्नाव व रायबरेली के 01-01 कार्य शामिल हैं। शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं किआवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2024 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2024 तक उपलब्ध कराया जाय।

### 14 मार्गों हेतु 02 करोड़ 92 लाख 94 हजार अवमुक्त

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत मुरादाबाद मण्डलके विभिन्न जनपदों के 14 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 02 करोड़ 92 लाख 94 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया है। शासनादेश के अनुसार 14 चालू कार्यों में जनपद अमरोहा के 09 तथा रामपुर के 05 कार्य शामिल हैं। शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2024 तक कर लिया जायएवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

### नवदीप रिणवा ने संभाला मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यभार

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशो के क्रम में नवदीप रिणवा ने मंगलवार को अपराह्न में सचिव, निर्वाचन विभाग एवं यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इसके पहले नवदीप रिणवा अलीगढ़ मण्डल के आयुक्त रहे हैं। नवदीप रिणवा ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों से मुलाकात की और कार्यालय के कार्यों के बारे में जानकारी ली।

### पशुपालन विभाग को मिला देश का प्रतिष्ठित एस्काच अवार्ड

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** पशुओं में लम्पी स्किन बीमारी एलएसडी के प्रभावी कन्ट्रोल हेतु उत्तर प्रदेश के पशुपालन विभाग को देश का प्रतिष्ठित स्कॉच एवार्ड गोल्ड प्राप्त हुआ है, जिसे गत 26 अगस्त को पशुपालन विभाग के निदेशक डा इन्द्रमनि ने दिल्ली में प्राप्त किया। डॉ इंद्रमणि ने मुख्यमंत्री ,पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह एवम अपर मुख्य सचिव, पशुधन डॉ रजनीश दुबे के मार्गदर्शन और नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने इस पुरस्कार के लिए पशुपालन विभाग का प्रतिनिधित्व करने पर गौरवान्वित महसूस करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। पिछले वर्ष लम्पी स्किन बीमारी निकटवर्ती अन्य प्रदेशो के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में भी पैर पसार रही थी, परन्तु पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह व अपर मुख्य सचिव, पशुधन, डा रजनीश दुबे के कुशल मार्गदर्शन में 9 सदस्यों की टीम बनाकर 1.90 करोड़ गोवंशों की सुरक्षा बीमारी से की गयी जिसके फलस्वरूप गोवंशों की मृत्यु अन्यप्रदेशों की तुलना में न्यूनतम हुई।कार्यकुशलता को रेखांकित करते हुए स्कॉच एवार्ड कमेटी ने उत्तर प्रदेश, पशुपालन विभाग को स्काच अवार्ड गोल्ड से सम्मानित किया।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो में दुनिया के 10 स्पेशल इकॉनमिक रीजंस से जुटेंगे बायर्स, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

आगामी 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए इंटरनेशनल बायर्स में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 अगस्त तक 400 से अधिक बायर्स ने अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है और आयोजन की शुरुआत होते-होते इसमें और अधिक इजाफा होने की संभावना है। ये बायर्स न सिर्फ इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संभावनाओं पर भी काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आगामी 21 सितम्बर को इस इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगी।



### पूरी दुनिया से मिल रहा है रिस्पॉन्स

यूरोप से कुल 15 देशों के 60 बायर्स ने रजिस्ट्रेशन के माध्यम से इंटरनेशनल ट्रेड शो में भागीदारी सुनिश्चित कर दी है। इसके अलावा वेस्ट एशिया नॉर्थ अफ्रीका (वाना) रीजन से 11 देशों, कॉमनवेल्थ ऑफ इंडिपेंडेंट स्टेट्स (सीआईएस) के 6 देशों और साउथ ईस्ट एशिया (एसईए) के 4 देशों से 50-50 बायर्स ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके अलावा अफ्रीका के 11 देशों से 41 बायर्स भी इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेने आ रहे हैं, वहीं लैटिन अमेरिका एंड द कैरेबियन (एलएसी) के 8 देशों और साउथ एशिया (एसए) के 4 देशों से 38-38 बायर्स ने आने की पुष्टि कर दी है। अन्य रीजंस और देशों की बात करें तो नॉर्थ ईस्ट एशिया (एनईए) के 3 देशों से 28 बायर्स, नॉर्थ अमेरिका फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (नाफ्टा) के 3 देशों के 18 बायर्स और साउथ पैसिफिक ओशन में स्थित आइसलैंड के समूहों ओशनिया के एक देश के 3 बायर्स इस भव्य शो के साक्षी बनने जा रहे हैं। ट्रेड शो की शुरुआत तक इस संख्या में और अधिक इजाफा होना तय है।

### ये देश बनेंगे इंटरनेशनल ट्रेड शो का हिस्सा

यूरोप के जिन देशों के बायर्स ने इंटरनेशनल ट्रेड शो में आने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है, उनमें ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, इटली, माल्टा, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, यूके, रोमानिया, बुल्गारिया, स्वीडन और रिपब्लिक ऑफ मोलडोवा शामिल हैं। इसी तरह, सीआईएस से अजरबैजान, बेलारूस, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान, जबकि एलएसी से अर्जेंटीना, ब्राजील, चिली, डोमिनिकन रिपब्लिक, एल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, पेरू और उरूग्वे जैसे देशों के बायर भी होंगे। नाफ्टा से यूएसए, कनाडा, मेक्सिको के बायर्स ने आने की पुष्टि की है तो एनईए से साउथ कोरिया, जापान और चीन के बायर्स भी आने को तैयार हैं। ओशनिया से ऑस्ट्रेलिया तो एसए से बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका के बायर्स भी आ रहे हैं। इसी तरह एसईए से इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस और वियतनाम, वाना से अल्जीरिया, बहरीन, इजिप्ट, इथियोपिया, ईराक, जॉर्डन, कुवैत, मोरक्को, ओमान, सऊदी अरब और यूएई के बायर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। अफ्रीका से साउथ अफ्रीका, बोत्सवाना, घाना, केन्या, नाइजीरिया, सेनेगल, बेनिन, तंजानिया, युगांडा और जांबिया जैसे देशों के बायर भी 21 से 25 सितंबर तक इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनने जा रहे हैं।

### उत्तर प्रदेश के उत्पादों को मिलेगा वैश्विक मंच

यह अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो, उत्तर प्रदेश के बड़े उद्योगों, आईटी/आईटीईएस, एमएसएमई, स्टार्ट अप, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन व संस्कृति, ऊर्जा, ओडीओपी जैसे सेक्टरों के उद्यमियों, आंत्रप्रेन्योर, विनिर्माताओं और निर्यातकों के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। पूरी दुनिया से आ रहे ये बायर्स उत्तर प्रदेश के उत्पादों को देखेंगे और इन्हें ग्लोबल लेवल पर स्थापित करने के लिए एक मंच उपलब्ध कराएंगे। इनके माध्यम से उत्तर प्रदेश के उद्यमी, आंत्रप्रेन्योर, विनिर्माता और निर्यातक अपने उत्पादों की वैश्विक स्तर पर मार्केटिंग और ब्रांडिंग कर सकेंगे। ऐसे में इन बायर्स को प्रदेश के उत्पादों के साथ ही यहां की संस्कृति और संस्कारों के भी दर्शन कराए जाएंगे। ये बायर्स उत्तर प्रदेश के अद्भुत क्राफ्ट, कुजीन और कल्चर से जुड़ंगे। उन्हें सभी 5 दिन उत्तर प्रदेश की कला संस्कृति को प्रदर्शित करती हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भी रूबरू होने का अवसर प्राप्त होगा।

# आयुष मंत्री ने की आयुष मिशन एवं यूनानी विभाग की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एमओएस डा दयाशंकर मिश्र दयालु आज विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयुष मिशन में एवं यूनानी विभाग की समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि आयुष अस्पतालों के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करायें। उन्होंने आयुष अस्पतालों के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने संबधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिये हैं। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। आयुष मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जर्जरअस्पतालों की सूची बनाकर मुख्यालय को अवगत करायें ताकि उन पर प्राथमिकता पर कार्य कराया जाए। जनपदों में आयुष विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कराने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। डा दयालु ने अधिकारियों को निर्देश देतु हुए कहा कि जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उनको पूरी तरह से संतुष्ट होने पर ही लिया जाए। उन भवनों के निर्माण कार्य

**✻ आयुष अस्पतालों के निर्माण कार्यों में लापरवाही न बरतें : दयालु**



में कोई कमी न होने पाये। उन्होंने सभीअस्पतालों में पानी की व्यवस्था को शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन अस्पतालों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा उनका लोकार्पण प्राथमिकता पर करायें ताकि इसका लाभ आमजनता को मिल सके।आयुष मंत्री ने कहा कि आयुष के सभी अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थित अनिवार्य रूप से वीडियोकालिंग के माध्यम से सुनिश्चित करायी जाए। इसकी मॉनिटरिंग के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाए। कालेजों की पुस्तकालय की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जाए।उन्होंने प्रयागराज के हडिया में लड़कों के लिए छात्रावास बनाये जाने के निर्देश दिये। दयालु ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आयुष अस्पताल में दवा की कमीन होने पाये। उन्होंने कहा कि लाइफ सेविंग ड्रग्स की सूची बनाकर अस्पतालों में दवाईयॉ उपलब्ध करायें। जिससे कि इमरजेन्सी समय में मरीजों के काम आ सके। आयुष विभाग का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर कराया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष के मेडिकल कालेजों में विशेषज्ञों द्वारा सेमिनार का आयोजन करायें एवं छात्रों को और अधिक जानकारी के लिए उन्हें प्रदेश के बाहर के संस्थानों का भ्रमण करायें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आयुष अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड के उपयोग की व्यवस्था के लिए कार्यवाही करायें। आयुष विभाग के प्रमुख सचिव लीना जौहरी ने आयुष विभाग की योजनाओं के विषय में मंत्री को विस्तार से अवगत कराया। उन्होंनेमंत्री को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जायेगा। समीक्षा बैठक में आयुष मिशन के निदेशक महेन्द्र वर्मा, विशेष सचिव आयुष हरिकेश चौरसिया, निदेशक यूनानी डा अब्दुल वाहिद सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जाम की समस्या से निजात दिलाएगा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, सीएम योगी जल्द करेंगे शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के शहरों को जाम मुक्त बनाना योगी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। वह समय समय पर इसको लेकर संबंधित विभाग को दिशा निर्देश भी देते रहते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यातायात निदेशालय ने पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग) में सेंट्रल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने जा रहा है, जहाँ से प्रदेश के मुख्य शहरों में लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाई जाएगी। इसकी स्थापना का काम तकरीबन पूरा हो चुका है। एडीजी यातायात के अनुसार जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसका शुभारंभ किया जाएगा। एडीजी यातायात बीडी पॉल्सन ने बताया कि कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को प्रदेश के ऐसे बड़ों शहरों के एंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) से जोड़ा जा रहा है, जहां के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है। गूगल मैप के जरिए जाम वाले इलाकों को चिन्हित कर उनके बारे में तत्काल स्थानीय यातायात पुलिस के अधिकारियों को सूचित किया जाएगा। साथ ही, जाम खत्म करने के तरीकों के बारे में मुख्यालय स्तर से दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। इससे जुटाए गये डाटा का विश्लेषण कर पता लगाया जाएगा कि किस सड़क पर किस वक्त जाम लगता है। इससे जाम के कारणों का पता लगाना आसान होगा।

# वैदेही वेलफेयर फाउंडेशन ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**✻ डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी सहित कई हस्तियों को किया गया सम्मानित**

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आदर्श गौरव सम्मान 2023 का आयोजन यू.पी. प्रेस क्लब में किया गया।उक्त कार्यक्रम सुप्रसिद्ध होमियोपैथ चिकित्सक डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी के सम्मान में आयोजित था।इस अवसर पर आयोजक डॉक्टर रूबी राज सिन्हा व प्रशांत प्रवीण सिन्हा तथा संयोजक अब्दुल वहीद व परवेज़ अखूतर ने डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी को स्मृति चिन्ह,बुके देकर ,शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी का हाल में मलेशिया में चिकित्सा सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया था। उनकी लखनऊ वापसी पर सम्मान मिलने की खुशी में एक शाम डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी जी के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों मौजूद रही।इस अवसर पर उनका भी सम्मान किया गया।समारोह का कुशल संचालन एंजेल प्रवीन सिन्हा और विजय कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर




साहित्यकार पद्मश्री डॉक्टर विद्या बिन्दु सिंह, समाजसेवी मुरलीधर आहुजा,डॉ सुल्तान शाकिर हाशमी, संतोष श्रीवास्तव,अब्दुल वहीद,सुशील दुबे, अज़ीज़ सिद्दीकी,अजय वर्मा, आरिफ मुकीम,जितेंद्र कुमार खन्ना, मोहम्मद इमरान, परवेज अख्तर, जमील मलिक,देवा शरीफ से पधारे अरशद मुर्तूजा वारसी, इमरान कुरेशी सीता नेगी,डॉक्टर सलीम, डॉक्टर निदा फातिमा, वेद व्रत वाजपेई, डॉक्टर सृष्टि, डॉक्टर रिचा त्रिपाठी,नीतू सिंह,डॉक्टर नीतिश दुबे,डॉक्टर दीपाली गुप्ता, डॉक्टर प्रिया वर्मा,परमजीत सिंह, डॉक्टर प्रिया पांडे,पूर्व पार्षद गणेश कनौजिया,डॉक्टर बसला गुप्ता, डॉक्टर मनोरमा, श्रीराम मिश्रा,डॉक्टर अरविंद कुमार वर्मा,डॉक्टर अवधेश त्रिवेदी,डॉक्टर मनमोहन गुप्ता, डॉक्टर पीयूष शुक्ला,डॉक्टर राधेश्याम यादव, डॉक्टर आशीष शर्मा, पत्रकार एन आलम, जावेद बेग, धर्मेंद्र कुमार, शबाब नूर, जमील मलिक, अतहर रज़ा, परमजीत सिंह, मोहम्मद इमरान गुड्डू, सय्यद गुलाम हुसैन, सरफराज ज़ाहिद, शादाब अहमद, ज्ञानेंद्र, अखिलेश, आतिफ लुकमान,मोहम्मद राशिद,सरफुद्दीन, सना परवीन, मुस्कान,एंकर एंजेल प्रवीण और विजय और रिची को भी सम्मानित किया गया। उन सभी अतिथियों ने डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी की उपलब्धियों के लिए उनकी प्रशंसा की और बधाई दी।

# महिलाओं ने इटौंजा एस.एच.ओ को बांधी राखी, पुलिस ने सुरक्षा का दिया वचन

**✻ एकल मिशन संगठन की महिलाओं ने पुलिस कर्मियों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर लगया टीका, खिलाई मिठाई**

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**

**इटौंजा, लखनऊ।** भाई-बहन के अटूट प्रेम व विश्वास का प्रतीक रक्षा बंधन पर्व से एक दिन पूर्व %एकल मिशन संगठन% की महिलाओं ने इटौंजा थाना परिसर में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर टीका लगाकर मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। बता दें कि एकल मिशन संगठन की महिलाओं ने एस.एच.ओ इटौंजा सुनील कुमार तिवारी को राखी बांधकर मिठाई खिलाई। वहीं सैकड़ो महिलाओं ने इटौंजा थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी व सभी पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर मिठाई खिलाकर




महिलाओं व बहनों की सुरक्षा का वचन लिया। वहीं महिलाओं ने कहा कि खाकी वर्दी पहनकर पुलिस के जवान महिलाओं व बहनों की रक्षा और सुरक्षा करते हैं हम सभी महिलाएं पुलिसकर्मियों को अपना भाई मानते हैं हर साल रक्षाबंधन के पर्व पर राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार मानते हैं। वहीं इस मौके पर इटौंजा थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी, अतिनिरीक्षक प्रभारी सर्वेश शुक्ला, दरोगा ओमप्रकाश तिवारी, इंदु तिवारी, हेड कांस्टेबल संतोष तिवारी, एवं महिलाएं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

# विधि संकाय में प्रथम नेशनल पीआईएल ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन : इन्द्र दमन तिवारी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित विधि संकाय की अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन, ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसायटी के तत्वावधान में प्रथम ÷डॉक्टर शंकर दयाल शर्मा नेशनल पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन ड्राफ्टिंग प्रतियोगिता÷ का आयोजन किया जा रहा है। पी.आई.एल. ड्राफ्ट करने पर आधारित इस प्रकार की यह प्रथम प्रतियोगिता है, जहां देश भर के प्रतिभागी प्रतिभाग कर इनामी धनराशि जीत सकते हैं। कार्यक्रम के पोस्टर का अनावरण करते हुए कुलसचिव लखनऊ विश्वविद्यालय डॉ. विनोद सिंह ने कहा कि ÷इस प्रकार की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं छात्रों को बहुमुखी रूप से विकसित करने में सहायक होती हैं, जहां उन्हें देश भर के छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्राप्त होता है, क्योंकि विधि संकाय पहली बार पी.आई.एल. आधारित व्यापक पैमाने पर यह प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है इसलिए उन्होंने अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन, ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसायटी की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी ने कहा कि ÷न्याय व्यवस्था का कार्य सभी लोगों को समान रूप से जीवन जीने की परिस्थितियाँ उपलब्ध कराना है, ताकि कोई भी व्यक्ति स्वयं को समाज से कटा हुआ एवं निम्न स्थिति में महसूस न करे लेकिन विभिन्न



विधिक प्रावधानों के उपरांत भी सभी वर्गों को समान रूप से न्याय उपलब्ध न होना एक प्रमुख समस्या है, इसके पीछे कुछ बुनियादी कारण जैसे लोगों का शिक्षित न होना, निर्धन होना आदि शामिल है। इसके अतिरिक्त न्यायिक प्रक्रिया भी इतनी जटिल और खर्चीली है कि यह आम नागरिकों की पंहुच से बाहर होती है। इन सभी समस्याओं का समाधान ढूंढने के लिए और न्याय के सिद्धान्त को व्यवहारिक रूप देने के लिए ÷जनहित याचिका÷ के रूप में न्याय के परंपरागत सिद्धान्त का विस्तार किया गया। पाश्चात्य विकासशील देशों के विपरीत भारत में इस व्यवस्था को अधिक सकारात्मक रूप में ग्रहण किया जा रहा है, अपने उदय से लेकर वर्तमान तक जनहित याचिकाओं की प्रासंगिकता की अनदेखी नहीं की जा सकती है। सामान्य तौर पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय एवं अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालयों को जनहित याचिकाओं की सुनवाई का अधिकार प्राप्त है, क्योंकि ये देश की न्याय व्यवस्था की सर्वोच्च अधिकारिक शक्ति का प्रयोग करते हैं। लेकिन सी.पी.सी.की धारा 133 अधीनस्थ न्यायालयों मजिस्ट्रेट कोर्ट को भी जनहित याचिकाओं पर सुनवाई का अधिकार प्रदान करती है। अधीनस्थ न्यायालयों से संबंधित व्यवस्था को किसी अन्य विधि के अन्तर्गत परिभाषित नहीं किया गया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता छात्रों को लोकहित याचिका के प्रारूप एवं लेखन संबंधी विशेष ज्ञान अर्जित करवाने में सफ़ल सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि जनहित याचिकाओं ने न केवल मौलिक अधिकारों बल्कि मानव अधिकारों के संरक्षण के कर्तव्य को ध्यान में रखते हुए भारत की न्याय प्रक्रिया को और अधिक विस्तृत किया है, जनहित याचिकाओं ने पिछले 40 वर्षों में भारत के न्यायिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल दिया है, जनहित याचिकाओं के माध्यम से ही अप्रतिनिधिक पिछड़े वर्गों तक न्याय की पहुँच संभव हो पायी है। देश के विधि विशेषज्ञों एवं समाज सेवकों के सामूहिक प्रयास ने इस संकल्पना को देश के ढांचे के अनुरूप विकसित करने में अतुलनीय योगदान दिया। जनहित याचिकाओं के अस्तित्व में आने से पूर्व सुने जाने का अधिकार केवल व्यथित पक्ष को ही प्राप्त था परन्तु अब इसे दूसरे पक्ष के हितों की रक्षा के लिये भी प्रयोग किया जा सकता है, इससे सुने जाने के अधिकार का विस्तार हुआ है। सोसायटी की प्रेसिडेंट आरज़ू नायाब ने बताया कि जनहित याचिकाएं समान हित रखने वाले अप्रतिनिधिक वर्गों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करती हैं, ये वर्ग जो अत्याचारों के खिलाफ व्यक्तिगत रूप से न्यायिक संरक्षण प्राप्त करने में अक्षम थे, जनहित याचिकाओं के माध्यम से उन्हें एक संगठन के रूप में विकसित होने और सामान्य समस्याओं के लिये सामूहिक रूप से आवाज उठाने का अवसर मिला है। सोसायटी के कन्वेनर अंकित राय एवं जॉइंट कन्वेनर हिमांशु सिंह ने बताया कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को रोकने के लिये जनहित याचिकाओं के माध्यम से समय-समय पर कानूनों का निर्माण हुआ है, विशाखा बनाम राजस्थान राज्य 1992 मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय इसका श्रेष्ठ उदाहरण है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# चुनावों से पहले अखिलेश को सपने में श्रीकृष्ण आते थे, अब स्वामी प्रसाद मौर्य कह रहे हैं हिंदू धर्म छलावा है

**समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी के तीन ब्राह्मण नेताओं- अभिषेक मिश्र, माता प्रसाद पांडे और मनोज पांडे को जिम्मेदारी सौंपी थी कि ब्राह्मणों को सपा के पक्ष में एकजुट किया जाये। इसलिए अखिलेश यादव को भी जवाब देना चाहिए कि ब्राह्मणों के लिए जो ऐलान विधानसभा चुनावों से पहले किये जा रहे थे क्या वह सब फर्जी थे? अखिलेश यादव को बताना चाहिए कि ब्राह्मणों के बारे में जो स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा है क्या पार्टी उससे इत्तेफाक रखती है?**

*समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य कभी श्रीरामचरितमानस का अपमान करते हैं, कभी चारों धामों में से एक बद्रीनाथ धाम को लेकर अनर्गल बयानबाजी करते हैं तो कभी वह ब्राह्मणों का अपमान करते हैं। इस सबसे आगे जाकर अब स्वामी प्रसाद मौर्य ने दावा कर दिया है कि हिंदू नाम का कोई धर्म ही नहीं है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ब्राह्मणवाद की जड़ें बहुत गहरी हैं और सारी विषमता का कारण भी ब्राह्मणवाद ही है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने ज्ञान के आधार पर कहा है कि हिंदू नाम का कोई धर्म है ही नहीं, हिंदू धर्म केवल धोखा है। स्वामी प्रसाद मौर्य का दावा है कि सही मायने में जो ब्राह्मण धर्म है, उसी ब्राह्मण धर्म को हिंदू धर्म कहकर इस देश के दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों को अपने धर्म के मकड़जाल में फंसाने की एक साजिश है। उनका कहना है कि अगर हिंदू धर्म होता तो आदिवासियों का भी सम्मान होता है, दलितों का भी सम्मान होता, पिछड़ों का भी सम्मान होता, लेकिन क्या विडंबना है.....। स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान पर यही कहा जा सकता है कि समाजवादी पार्टी ने हिंदुओं को उकसाने और हिंदू धर्म का अपमान कर तुष्टिकरण की राजनीति के तहत एक पक्ष का एकमुश्त वोट पाने के लालच में जो खेल रचा है वह बेहद खतरनाक है। इससे समाजवादी पार्टी को भले एक पक्ष का एकमुश्त वोट मिल जाये लेकिन समाज विभाजित हो जायेगा। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव वैसे तो बड़ी-बड़ी बातें करते हैं लेकिन जब-जब स्वामी प्रसाद मौर्य हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुँचाते हैं तब-तब वह चुप्पी साध लेते हैं। अखिलेश यादव की चुप्पी पर हैरत इसलिए होती है क्योंकि विधानसभा चुनाव से पहले वह दावा करते थे कि भगवान श्रीकृष्ण उनके सपने में आते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि परिस्थितियां दर्शा रही हैं कि स्वामी प्रसाद मौर्य के बड़बोलेपन को अखिलेश की सहमति है। वैसे भी बिना नेतृत्व की सहमति के कोई पार्टी पदाधिकारी इस तरह के बयान दे ही नहीं सकता। हम आपको याद दिला दें कि जनता की अदालत में पिट चुके स्वामी प्रसाद का समाजवादी पार्टी में रुतबा भी अखिलेश यादव ने तभी बढ़ाया था जब मौर्य ने श्रीरामचरितमानस के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की थी। वैसे, हिंदू धर्म को धोखा बताने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य की बातों से लगता है कि उन्हें हिंदू शब्द का अर्थ ही पता नहीं है। इसलिए स्वामी प्रसाद मौर्य को समझना होगा कि जो आदमी भारत में पैदा हुआ है, जो व्यक्ति यहां का अन्न खाता है और यहां की नदियों का पानी पीता है, वह हिंदू ही है? स्वामी प्रसाद मौर्य को समझना होगा कि राष्ट्र में जीवन के अद्वितीय आध्यात्मिकता-केंद्रित दृष्टिकोण को विश्व स्तर पर हिंदू नाम से जाना जाता है, जिसके कारण यह राष्ट्र हिंदू है और इसका विशेषण सनातन है। स्वामी प्रसाद मौर्य को समझना होगा कि भारत की सारी आबादी हिंदू समाज ही है, चाहे उनका धर्म और संस्कृति अथवा पूजा पद्धति कुछ भी हो। स्वामी प्रसाद मौर्य को समझना होगा कि हिंदू, हिंदुत्व या हिंदू राष्ट्र शब्द हमारे द्वारा नहीं, बल्कि उन लोगों द्वारा दिया गया था, जिन्होंने भारत देश को बाहर से देखा और हमें हिंदू के रूप में अलग करने के लिए हमारी इस विशिष्टता को नाम दिया। बहरहाल, जहां तक स्वामी प्रसाद मौर्य की ओर से ब्राह्मणों पर किये गये हमले की बात है तो उन्हें समाजवादी पार्टी के उस ऐलान पर भी जवाब देना चाहिए जो 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले किया गया था। उस समय ब्राह्मण समुदाय को लुभाने की कोशिश में समाजवादी पार्टी ने प्रदेश में भगवान परशुराम की मूर्तियाँ लगवाने का ऐलान किया था।*

## एक्सप्रेस आलेख

**बसपा सुप्रीमो ने कहा कि हमारी पार्टी का वोट गठबंधन वाली पार्टी को ट्रांसफर हो जाता है लेकिन दूसरी पार्टियां अपना वोट हमारे उम्मीदवार को दिलाने की ना सही नीयत रखती हैं और ना ही क्षमता। वह कहती हैं कि सत्ता और विपक्षी पार्टियां अपना-अपना गठबंधन करके केंद्र की सत्ता में आने के लिए अपने अपने दावे ठोंक रही है, जबकि सत्ता में आने के बाद जनता के लिए किए गए वायदे और आश्वासन खोखले ही साबित हुए हैं। बसपा सुप्रीमो कहती हैं उनकी पार्टी दलित समाज को जोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करती है जबकि यह लोग उन्हें तोड़कर कमजोर करने की संकीर्ण राजनीति में ही ज्यादातर व्यस्त रहते हैं। इसीलिए इनसे दूर रहना बेहतर है।**

# अकेले लड़ने की जिद पर अड़ीं मायावती के समक्ष बसपा को टूट से बचाने की चुनौती खड़ी



योगेश कुमार गोयल

**मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ने की बात कही है। इसके लिए उन्होंने पदाधिकारियों को खर्चीले तामझाम और नुमाइशी कार्यक्रमों से दूर रहने की सलाह दी है। साथ ही छोटी-छोटी बैठकों के जरिये गांव गांव में बसपा की पकड़ मजबूत बनाकर सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने का निर्देश दिया है।**

बसपा सुप्रीमों मायावती की एकला चलो वाली थ्योरी ने कांग्रेस-समाजवादी पार्टी वाले आईएनडीआईए गठबंधन की धड़कनें बढ़ा दी हैं, सब जानते हैं कि उत्तर प्रदेश में यदि बीजेपी के खिलाफ सपा-बसपा को साथ लिए बिना कोई गठबंधन बनता है तो ऐसे गठबंधन की कोई अहमियत नहीं रह जाती है क्योंकि कांग्रेस का तो यूपी में वजूद ही नहीं बचा है। बीजेपी को सपा-बसपा से जरूर थोड़ी-बहुत चुनौती मिलती रही है, लेकिन बसपा का दर्द अलग है। उसका हमेशा से मानना रहा है कि जब भी उनकी पार्टी बीजेपी के खिलाफ अन्य किसी दल के साथ गठबंधन करती है तो उसका वोट तो दूसरे दल के प्रत्याशी के पक्ष में ट्रांसफर हो जाता है, लेकिन बसपा प्रत्यशी को गठबंधन में दूसरे दलों के वोट नहीं मिलते हैं। इसीलिए अपने पुराने अनुभव के आधार पर अबकी से बसपा ने अकेले चलने का निर्णय लिया है, यह बीएसपी का एक राजनैतिक निर्णय हो सकता है, लेकिन इससे फायदा भारतीय जनता पार्टी को होगा इसमें भी कोई दो राय नहीं है। परंतु बसपा सुप्रीमो मायावती को इसकी चिंता नहीं है, वह तो कांग्रेस और भाजपा दोनों को ही एक ही थाली का बैगन बताती हैं। दोनों पर ही दलितों के साथ अत्याचार का आरोप लगाती हैं। मायावती कोई भी निर्णय लेने में सक्षम हैं। परंतु उनको इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि जब भी बहुजन समाज पार्टी कमजोर नजर आती है, तब उसमें टूट हो जाती है। अतः इससे भी मायावती को बचकर चलना होगा। यानी उनके सामने दोहरी चुनौती है, एक तरफ पार्टी को जीत की राह पर ले जाना है तो दूसरी ओर उन्हें पार्टी को टूट से भी बचाने की चुनौती होगी। बसपा की रणनीति अपनी जगह है, मगर इस बात को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि आज की बसपा में वह दमखम नहीं रह गया है जो उसमें 2012 से पहले देखने को मिलता था। पिछले कई चुनावों में बसपा को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। मायावती कभी बड़ी-बड़ी रैलियों के लिए जानी जाती थीं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मायावती ने ऐसी कोई रैली नहीं की है जिससे उनकी ताकत का अंदाजा विरोधियों को लग पाए। चुनावी मौसम में एक ओर जहां पार्टियां अपनी तैयारियों



**आज की बसपा में वह दमखम नहीं रह गया है जो उसमें 2012 से पहले देखने को मिलता था। पिछले कई चुनावों में बसपा को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। मायावती कभी बड़ी-बड़ी रैलियों के लिए जानी जाती थीं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मायावती ने ऐसी कोई रैली नहीं की है जिससे उनकी ताकत का अंदाजा विरोधियों को लग पाए।**

और उम्मीदवारो के चयन पर मंथन कर रही हैं, अपने राजनीतिक भविष्य की नैय्या पार लगाने के लिए नेता भी हाथ पांव मार रहे हैं, ऐसे में बसपा आलाकमान को यह समझना होगा कि यदि वह आम चुनाव में थोड़ी भी कमजोर नजर आईं तो बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे नेता कमजोर राजनैतिक हालात में दूसरी नाव पर सवार होने में कतई देर नहीं लगाएंगे। वैसे भी लोकसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आ रहा है, नेताओं का पाला बदलने का खेल शुरू हो गया है। इसकी एक बानगी तब देखने को मिली जब बहुजन समाज पार्टी से सांसद कुंवर दानिश अली की एक तस्वीर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ दिखाई पड़ने लगी। दानिश की इस तस्वीर ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को टेंशन में जरूर डाल दिया होगा, यदि दानिश अपनी पार्टी अध्यक्ष मायावती को बिना बताए नीतीश कुमार से मिले होंगे तो जल्द उनको पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाये तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। उधर, दानिश अली ने नीतीश कुमार से इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है। नीतीश कुमार से मुलाकात को लेकर बसपा सांसद ने बताया कि उनके साथ राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों और देश में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने के लिए मिलकर काम करने पर चर्चा की। हाल ही में लखनऊ स्थित बसपा कार्यालय में मायावती के नेतृत्व में हुई बैठक में भी दानिश अली कहीं नजर नहीं आये थे। वहीं दावा किया जा रहा है कि सिर्फ दानिश अली ही नहीं बसपा के कई अन्य सांसद भी दूसरे दलों के नेताओं के साथ मिल रहे हैं। ज्ञातव्य हो कि बहुजन समाज पार्टी ने 2019 लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर लड़ा था और सहारनपुर, बिजनौर, नगीना, मेरठ, अमरोहा, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, लालगंज, घोसी, गाजीपुर समेत 10 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि उस अनुपात में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नहीं जीत पाए थे। राजनैतिक पंडितों के लिए यह चौंकाने वाला है कि 2024 के लोकसभा चुनाव भी बसपा सुप्रीमो मायावती 2014 की तरह फिर से अकेले दम पर लड़ने जा रही हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुल पाया था। देखा जाये तो 2024 में 2019 के रिजल्ट को बरकरार रखना ही बसपा के लिए एक बड़ी चुनौती होगी क्योंकि यूपी की 80 की 80 सीटों को जीतने के लक्ष्य के साथ बीजेपी अपनी तैयारियों में जुटी है। उधर सपा भी अपनी तैयारियों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव अकेले दम पर लड़ने की बात कही है। इसके लिए उन्होंने पदाधिकारियों को खर्चीले तामझाम और नुमाइशी कार्यक्रमों से दूर रहने की सलाह दी है। साथ ही छोटी-छोटी बैठकों के जरिये गांव गांव में बसपा की पकड़ मजबूत बनाकर सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही बसपा सुप्रीमो ने पदाधिकारियों को तन मन धन के साथ जुट जाने के भी निर्देश दिए हैं। मायावती ने गठबंधन को लेकर कहा कि यूपी में गठबंधन करके बसपा को फायदे की बजाए नुकसान ज्यादा हुआ है।

## एक्सप्रेस कविता

*रक्षाबंधन में नई रीत। इस बार रक्षाबंधन में हम नई रीत चलाएंगे, बहन को खुद की रक्षा के लिए नए-नए जतन सिखाएंगे। बहन के लिए बहुत अच्छा स्थापित लड़का ढूंढने के पहले बहन को उच्च शिक्षित, आर्थिक सक्षम बनाएंगे। जो प्यार और रक्षा करें मेरी बहना की, ऐसे युवक से हम बहन की शादी करवाएंगे। मेरी कामना है बहन पूरी जिंदगी तेरा रक्षा कवच बना रहूं, राखी में दिए रक्षा के वचन को ता जिंदगी हम निभाएंगे। याद रखना मेरी बहना बहन कभी पराई नहीं होती, यह बात अच्छे से समझ लो तुम पूरी जिंदगी तेरा हौसला बन जाएंगे। थोड़ी चुलबुली हो, बहुत प्यारी हो, जैसी हो वैसी बहुत न्यारी, हमारी हो, भाई बहन का रिश्ता अनोखा अद्भुत, यह सारी दुनिया को हम दिखाएंगे। प्यारी बहना,प्यारी बहना।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*यदि आप अपने जीवन को अपनी मर्जी के अनुसार नहीं चला पाते, तो आपको अपनी परिस्थितियों को अवश्य ही स्वीकार कर लेना चाहिए।*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 10:58 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 20:39 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | अतिगंदा, 21:30 |
| सूर्योदयः | 06:01 |
| सूर्यास्तः | 18:41 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 12:21-13:56 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | श्रावण (शुद्ध) |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### खोज रहे हैं सीट !

*शुरू हो गया मंथन ।*
*किस पर पलड़ा भारी ?*
*खोज रहे हैं सीट ।*
*करने को तैयारी ।।*
*क़दम है जमाना ।*
*रहे अब तलाश ।।*
*बढ़ जाए कुछ हलचल ।*
*बनें हम भी ख़ास ।।*
*नया कलेवर नया रूप ।*
*है हमको अपनाना ।।*
*बन जाए कुछ इस तरह ।*
*मौसम ये सुहाना ।।*
*लग गए हैं काम पर ।*
*लोग कुछ हमारे ।।*
*करें थोड़ा इंतज़ार ।*
*और फिर निहारें ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मानसून में चेरी टमाटर का करें सेवन बढ़ेगी इम्यूनिटी दूर होंगी कई समस्याएं

**आपने** पिज्जा या पास्ता में छोटे-छोटे लाल टमाटर देखे होंगे, ये चेरी टमाटर ही होते हैं। चेरी टमाटर स्वाद के साथ ही बेहद पौष्टिक भी होते हैं। इसलिए चेरी टमाटर को हेल्थ के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। चेरी टमाटर में विटामिन सी और ई जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। साथ ही, इन टमाटर में कई अन्य पोषक तत्व भी पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए जरूरी होते हैं। चेरी टमाटर खाने से शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट होती है। चेरी टमाटर हार्ट हेल्थ के लिए भी फायदेमंद होते हैं। अगर आप रोजाना चेरी टमाटर का सेवन करेंगे, तो मौसमी बीमारियों से बचा जा सकता है। इतना ही नहीं, चेरी टमाटर खाने से स्किन हेल्थ में भी सुधार देखने को मिलता है। खासकर, मानसून में चेरी टमाटर खाना फायदेमंद होता है। क्योंकि इससे इम्यूनिटी बढ़ती है और कई रोग दूर होते हैं।

**इम्यूनिटी बूस्ट करेः** मानसून में शरीर की इम्यूनिटी कमजोर पड़ जाती है। इसकी वजह से व्यक्ति बार-बार बीमार पड़ जाता है। ऐसे में चेरी टमाटर खाना फायदेमंद होता है। चेरी टमाटर में विटामिन सी पाया जाता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है। अगर आप



नियमित रूप से चेरी टमाटर का सेवन करेंगे, तो इससे इम्यूनिटी बूस्ट होगी। साथ ही, आपका मौसमी बीमारियों से भी बचाव होगा। चेरी टमाटर खाने से सर्दी-जुकाम, खांसी और वायरल आदि से भी बचाव होता है।

**पिंपल्स से छुटकारा दिलाएः** चेरी टमाटर न सिर्फ सेहत, बल्कि त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। चेरी टमाटर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा के लिए बेहद लाभकारी होते हैं। चेरी टमाटर खाने से एक्ने और पिंपल्स जैसी समस्याओं से छुटकार मिल सकता है। साथ ही, त्वचा पर निखार भी आता है। चेरी टमाटर, स्किन को हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है। मानसून में त्वचा से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं, ऐसे में चेरी टमाटर का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है।

**ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करेः** अगर आप डायबिटीज रोगी हैं, तो आप मानसून में चेरी टमाटर का सेवन कर सकते हैं। आपको बता दें कि चेरी टमाटर में बायोएक्टिव गुण होते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखने में मदद करते हैं। अगर आप चेरी टमाटर का सेवन करेंगे, तो इससे डायबिटीज रोगियों को लाभ मिलेगा।

**हार्ट हेल्थ में सुधार करेः** चेरी टमाटर, हार्ट हेल्थ के लिए भी बेहद फायदेमंद होते हैं। अगर आप चेरी टमाटर का सेवन करेंगे, तो इससे हृदय रोगों से बचाव हो सकता है। दरअसल, चेरी टमाटर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, हृदय को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं। आपको बता दें कि टमाटर में लाइकोपीन होता है, जो रक्त के थक्कों की समस्याओं को भी दूर करता है। इससे स्ट्रोक का जोखिम भी कम होता है।

**आंखों के लिए फायदेमंदः** आंखों के स्वास्थ्य में सुधार करने के लिए आप चेरी टमाटर का सेवन कर सकते हैं। इसमें विटामिन ए होता है, जो आंखों की रोशनी बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही, आंखों को सुरक्षित भी रखता है। रोजाना चेरी टमाटर खाने से आपकी आईज हेल्थ बेहद अच्छी रहती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# आत्मनिर्भर भारत का अभूतपूर्व अंतरिक्ष अध्याय



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**प्रधानमंत्री मोदी ने नए भारत का रोडमैप बनाया था। उसमें भारत को विकसित देशों की श्रेणी में पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अंतरिक्ष क्षेत्र में क्षमता का वाणिज्यिक उपयोग के लिए न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड नाम से नए सार्वजनिक उपक्रम का गठन किया गया है।**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व कल्याण के दृष्टिगत दुनिया को भारतीय विरासत से परिचित करा रहे हैं। उनके प्रयासों से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। आजादी के अमृतकाल में भारत के जी-20 की अध्यक्षता करना बड़ा अवसर है। यह ऐसे देशों का समूह है जो विश्व के सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी में 85 प्रतिशत की भागीदारी रखता है। इन देशों में दुनिया की दो तिहाई जनसंख्या रहती है।**

**नए** भारत की विकास यात्रा में चंद्रयान का सफल अभियान भी शामिल हुआ। आत्मनिर्भर भारत का यह अभूतपूर्व अध्याय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयासों से संकल्प सिद्ध हो रहे हैं। इसके पहले कोरोना की दो वैक्सीन बना कर भारत ने अपनी प्रतिभा का दुनिया को प्रमाण दिया था। सैकड़ों देशों तक भारतीय वैक्सीन पहुंची थी। पिछले दिनों अमृत रेलवे-स्टेशन निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ था। डिजिटल अभियान में भारत की प्रगति शानदार है। यह सब अमृतकाल की गरिमा बढ़ा रहे हैं। इसी अवधि में भारत जी-20 का अध्यक्ष बना। दुनिया भारत के विचारों से परिचित हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले चंद्रयान अभियान की विफलता पर इसरो के वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि हमारे संस्कार, हमारा चिंतन, हमारी सोच, इस बात से भरी पड़ी है, जो हमें कहते हैं- वयं अमृतस्य पुत्राः। हम अमृत की संतान हैं जिसके साथ अमरत्व जुड़ा हुआ रहता है। अमृत के संतान के लिए न कोई रुकावट है, न हो कोई निराशा। हमें पीछे मुड़कर निराशा की तरफ नहीं देखना है, हमें सबक लेना है, सीखना है, आगे ही बढ़ते जाना है और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुकना नहीं है। हम निश्चित रूप से सफल होंगे। मिशन के अगले प्रयास में भी और उसके बाद के



हर प्रयास में कामयाबी हमारे साथ होगी। 21वीं सदी में भारत के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने से पहले हमें कोई भी क्षणिक बाधा रोक नहीं सकती। उनका कथन सत्य साबित हुआ। चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग होते ही प्रधानमंत्री मोदी ने तिरंगा लहराया। कहा, जब हम ऐसे ऐतिहासिक क्षण देखते हैं तो हमें बहुत गर्व होता है। ये नए भारत का सूर्योदय है। हमने धरती पर संकल्प किया और चांद पर उसे साकार किया। भारत अब चंद्रमा पर है। ये क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने जैसा है। ये क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने का है। ये क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। ये भारत में नई ऊर्जा, नई चेतना का है। अमृतकाल की प्रथम प्रभा में सफलता की ये अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है। यह पल विकसित भारत के शंखनाद का है। इससे पहले कोई भी देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक नहीं पहुंचा है। हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत से हम वहां तक पहुंचे हैं। भारत का सफल चंद्रमा मिशन अकेले भारत का नहीं है।यह सफलता पूरी मानवता की है। प्रधानमंत्री मोदी ने नए भारत का रोडमैप बनाया था। उसमें भारत को विकसित देशों की श्रेणी में पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।अंतरिक्ष क्षेत्र में क्षमता का वाणिज्यिक उपयोग के लिए न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड नाम से नए सार्वजनिक उपक्रम का गठन किया गया है। इसका मकसद इसरो के लाभ का पूरा उपयोग करना है। यह संकल्प सिद्ध हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के न्यू इंडिया विजन में विकास और लोक कल्याण का समावेश है। भारत को विकसित बनाने का संकल्प है। संकल्प को सिद्ध करने की इच्छाशक्ति है। उनकी नौ वर्ष की यह यात्रा यही प्रमाणित करती है। इस नये भारत का रेलवे भी नया है, क्योंकि रेलवे में विकास की दृष्टि से भी नौ साल बेमिसाल हैं। देश के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों और तीर्थ स्थानों को जोड़ने के लिए इन दिनों भारत गौरव यात्रा ट्रेन और भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन भी चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व कल्याण के दृष्टिगत दुनिया को भारतीय विरासत से परिचित करा रहे हैं। उनके प्रयासों से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। आजादी के अमृतकाल में भारत के जी-20 की अध्यक्षता करना बड़ा अवसर है। यह ऐसे देशों का समूह है जो विश्व के सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी में 85 प्रतिशत की भागीदारी रखता है। इन देशों में दुनिया की दो तिहाई जनसंख्या रहती है। विश्व व्यापार में इसकी पचहत्तर प्रतिशत की भागीदारी है। भारत का प्रयास रहेगा कि विश्व में कोई 'पहली दुनिया' या 'तीसरी दुनिया' न हो, बल्कि एक दुनिया' हो।

# वृहद खेल सप्ताह आयोजित किया गया

जन एक्सप्रेस | सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर खीरी में शारीरिक शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, रोवर रेंजर्स के संयुक्त तत्वाधान में मेजर ध्यान चंद जी के जन्मदिवस / राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दिनांक 21/08/2023 से 29/08/2023 तक वृहद खेल सप्ताह आयोजित किया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस के इस अवसर पर युवराज दत्त महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपदान की प्रक्रिया को पूर्ण किया। मेजर ध्यानचंद जी के जन्मदिवस पर केक काटकर ऐसे महान खिलाड़ी को हृदय से नमन किया तथा प्रतियोगिताओं के आयोजन की आधिकारिक घोषणा की। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रोफेसर सुभाष चन्द्रा ने फिट इंडिया शपथ दिलाई तथा जीवन में स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन सभी लोगों को 30 से 40 मिनट तक योगाभ्यास करने का अनुरोध किया। प्रतियोगीता की रूपरेखा में ताइक्वांडो, टेबल टेनिस, शतरंज, आदि सम्मिलित किए गए। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर खेलों में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सम्मिलित खिलाड़ियों का प्राचार्य प्रो. पाल ने उत्साह बढ़ाया। तथा जो छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत करने की मंशा जताई। शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. अमित सिंह ने मेजर ध्यानचंद जी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक तथ्यों को स्मरण करते हुए यह बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी का जन्मदिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ध्यानचंद जी को भारतीय हॉकी का जनक भी माना जाता है। भारतीय हॉकी में ध्यानचंद जी ने जो इतिहास लिखा है उसे आज याद कर भारतीय गर्व महसूस करते हैं। भारतीय हॉकी के इतिहास में कई ऐसे कारनामे किए हैं। जिसकी गूंज आज तक सुनाई पड़ती है। मेजर ध्यानचंद जी के करियर ही भारतीय हॉकी का सबसे स्वर्णिम काल था। अपने प्रदर्शन से उन्होंने हर किसी को दीवाना बनाया और आमजन में राष्ट्रभक्ति की भावना को खेलों के माध्यम से उजागर किया था।कार्यक्रम के अन्त में शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों तथा कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और छात्र/छात्राओं को खेलों में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने के लिये आमंत्रित किया।

# एकल अभियान शिक्षा परिसद की बहनों ने पुलिस चौकी पर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया

जन एक्सप्रेस | बिजुआ-खीरी



थाना भीरा क्षेत्र की बिजुआ चौकी पर एकल अभियान भारत लोक शिक्षा परिषद द्वारा एकल अभियान की बहनों ने आज बिजुआ पुलिस चौकी पर पूरे स्टाफ को राखी बांधकर रक्षाबंधन का त्यौहार बड़ी खुशी के साथ मनाया।बिजुआ चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह यादव व अन्य बिजुआ पुलिस स्टाफ ने बहुत खुशी के साथ बहनो से अपनी कलाई पर राखी बंधवाई। इस मौके पर एकल अभियान भारत लोक शिक्षा परिषद के संच अध्यक्ष अक्षनी बाजपेई, सचिव डॉक्टर अनूप मिश्रा, सुदीस बाजपेई व अन्य पदाधिकारियों ने बहनों से राखियां बधवाई व बहनो का सम्मान किया। एकल अभियान भारतीय लोक शिक्षा परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि हमारे पुलिस पद पर तैनात जो जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं। त्योहारों पर छुट्टियां नही मिलती उनको ये न एहसास हो सके कि उनकी कलाई रक्षाबंधन के पर्व पर सूनी है। इसलिए हमारी संस्था की बहने प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन का त्योहार पुलिस स्टॉप के भाइयों के कलाईयों पर राखियां बांध कर मनाते है।इस मौके पर भारत लोक शिक्षा परिषद के पदाधिकारी व बिजुआ चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह यादव ,राजेंद्र पांडे ,राजू वर्मा, कुलदीप चौधरी व अन्य सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पलिया मोंटेसरी स्कूल के बच्चों ने मनाया पेड़ों के साथ रक्षाबंधन



जन एक्सप्रेस/रिजवान खान/ पलिया कलां खीरी। रक्षाबंधन पर्व पर विद्यालय के छात्रों तथा अभिभावकों ने मिलकर रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। छात्रों द्वारा बनाई हुई बड़ी-बड़ी राखी को पेड़ों में बांधकर उनकी रक्षा करने की शपथ ली। इस अवसर पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें प्रथम पुरस्कार सीनियर सेक्शन में माही बाजपेई दूसरा पुरस्कार मनप्रीत सिंह तथा तीसरा पुरस्कार शादान अंसारी को दिया गया।जूनियर सेक्शन में फरहान अंसारी को प्रथम नंदकिशोर को द्वितीय तथा सृष्टि को तृतीय पुरस्कार दिया गया ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक मिश्रा ,सचिन गुप्ता रामनिवास, कुणाल ,रश्मि सिंह, रिया गुप्ता आदि टीचर्स ने योगदान दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रत्ना वाजपेई ने बच्चों की बनाई राखियों की सराहना की और अभिभावकों को कार्यक्रम में सहयोग करने हेतु आभार जताया।

### मदरसे की बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा



जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी। पलिया के दुधवा रोड स्थित मदरसा में छात्रा बहनों ने हिंदू छात्र भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा की ईश्वर से प्रार्थना की।मंगलवार को मार्डन मदरसा मिफ्ताहुल उलूम हाई स्कूल में भाई बहन के पर्व रक्षाबंधन को बड़ी धूम धाम से मनाते हुए बिद्यालय की मुस्लिम छात्राओं ने हिन्दू छात्र भाइयों की उनकी कलाई पर राखी बांधकर उनका मुंह मीठा कराकर ईश्वर से उनके सफल जीवन व रक्षा की ईश्वर से प्रार्थना की।भाइयों ने भी बदलें में राखी बांधने वाली बहनों को उपहार भेंट किए।विद्यालय एम.डी वसीम ने सभी छात्र छात्राओं को भाई बहन के अटूट पर्व रक्षाबंधन पर्व की बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।इस मौके पर प्रधानाचार्य मंसूब हुसैन खान,अंदेज कुमार,रुकसाना,सबा उस्मानी,शमा परवीन,सोनम खान,आरजू,हाफिज् आसिफ सहित शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### अभिषेक सिंह पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मृतका शांति देवी के निवास पहुंचा



जन एक्सप्रेस/शाजिफ हुसैन/ लखीमपुर खीरी। मंगलवार को दिनांक 26 अगस्त की रात्रि में तमिलनाडु के नागर कोविल पर मदुरई एक्सप्रेस ट्यूरिस्ट कोच में आग लगने से जनपद लखीमपुर खीरी के अंतर्गत कोठिया की शांतिदेवी की मृत्यु हो गई थी। उक्त घटना की दुखद सूचना प्राप्त हुई द्य शांति देवी का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव कोठिया लाया गया द्य प्रदेश अध्यक्ष माननीय पूर्व मंत्री अजय राय जी के दिशा निर्देश पर एक डेलिगेशन पीड़ित परिवार से मिलने के लिए भेजा गया जिसमें प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अभिषेक सिंह पटेल जी के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मृतका शांति देवी के निवास कोठिया पहुंचकर उनके परिवारी जनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की अभिषेक सिंह पटेल ने पारिवारिक जनों को सांत्वना देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सब कांग्रेसी जन आपके साथ हैं।प्रशासन से हम लोग मांग करते हैं कि मृतक के पारिवारिक जनों को मुआवजा दिया जाए इसके लिए हम सब कांग्रेस जन जिला प्रशासन से मिलकर हर संभव प्रयास करेंगे।उक्त प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल,एआईसीसी मेंबर डॉक्टर रवि शंकर त्रिवेदी,प्रदेश सचिव प्रदेश सचिव गुरमीत सिंह भुल्लर, पीसीसी सदस्य किरण पटेल, रामजीवन राज अध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग,श्रीमती चंद्रप्रभा स्वास्थ्य पीसीसी सदस्य,एवं रिशाल अहमद, दीपक बाजपेई, प्रेम वर्मा,रवि तिवारी, रियाज अहमद मोनू,कामिल उस्मानी ,गंगाराम राजवंशी, अंकित वर्मा ,सुशील मिश्रा, तारिक हुसैन यतीचंद शुक्ला ,नमामि शंकर मिश्रा, कमलजीत सिंह,जमाल अहमद, सगीर अहमद,नवाज अहमद, अब्दुल रहीम,लतीफ आजम, दिनेश वर्मा,रवि गोस्वामी कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

# पुनः पोस्टमार्टम के लिए 13 दिन बाद रवि का शव कब्र से निकाला गया हत्याकांड को लेकर आक्रोशित था पटेल समाज

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी



नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला में हुए बहुचर्चित रवि वर्मा उर्फ रिंकू हत्याकांड के मामले में मंगलवार को पुनः पोस्टमार्टम के लिए शव मुक्ति धाम की कब्र से खोद कर पीएम हाउस भेजवाया गया है। राजस्व व पुलिस प्रशासन से नायब तहसीलदार सर्वेश यादव व कस्बा इंचार्ज प्रवीण यादव के अलावा पीड़ित परिवारजन एवं पटेल समाज से पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरजन लाल वर्मा, अशोक कनौजिया, अंकुर वर्मा, अरविंद, विशाल, मनीष, प्रशांत, नवीन प्रधान की मौजूदगी में 13 दिनों के बाद डीएम के आदेश पर शव खोदा गया। हत्याकांड के नामजद आरोपित पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण बीमारी से होना आया था। जबकि हत्यारोपितो ने रवि को लात घुसो से पीट-पीट कर एवं सर दीवार में लड़ा लड़ा कर बर्बर और दर्दनाक तरीके से मौत के घाट उतार दिया था। अस्पताल पहुंचते ही उसे मृत घोषित कर दिया गया था। बाद में परिवार को रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए शव चौराहे पर रखना पड़ा था।जिससे समाज आकर्षित हो गया था। उक्त हत्याकांड को लेकर कुर्मी क्षत्रिय समाज कल्याण समिति की महापंचायत का आयोजन पटेल संस्थान में किया गया था। जिसमें पीड़ित परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गड़बड़ी की आशंका जताई थी।तब पंचायत में पुनः पोस्टमार्टम कराने, कोतवाल को हटाने, बिना जांच किए हुए हत्या की धारा को गैर इरादतन हत्या में बदलने की जांच कराने, पीड़ित व अन्य के विरुद्ध दर्ज मुकदमे के मुद्दे पंचायत में छाए रहे थे। समाज की मांग पर सांसद एवं भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव रेखा अरुण वर्मा के हस्तक्षेप से पुलिस कप्तान ने दोबारा पोस्टमार्टम कराने, कोतवाल को हटाने व धारा बदलने की जांच कराने एवं पीड़ितों पर दर्ज मुकदमे को वापस लेने का आश्वासन दिया था। जिसके चलते बैक फुट पर आए प्रशासन ने अंततः आज शव पुनः पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# नगर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस | आशीष कुमार तिवारी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नगर की खुटार रोड स्थित विकास चौराहा के निकट सावन माह के पवित्र महीने के आखिरी सोमवार बाबा भूतनाथ के दिन पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गयाद्य जिसमें सभी भक्तजनों का सहयोग से भंडारा कराया और सभी भक्तों ने प्रसाद वितरण किया द्य प्रसाद में आलू पूरी हलवा प्रसाद वितरण किया गया द्य इसमें प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मकरंद सिंह एडवोकेट. ललित वर्मा ठेकेदार हरिओम शर्मा देवेंद्र वर्मा अनिल वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



# मेजर ध्यानचंद की स्मृति में खेल दिवस का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी

कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में प्रधानाचार्य डॉ एल वर्मा की अध्यक्षता में मेजर ध्यानचंद की स्मृति में खेल दिवस का आयोजन किया गया।दिनांक 22से 29 अगस्त तक विद्यालय में विभिन्न खेलों का आयोजन करके खेल सप्ताह मनाया गया। खेल सप्ताह का प्रारंभ विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अनंतप्रकाश सरोज जी के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त करके प्रारंभ किया गया। 22/8/23 को फुटबॉल मैच का आयोजन तथा 23/ 8/23 को हैंडबॉल मैच का आयोजन 24/ 8/23 को बास्केटबॉल मैच का आयोजन 25/8/23 को टेबल टेनिस खेल का आयोजन 26/8/23 को कबड्डी का आयोजन 27/08/ 23 को बैडमिंटन का आयोजन 28 /8/23 को वॉलीबॉल खेल का आयोजन 29/8/ 23 को हॉकी का आयोजन तथा सायं को जनपदीय हॉकी खेल की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।नगर के हॉकी खिलाड़ियों का तथा विद्यालय की हॉकी टीम का एक मित्रता मैच का भी आयोजन किया गया। डॉ एल आर वर्मा प्रधानाचार्य तथा खेल प्रवक्ता श्याम मूर्ति शुक्ला , तथा विद्यालय के समस्त खेल अध्यापकों और खेल प्रशिक्षकों के साथ डॉ अनिल कुमार एवं विद्यालय और नगर के खिलाड़ियों ने हॉकी सम्राट मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि करके स्मृति करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। खेल का प्रारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर एल आर वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रार्थना सभा में हॉकी सम्राट मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस मनाया गया जिसमें खेल प्रवक्ता श्याम मूर्ति शुक्ला ने उनके संक्षिप्त जीवन परिचय पर प्रकाश डाला ,तथा प्राचार्य डॉक्टर एल आर वर्मा ने उनको याद करते हुए उनके जीवन के संस्मरणों पर अपना वक्तव्य दिया। कल विद्यालय में वॉलीबॉल, बैडमिंटन खेलों का आयोजन भी किया गया।

# कस्बे का हर चौक-चौराहा सीसीटीवी कैमरे से लैस

जन एक्सप्रेस | मोबीन अहमद



**सिंगाही खीरी।** आप सिंगाही क़स्बे में आए हैं तो बेफिक्र हो जाइए,अब क़स्बे का हर चौक-चौराहा सीसीटीवी कैमरे की कैद में है। क़स्बे की हर गतिविधि पर अब पुलिस के अधिकारी सीधी नजर रखेंगे। इसके अलावा मंदिर मस्जिद को भी सीसीटीवी कैमरे से लैस कर दिया गया है। यह कैमरा पूरी तरह से अत्याधुनिक है। उसका डिस्प्ले नगर पंचायत प्रशासन के साथ ही थानाध्यक्ष के मोबाइल पर भी होगा।नगर पंचायत ने ऐसे सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं कि अब अराजकतत्वों, चोर,उचक्के, छिनैता, छेड़छाड़ करने वालों को सावधान रहना पड़ेगा, वरना कैमरे की निगरानी में आ गए तो पकड़े जाओगे। कैमरे ऑनलाइन फुटेज भेजने के लिए लगाए गए हैं।किसी भी समय अधिकारी कार्यालय,आवास व कहीं भी खड़े-खड़े ऑनलाइन देख सकेंगे कि क़स्बे में क्या हो रहा है। क़स्बे में नगर पंचायत का सीसीटीवी कैमरे लगने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है।सीसीटीवी कैमरा के लिए वैसे तो नगर पंचायत में कंट्रोल रूम बनाया गया है। मगर सीसीटीवी कैमरों को ऑनलाइन मोबाइल से भी कनेक्ट किए गए हैं।पुलिस अधिकारी कहीं भी हों वह अपने मोबाइल से पूरे क़स्बे की लोकेशन देख सकते हैं, अभी केवल नगर पंचायत व सिंगाही पुलिस की लॉगिन आईडी कनेक्ट की है, बाकी डीएम और एसएसपी के मोबाइल पर भी कनेक्टविटी की जाएगी। जिससे वह भी पूरे क़स्बे का नजारा देख सकेंगे।चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने बताया कि क़स्बे में करीब पच्चीस कैमरे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि कैमरे लगाने का कार्य रफ्तार से हो रहा है, सीसीटीवी कैमरों से अब निगरानी की जाएगी। ऐसे में पुलिस के लिए भी तमाम घटनाओं में आरोपियों को पकड़ने में आसानी हो जाएगा। क़स्बे में आए दिन अराजकता व चोरी जैसी घटनाएं होती रहती हैं। मगर अब नगर पंचायत सीसीटीवी कैमरे लगवा रही है। सीसीटीवी कैमरे ऑनलाइन चलने वाले लगाए जा रहे हैं। अफसर कभी भी क़स्बे के किसी भी चौराहों की फुटेज देख सकेंगे।

# सीमा जागरण मंच ने आने वाले रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष्य में गठित की महासभा

जन एक्सप्रेस | अवधेश कुमार पाण्डेय



**तिकुनियां खीरी।** विकास खंड निघासन के बेलरायां क्षेत्र में स्थित एस. एस. बी चौकी डांगा, बेलापरसुवा, बरसोला सीमा से लगे सभी एस. एस. चौकी में सीमा जागरण मंच के संगठन ने धूम - धाम से रक्षाबंधन पर्व मनाया। इस अवसर पर उपस्थित सीमा वर्ती फ़ौज ने इस संघठन की सराहना की सीमा जागरण मंच के जिलाध्यक्ष विनयजायसवाल, जिला श्रद्धा जागरण प्रमुख कलित महराज ने संगठन के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा राष्ट्र विरोधी ताकतों द्वारा सीमावर्ती में चलाएं जाने वाली गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। इस सीमावर्ती ग्रामीणों को सजग रहते हुए ऐसी ताकतों से निपटने के लिए उनके दायित्व और कर्तव्यों को निर्वहन करने के लिए कहा, संबोधन के दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि विदेशी ताकतें हमारे देश को कमजोर करने के लिए हथकंडे अपनाते रहते हैं, राष्ट्र विरोधी ताकतों से निपटने के लिए सरकार अपने स्तर से हर संभव प्रयास करती है। लेकिन सरकार के साथ-साथ सीमा पर बसे होने के नाते हम ग्रामीणों को भी सीमा की सुरक्षा के प्रति सजग रहना होगा। तत्पश्चात खंड जिला महामंत्री प्रमोद कुमार वर्मा ने आने वाले पवित्र पर्व रक्षाबंधन के विषय में प्रकाश डालते हुए कहा, सीमा जागरण मंच के संगठन द्वारा पुलिस चौकी, एसएसबी कैंप, सरकारी दफ्तर हर जगह यह अभियान चलाकर अपने देश में रहने वाली हर मां बहन की रक्षा करना हम भारतीयों का परम कर्तव्य है, और रक्षा सूत्र वितरण करके यह संदेश दिया इस देश में निवास करने वाले सभी हमारे भाई, बहन हैं जिनकी रक्षा करना इस संगठन का उद्देश्य है। हमारे देश के जवान जो चौबीस घंटे देश की रक्षा के लिए तैयार रहते हैं उन वीर जवानो के कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर दीर्घायु का आशीर्वाद ग्रामीण बहनों ने दिया। इस अवसर पर हरि शंकर वर्मा, रमेश वर्मा, लेखराम राठौर, दीपू गुप्ता विजय पाल, दिनेश डॉक्टर गुप्त,समस्त सीमा जागरण मंच के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ध्यान चंद के जन्मदिन पर खेल प्रतियोगिता आयोजित

जन एक्सप्रेस | सीतापुर




उ0प्र0 शासन एवं खेल निदेशालय, लखनऊ से प्राप्त निर्देशो के क्रम में जिला प्रशासन के सहयोग से 29 अगस्त,2023 को दादा ध्यान चन्द हॉकी के जादूगर के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस-2023 के उपलक्ष्य में दिनांक 21 अगस्त से 29 अगस्त 2023 तक खेल सप्ताह आयोजन के अन्तर्गत में आज दिनांक 29.08.2023 को खेल सप्ताह के अन्तिम दिन जिला खेल कार्यालय, सीतापुर द्वारा हाकी 14 वर्षीय बालक वर्ग प्रतियोगिता के फाइनल मैच का आयोजन स्थानीय मेजर ध्यान चन्द स्टेडियम में किया गया। खेल सप्ताह के समापन के अवसर पर आज के मुख्य अतिथि श्रीमती अमृता सिंह, नगर मजिस्ट्रेट, सीतापुर के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर किया गया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि महोदया द्वारा स्व0 मेजर दादा ध्यान चन्द जी को पूष्प अर्पित किये गये, तत्पश्चात विजेता/उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर खेल दिवस के अवसर पर सुश्री प्रिया पटेल, जिला प्रोबेशन अधिकारी, महिला कल्याण विभाग के द्वारा बालिका खिलाड़ियों को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि महोदया के करकमलो द्वारा सभी विजेता/ उपविजेता बालिका खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया गया। मुख्य अतिथि महोदया के द्वारा सभी खिलाड़ियों को अधिक से अधिक मेहनत करने हेतु प्रेरित किया। इस मौके जिला व्यायाम शिक्षक श्री राज शर्मा एवं विरिष्ठ हाकी खिलाड़ी श्री वसीम उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप श्री रवि प्रकाश सिंह श्री उदय प्रकाश सिंह, श्री गौरव वर्मा, श्री बृजेश वर्मा, श्री धर्मवीर यादव व सुश्री शाम्भवी गुप्ता आदि रहे। इस मौके श्री संजीव कुमार सिंह प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी, सीतापुर व जिला खेल कार्यालय के प्रशिक्षक, श्री विवेक, श्री मंयक, श्री सुरेन्द्र, श्री देवेन्द्र एवं विभिन्न विद्यालयों शारीरिक शिक्षक एवं अभिभावक व सभी कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आज हुये हाकी फाइनल मैच का परिणाम में फाइनल मैच में स्टेडियम ए टीम बनाम केन्द्रीय विद्यालय (द्वितीय पाली) के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम ए टीम 4-1 से विजय रही।

# शिक्षा जीवन का मूलभूत आधार है और खेल शारीरिक क्षमता विकास का सशक्त माध्यम : खुश्तर रहमान खाँ

जन एक्सप्रेस | सीतापुर



**परसेण्डी।** शिक्षा जीवन का मूलभूत आधार है और खेल शारीरिक क्षमता विकास का सशक्त माध्यम, इसलिये मनुष्य के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का अद्वितीय महत्व है। किसी भी शिक्षण संस्थान में यदि शिक्षा व्यवस्था बेहतर हो लेकिन खेलों का समावेश न किया जाय तो छात्र-छात्रओं के चौमुखी विकास को साकार करना आसान नहीं होगा।यह उद्गार आज उच्च प्राथमिक विद्यालय देना में प्रधानाध्यापक खुश्तर रहमान खाँ ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजित बाल सभा एवं माता उन्मुखीकरण गोष्ठी में व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होने यह भी कहा कि उन्होने कहा कि पुस्तकें हमारे जीवन का अमुल्य धरोहर हैं, हमें प्रत्येक दशा में अच्छी पुस्तकों आश्रर साहित्य से दोस्ती निभानी चाहिये ताकि पग-पग हमारा मार्ग प्रशस्त होता रहें। गौर तलब है कि बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार खेलों का जादूगर कहे जाने वाले जाने-माने हॉकी प्लेयर मेजर ध्यान चन्द के जन्म दिवस के अवसर पर आज विद्यालयों में बाल सभा का अयोजन करने के साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगितायें आयोजित की गई हैं। जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया है। खुश्तर रहमान खाँ ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग के निर्देशानुसार विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की माताओं का उन्मुखीकरण करने हेतु एक गोष्ठी को आयोजन आँगनबाड़ी केन्द्र के कक्षा-कक्ष में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रतिभाग किया। उपस्थित माताओं को शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी हुए विद्यालय स्तर पर बच्चों को मिल रही सुविधाओं का बताया गया और बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित करते हुए सामाज को मजबूत बनाने पर बल दिया गया। माता उन्मुखीकरण का यह कार्यक्रम मार्च 2024 तक प्रत्येक माह निरन्तर जारी रहने वाला कार्यक्रम है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद अनीस, पंचायत प्रतिनिधि यूसुफ आजाद, शिक्षक परवेज अख्तर अय्यूबी, किरन अवस्थी, विमल कुमार, संजय कुमार, आलोक कुमार मिश्रा, कामिनी राजवंशी, श्रीमती नीलम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री उर्मिला देवी, सुमन के अतिरिक्त उजागर लाल सहित बड़ी संख्या महिलायें उपस्थित रहीं। खेल प्रतियोगिताओं एवं बालसभा में बालसभा प्रधानमन्त्री शीतल राज समेत लक्ष्मी देवी, सिद्धार्थ राज, स्वाति, अख्तर अली, कन्हैया लाल, अजीत, अर्पित, संजना, अमन, समीर, शशि, अंशिका, साक्षी, माही, मुस्कान, मासूम सिंह, अमन जहाँ, सुमन जहाँ, रेशूराज, निर्मल, शमशाद, मधुरेश आदि बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिन्हें प्रधानाध्यापक द्वारा पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

# रक्षाबंधन आज और कल, बाजार गुलजार

### * गिफ्ट गैलरियों में रही भीड़, भाइयों ने भी खरीदे उपहार

जन एक्सप्रेस | शत्रुघ्न सिंह यादव

उरई। रक्षाबंधन पर्व पर बाजारों में रौनक लौट आई है। मंगलबार बंदी के दिन भी बाजार गुलजार दिखे, और राखियों की दुकानों पर भारी भीड़ नजर आई। इस बार भी बाजार में चाइनीज राखी बहुत कम नजर आई, दुकानदारों ने भी इनसे दूरी बनाए रखी। बाजार में स्वदेशी राखियों की धूम है, इन राखियों से भाइयों की कलाइयां दमकेगी। बहनें स्वदेशी राखियों को खूब पसंद कर रही हैं। दुकानों पर पूजन वाले धागों की भी खूब मांग रही, और फैशनेबल राखियां भी खूब पसंद की जा रही है।

### फोटो वाली राखियों की धूम

उरई। इस बार बाजारों में फोटो वाली राखियां भी उपलब्ध हैं। सदर बजार, चूड़ी मार्केट आदि क्षेत्रों में दुकानदार इन्हें बेच रहे हैं। पीवीसी राखी, एमडीएफ, मैटल एवं ब्रासलेट आदि में राखियां उपलब्ध हैं। ग्राहक पसंद के अनुसार फोटो छपवाकर तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। इसमें भाई-बहन के आकर्षक फोटो नजर आएंगे।

भाई-बहन के पवित्र प्रेम के इस पर्व से बाजारों में रौनक लौट आई है। नगर में दुकान व फुटपाथ कीकरीब 200 दुकानें सजी हैं, जबकि लगभग दर्जनभर दुकानदार थोक में भी इसकी बिक्री कर रहे हैं। इस बार बाजार स्वदेशी राखियों से भरा पड़ा है, जहां पर चंदन, मोती के अलावा कलात्मक राखियों की बाजार में मांग हैं। मोती



राखी दो डोरियों से बनी है, सफेद मोती से यह दमकती है। जड़ी राखी में कई क्वालिटी हैं। जर्किन काम वाली राखी सबसे महंगी है। इसलिए काम के हिसाब से इनका मूल्य तय हुआ है। लाल धागों से सजी इस राखी में छोटे कांचनुमा मोती लगाए गए हैं। इस बार बाजार में बच्चों के लिए खास किस्म की राखियां आई हैं। लाइट वाली 60 रुपये की राखी है, जबकि इतनी ही कीमत में टेडी बियर, छोटा भीम, डोरीमोन, छोटा भीम, मोटू-पतलू वाली राखियां भी शामिल हैं। यह राखियां बच्चों को लुभा रही है।

### बहनों के लिए उपहार है खास

उरई। रक्षाबंधन पर्व पर एक दूजे को उपहार देने का सिलसिला भी चलता है। जिन लड़कियों की शादी के बाद यह पहला त्योहार है, वे अपने भाई को राखी, मिठाई के साथ उपहार भी देंगी। वहीं भाई भी अपनी बहन को उपहार देंगे। ऐसे में चांदी व सोने की राखी भी सराफा बजार ज्वैलर्स की दुकानों पर बिक रही हैं। ज्वेलर्स सुभम सोनी ने बताया है कि चांदी की राखी 600 से दो हजार व सोने की राखी पांच हजार से शुरू होती है। भाई बहन के लिए उपहार स्वरुप सोने के आभूषण भी खरीद रहे हैं। कम बजट में रेडीमेड गारमेंट्स, चश्मा, हाथ की घड़ी, फोटो फ्रेम, आर्टिफिशियल ज्वेलरी आदि की मांग है।

## हुसैन की मजलिसों ने इंसानियत को रखा है जिंदा: मौलाना आगा अली

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी

इमाम हुसैन का गम आज पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है इमाम हुसैन ने इंसानियत की राह में अपना पूरा घर बार कुर्बान कर दिया। यह बात देवा रोड स्थित स्वर्गीय अली शब्बर साहब के अजाखाने में कदीमी जुलूसे सफर की मजलिस को संबोधित करते हुए आली जनाब मौलाना आगा अली साहब (प्रोफेसर नाजिमिया लखनऊ) ने कही। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन का गम ऐसा गम है। जो हर जाति और मजहब के लोग मनाते है। और उनकी कुर्बानी को याद करते है।उन्होंने आगे कहा कि दुनिया का पहला आतंकवादी का नाम यजीद है जिसने इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों को तीन दिन का भूखा प्यास शाहिद कर दिया। अंत मे मौलाना ने कर्बला के दर्दनाक मसायब बयान किये जिसे अजादार सुनकर रोने लगे मजलिस से पूर्व शायर-ए-अहले बैत कशिश संडेलवी, मुजफ्फर इमाम, गोलू इमाम, नजफ अब्बास, मोहम्मद अब्बास, अहमद अब्बास, कायम हसन (अर्श), अबान हुसैन, अली ने नजराने अकीदत पेश की। मजलिस के बाद अलम, ताबूत व जुल्जनाह निकाला गया जिसकी अजादारो ने जियारत की। जुलूस के दौरान अंजुमन गुलदस्ते हैदरी, अंजुमन गुंचे-ए-अब्बासिया, अंजुमन गुलामे अस्करी ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। जुलूस अपने पुराने रास्ते देवा रॉड, रफी नगर दुर्गापूरी होता हुआ लगभग 10 बजे अस्करी हाल पहुँचा जहाँ पर अंजुमनों ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की बादे जुलूस अंजुमन गुलामे अस्करी के साहेबे ब्याज नजफी अब्बास, अली, जौहर अब्बास, ने अलविदाई नौहा पढ़ा। उसके बाद इमामे जुमा मौलाना मोहम्मद रजा रिजवी ने अलविदाई मजलिस को खिताब किया। जुलूस के दौरान रास्ते में स्व मेंहदी अली, ताकिउंल हसन जैदी, इफ्तेखार हुसैन, रिजवान अली, स्व तहजीब अस्करी के आवास पर अजादारों के लिए पानी, शर्बत, चाय, बिस्कुट का भी एहतमाम किया गया।

## 29 महीने में आया फैसला, दुराचार के आरोपी को 12 वर्ष का कारावास

जन एक्सप्रेस/बाराबंकी। ऑपरेशन कनविक्शन के तहत मात्र 29 महीने चली कानूनी प्रक्रिया के बाद थाना मोहम्मदपुर खाला अंतर्गत एक किशोर के साथ दुराचार (अप्राकृतिक संबंध) बनाने सहित जानमाल की धमकी देने के आरोपी अजय चौहान उर्फ आशुतोष को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने 12 वर्ष का कारावास व 30 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। बता दें कि 23 मार्च वर्ष 2021 को थाना मोहम्मदपुर खाला के एक गांव के रहने वाले पिता ने अपने 12 वर्षीय पुत्र के साथ अप्राकृतिक संबंध सहित जानमाल की धमकी देने का आरोप अजय चौहान उर्फ आशुतोष पुत्र रामबाबू चौहान निवासी मल्हेसिंह पुरवा मजरे बैराना मऊ मंझारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। मामले में तत्कालीन विवेचक ने समुचित साक्ष्यों को एकत्रित कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वाद में प्रस्तुत साक्ष्यों को सक्षम मान कर आरोपी अजय को 12 वर्ष के कारावास व 30 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

## यूनीसेफने किया बाल सभा का आयोजन

जन एक्सप्रेस | मसौली-बाराबंकी

बच्चे अपने देश का भविष्य होते है। किसी भी देश के विकास के लिए बच्चों का विकास बहुत जरूरी है। ऐसे में समाज और देश की जिम्मेदारी है कि बच्चों को रहने योग्य बेहतर माहौल और अच्छी शिक्षा दी जाए। इन्हीं भावी प्रतिभाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए सरकार तमाम तरह की योजनाएँ संचालित कर रही है।

उक्त बाते मंगलवार को कम्पॉजिट विद्यालय चिलौकी मे यूनिसेफ के तत्वाधान मे आयोजित बाल सभा का उद्घाटन करते हुए ग्राम प्रधान सोमनाथ राजपूत ने कही उन्होंने कहा कि बाल सभा शुरू करने की सरकार की सोच ये है कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इससे बच्चे रचनात्मक और सृजनात्मक होते हैं। कोई भी नई चीज आसानी से सीखने का बच्चों में कौशल होता है। सृजनात्मक शक्ति का विकास, संप्रेषण क्षमता एवं सहभागिता का विकास, समूह में पारस्परिक सीखने का विकास, शारीरिक विकास, दबावमुक्त, आनंददायी सीखने का वातावरण,



मूल्यों का विकास आदि उद्देश्य को लेकर स्कूल स्तर पर अवसर देकर बच्चों को होनहार बनाया जा सकेगा। ग्राम पंचायत मे बाल सभा गठन के क्रम मे शासन द्वारा निर्धारित पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी का बोध कराते हुए अपने अपने विषय को ध्यान मे रखते हुए समस्याओं की पहचान एवं निदान पैरवी पर अनवरत बने रहने की बात बाल सभा अध्यक्ष द्वारा तय कराया गया। बढ़ते क्रम मे खेल दिवस के अवसर पर बालक बालिकाओं द्वारा रूचि के अनुसार बालिकाओं द्वारा खो-खो,100 मीटर दौड़ एवं बालक द्वारा कबड्डी लम्बी कूद 100 मीटर दौड़ कराई गयी दौड़ मे विजेताओं को ग्राम पंचायत अध्यक्ष एवं टीम द्वारा कॉपी, पेन, पेन्सिल देकर पुरस्कृत किया गया पुरस्कार पाकर बच्चो के चेहरे पर मुस्कान देखा गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक नरेंद्र कुमार, शालिनी वर्मा, सुमन वर्मा, प्रमिला गुप्ता, संगीता वर्मा, दीक्षा श्रीवास्तव, रामहेत सहित ग्राम सभा के पंचायत सदस्यों आंगनवाड़ी, आशा, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, कोटेदार, पंचायत के संभ्रान्ति व्यक्ति सहित सैकड़ो बालक बालिकाएं उपस्थिति रही।

## आज रात नौ बजे से गुरुवार की सुबह 7 :46 तक राखी बांधना शुभ

### * पूर्णिमा होगी आज, लेकिन दिन भर भद्रा के चलते नहीं बंध सकेगी राखी

जन एक्सप्रेस | उरई

सावन मास की पूर्णिमा के दिन मनाए जाने वाले भाई बहन के प्रेम के पर्व रक्षाबंधन त्योहार को लेकर थोड़ा असमंजस पैदा हो गया है। कुछ लोगों का कहना है कि ये पर्व 30 अगस्त को है तो कुछ लोगों का कहना है कि ये त्योहार 31 अगस्त को मनाया जाएगा। इस बार पूर्णिमा आज यानि बुधवार सुबह 10:13 पर शुरु होगी, जो गुरुवार की सुबह 7:46 तक रहेगी। लेकिन पूर्णिमा का प्रारंभ होने के साथ ही भद्रा काल भी शुरु हो रहा है, इस लिए आज दिन भर राखी नहीं बांधी जा सकेगी। यह जानकारी भागवत कथा वाचक व ज्योतिषाचार्य पं. रामनरेश व्यास ने दी। उन्होंने बताया कि भद्रा काल सुबह 10:13 से शुरु हो जायेगा जो रात्रि 8:57 बजे तक रहेगा। भद्रा काल में राखी बांधना सर्वथा वर्जित है। ऐसे में आज यह पर्व दिन में नहीं मनाया जायेगा।



पूर्णिमा गुरुवार की सुबह 7:46 तक रहेगी ऐसे में बुधबार की रात 9 बजे के बाद राखी बांधी जा सकती है। हांलाकि जो लोग उदयातिथि मानते हैं वो तो रक्षाबंधन का पर्व कल गुरुवार को मनाएंगे और जो लोग इसे नहीं मानते हैं वो अपनी बहनों से राखी आज रात में ही बंधवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्नान दान व उपाकर्म के लिए 31 अगस्त गुरुवार को सुबह 7:46 तक का ही शुभ मुहूर्त है।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल बीएसए से मिला

जन एक्सप्रेस | उरई

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान के नेतृत्व में सोमवार को बीएसए चन्द्र प्रकाश से मिला। साथ ही शिक्षक समस्याओं के निराकरण को लेकर 17 सूत्रीय माँगपत्र सौंपकर समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की।जिला महामंत्री इलयास मंसूरी ने 17 सूत्रीय ज्ञापन में बताया कि शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों के साथ शिक्षक समस्याओं के समाधान हेतु माह में बार बैठक करने, मानव सम्पदा पोर्टल पर बीईओ द्वारा एरियर



आवेदन फारवर्ड न करने की समस्या का समाधान कराने, निरीक्षणकर्ताओं की गलती से अवकाश पर होने पर भी शिक्षकों के रुके हुए वेतन बहाल करने, देरी के कारण रोके गए वेतन बहाल करने, प्रतिकूल प्रविष्टियां विलोपित करने, रुकी वेतनवृद्धियां बहाल करने, अंतर्जनपदीय स्थानांतरित एलपीसी प्राप्त शिक्षकों का वेतन लगाने, अप्राप्त एलपीसी मंगाने हेतु संबंधित जिले को पत्र भेजने, शिक्षकों के चयन वेतनमान व प्रोन्नत वेतनमान नियमानुसार समय से स्वीकृत करने, एनपीएस कटौती को प्रान खाते में अपडेट करने, रसोइया मानदेय आदि 17 मांगे रखी गईं। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवस्तव, अखिलेश अवस्थी, अपर्णा गुप्ता, सीमा गुप्ता, जयकरन आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कारागार में निरुद्ध बंदियों की कलाई नहीं रहेगी सूनी, बहनें बांध सकेंगी राखी

जन एक्सप्रेस | उरई

कारागार में निरुद्ध सभी पुरुष बंदियों को उनकी बहने राखी बांध सकेगी। साथ ही महिला बंदी भी अपने भाईयों को राखी बांध सकेंगी। बाहर से आने वाली बहनों के लिए राखी से लेकर मिठाई तक की व्यवस्था जेल प्रशासन करेगा। यह बात जेल अधीक्षक नीरज देव ने कही। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन को लेकर कारागार प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

जेलर से लेकर डिप्टी जेलर तक सभी को उनकी ड्यूटियां आवंटित




कर दी गईं हैं। बाहर से आने वाली महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक से अतिरिक्त महिला पुलिस कर्मियों की मांग की गई है। राखी बांधने की समस्त व्यवस्थाएं, चंदन, टीका, मिठाई, दीपक आदि सभी सामान कारागार प्रशासन की तरफ से मुहैया कराया जाएगा। जेल में निरुद्ध भाई को राखी बाहर से आने वाली बहनें तो बांधेगी ही जेल में निरुद्ध बहनें भी अपने भाइयों को राखी बांध सकेगीं। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी कोई कलाई सूनी न रहे की तर्ज पर जेल प्रशासन की कोशिश है कि सभी भाइयों और बहनों को रक्षाबंधन मनाने का पूर्ण अवसर मिले। बताया कि एनजीओ की मदद से कपड़ा प्राप्त कर लगभग 200 राखी का निर्माण जेल के अंदर ही कराया गया है, ये राखियां जेल में निरुद्ध बंदियों द्वारा ही बनाई गईं हैं। वहीं जेल अधीक्षक ने बताया कि जिले के सभी अधिकारियों को जेल में बनी हुईं राखियां भेंट की जा रही हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दिखने लगा मौसमी बीमारियों का असर



जन एक्सप्रेस/बाराबंकी। जिला अस्पताल में मरीजों पर मौसमी बीमारियों का असर दिखने लगा है। इन दिनों बुखार उल्टी दस्त के मरीज बढ़ गए है। जिले में धीरे-धीरे बुखार और डायरिया के मरीज बढ़ रहे है। मंगलवार को जिला अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक यहां 40 फीसदी बुखार और डायरिया से पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंचे। पूछने पर सीएमएस डॉक्टर बृजेश कुमार ने बताया कि मौसम में हुए अचानक से बदलाव के चलते बुखार और डायरिया की समस्या बढ़ गई है। धूप में घूमने या बाहर निकलने से विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में बेहतर है कि लोग उमस भरी गर्मी से बचाव करें। साथ ही बाहर की तली भुनी चीजों का कटे फल सहित रात का बचा हुआ खाना खाने से बचें।

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुए विविध-आयोजन

जन एक्सप्रेस/बाराबंकी। जिले में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसमें शहर के पुलिस लाइन चौराहे पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कर्नल ध्यानचंद की प्रतिमा पर शहरवासियों ने माल्यार्पण कर इस दिवस को मनाया। यहां भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष देवराज त्रिपाठी, नामित सभासद रुद्र अवस्थी, भाजपा सभासद उपेंद्र मौर्या, शक्ति केंद्र संयोजक मनोज कनौजिया, आशीष सिंह, हेमंत, अजय कुमार सैनी सहित दर्जनों शहरवासी उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को हुआ 20 वर्ष का कठोर कारावास

जन एक्सप्रेस/उरई। न्यायालय में 5 वर्ष ट्रायल पर चले मुकदमे के दौरान न्यायाधीश ने दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध होने के बाद 50 हजार का जुर्माना भी लगाया। शासकीय अधिवक्ता ब्रजराज सिंह राजपूत ने बताया कि 2018 में शहर कोतवाली के एक गांव निवासी किशोरी खेत में बकरी चराने जा रही थी। तभी ग्राम रगौली निवासी रंजित ने उसे रास्ते में रोककर उसके साथ दुष्कर्म कर दिया था। जब पीडिता आरोपी के चंगुल से छूटी, तो उसने घर पहुंचकर पिता को घटना की आप बीती बताई। जिस पर पिता ने मामले की शिकायत उरई कोतवाली पुलिस से की थी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर पांच नवंबर 2018 को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। पांच साल तक चली सुनवाई के दौरान गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर पॉक्सो एक्ट कोर्ट के विशेष न्यायाधीश अवनीश कुमार ने आरोपी को घटना का दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। दोषी घटना के बाद से ही जिला कारागार में बंद है।

### सावन का अंतिम दिन आज, महादेवा पहुंचेंगे लाखों श्रद्धालु



जन एक्सप्रेस/रामनगर-बाराबंकी। तहसील रामनगर के प्रसिद्ध तीर्थ धाम लोधेश्वर महादेवा में सावन के अंतिम सोमवार के एक दिन पूर्व से रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा का पूजन अर्चन कर मनवांछित फल की कामना कर रहे है। बुधवार को सावन का आखिरी दिन है। जिसके चलते यह दूरदराज सहित क्षेत्रीय श्रद्धालुओं का बड़ी संख्या में पहुंचना होगा। जिसको लेकर प्रशासन मुस्तैद है।बीते 60 दिनों से यहां श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लोधेश्वर भगवान के पूजन अर्चन के लिए लगी रही। हालांकि इस बीच भीड़ बढ़ने पर इक्का-दुक्का चेन स्नेचिंग की घटनाएं देखी गई। जिनमें मंदिर के गर्भ गृह में मौजूद शातिर महिलाओं ने श्रद्धालुओं के गले में पड़ी चेन को उड़ा कर गायब हो जाना सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ी चूक है। लेकिन इन खामियों के बीच मंदिर के पुजारी आदित्य तिवारी सहित क्षेत्रीय जनता का कहना है कि इस बार 60 दिन के इस बड़े आयोजन की जिम्मेदारी जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी रामनगर अनुराग सिंह को सौंपी थी। जिनके नेतृत्व में बीडीओ रामनगर अमित कुमार त्रिपाठी,अधिशासी अधिकारी रामनगर, प्रभारी निरीक्षक रामनगर सुरेश पांडेय की टीम ने बड़ी मुस्तैदी से निभाई है। जिसके लिए उन्होंने खबर के माध्यम से संबंधित अधिकारियों का आभार प्रकट किया है।

### आइटीबीपी सब इंस्पेक्टर की मौत

जन एक्सप्रेस/जालौन। मोहल्ला कछोरन निवासी सब इंस्पेक्टर कि अचानक हालत बिगड़ने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जालौन के मोहल्ला कछोरन निवासी उमाकांत दीक्षित 55 वर्ष आइटीबीपी में सब इंस्पेक्टर थे। जिनकी तैनाती इन दोनों छत्तीसगढ़ के रायपुर में थी। जो रक्षाबंधन के त्यौहार को परिजनों के साथ मनाने के लिए 20 दिन की छुट्टी पर 5 दिन पहले ही अपने घर आए हुए थे। तभी सोमवार देर रात अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर परिजन जालौन अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के पुत्र कपिल दीक्षित ने बताया कि पिता को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी।

### युवक ने यमुना में लगाई छलांग, डूब कर हुआ लापता

जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार। थाना क्षेत्र में युवक ने पाल सरेनी पुल से यमुना नदी में छलांग लगा दी। जिसमें डूब कर लापता हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से यमुना में कूदे युवक की तलाश शुरू करवा दी। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम पाल सरेनी निवासी धीरू सिंह 20 वर्ष ने मंगलवार की दोपहर किन्हीं कारणों के चलते पाल सरेनी पुल से यमुना नदी में छलांग लगा दी। जिसमें डूब कर लापता हो गया। इस दौरान कुछ दूर मौजूद लोगों ने उसे नदी में कूदते देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों ने पुलिस व उसके परिजनों को जानकारी दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंच गए। वही खबर मिलते ही पुलिस ने नाव वालों व स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर नदी में उतरवाया और रेस्क्यू शुरू करवा दिया। वहीं सिरसा कलार थानाध्यक्ष दिनेश कुरील ने बताया है कि उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

## बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल व कालपी में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

जन एक्सप्रेस | उरई/कालपी

शहर के झांसी रोड स्थित बृज कुँवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल में मेजर ध्यानचन्द्र के जन्मोत्सव को राष्ट्रीय खेल दिवस के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबन्धक अजय इटौरिया ने फीता काट किया। आयोजन में सर्वप्रथम विद्यालय की चौयरमैन सुविधा इटौरिया, प्रधानाचार्या सीमा श्रीखण्डे को कक्षा 12 की छात्रा माही व साक्षी नेगुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय की कक्षा 12 की छात्रा खुशी यादव के भाषण दिया। जिसे सुन सभी के अन्दर देशभक्ति का जज्बा हिलोरे मारने लगा। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के पिरामिड बनाए, जिसे देख सभी आश्चर्यचकित रह गए। कक्षा 12 के छात्र पीयूष, रिषभ सिंह, हर्ष पाल, अरबाज अहमद, जब पिरामिड के ऊपर राष्ट्रध्वज को लेकर भारत माता की जय के नारे लगाये तो सभी जोश से भर गए। विद्यालय की छात्राएं प्रतीक



रुप से भारतीय ध्वज बनीं। जिसमें विद्यालय की छात्रा रितु, दिव्यांशी, सिवंया, राधा यादव ने बड़ी खूबसूरती से दर्शाया। भारत का अशोक चक्र के रुप में किम शर्मा, पलक खान ने बहुत ही खूबसूरती से दर्शाया।



कार्यक्रम के अन्त मे विद्यालय के प्रबन्धक ने सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि खेलकूद से हमारा शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक आकाश बाथम, शांतनु गुप्ता ने कहा कि इस दिवस का मुख्य उदेश्शय लोगों को खेलों से जोड़कर उनका सर्वांगीण विकास करना है।

इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य आशीष तिवारी, पुरुषोत्तम पुरवार, गोविन्द सिंह, देवेश पाठक, महेश कुशवाहा, मनीष गुप्ता, नीरजा त्रिपाठी, स्वेता तिवारी, ममता वर्मा, आदि उपस्थित रहे। साथ ही कालपी के आर्य कन्या पाठशाला में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन प्रधानाचार्य नुजहत जहां की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज के परिसर में बाल सभा, फिटनेस तथा खेल प्रतियोगिताएं कराकर विद्यार्थियों को खेल के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि छोटे इलाकों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बल्कि उसके निखारने की आवश्यकता है। इस मौके पर रजनी पुरवार, नालनी सिंह, ज्योति शुक्ला आदि शिक्षक तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपा के वरिष्ठ नेताओं ने एसएसपी से की मुलाकात

**✻ राजू पर एफआईआर दर्ज करने की मांग**

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय से उनके ऑफिस में मुलाकात की जिसमें मुख्यरूप से पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हमीद जफर मीशम महिला सभा जिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज यादव महानगर महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती अपर्णा जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी के साथ मुलाकात की। जिसमें 22/08/2023 को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा एक ज्ञापन तहरीर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय अयोध्या के नाम से एसपी सिटी महोदय फैजाबाद अयोध्या को दिया गया था। जिसमें मुख्य रूप से सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री विधायक अवधेश प्रसाद सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन विधायक अभय सिंह पूर्व मंत्री आनंद सिंह यादव बीकापुर विधानसभा के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर एवं समाजवादी पार्टी व महानगर सहित सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष के द्वारा दिया गया था। उक्त ज्ञापन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ऊपर अयोध्या के कथित महंत राजू दास द्वारा अभद्र टिप्पणी करने को लेकर था। जिसपर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद भी पुनः राजू दास द्वारा एक विवादित वीडियो स्वयं की आईडी से जारी करते हुए संपूर्ण नारी समाज के ऊपर बेहद अभद्र टिप्पणी किया था।

जिसकी पूरी समाजवादी पार्टी निंदा करते हुए इस पर भी उचित कार्रवाई की मांग की है। सपा नेताओं ने कहा की एक सप्ताह बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर आज पुनः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से वार्ता किया और रिमाइंडर ज्ञापन देते हुए अविलम्ब एफआई आर दर्ज करने की मांग किया गया। वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय ने आश्वासन दिया कि जांच जारी है जल्दी उचित कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता मो हलीम पप्पू अंसार अहमद बबन राकेश चौरसिया विशाल यादव जगन्नाथ यादव सूर्यभान यादव एडवोकेट संतराम यादव वीरेंद्र गौतम हिमांशु तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# गड्ढा बना आने-जाने वाले मरीजों के लिए परेशानी का सबब

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

जनपद की अधिकांश सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आम जनमानस को आने जाने में परेशानी हो रही है।सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने से यात्रा में समय अधिक लगता ही है और हादसों की आशंका भी बढ़ जाती है। मरीज सही समय से चिकित्सालय नहीं पहुंच पाते हैं जिससे मृत्यु भी हो जाती है। आपको बता दें कि जिला चिकित्सालय के सामने भी एक बड़ा गड्ढा हो गया है। जिला चिकित्सालय आने वाले मरीज गड्ढे में गिरकर चोटिल हो रहे हैं मरीज के परिजन भी इस गड्ढे की



वजह से चोटिल हो चुके हैं गाड़ियां भी फंस जाती है। लेकिन ना तो जिला चिकित्सालय प्रशासन और ना ही नगर निगम इस पर ध्यान दे रहा है बड़ हादसा का सबक बनता जा रहा है यह गड्ढा वहीं समाजसेवी पत्रकार रविकांत ने बताया कि कई बार लोग रात्रि में इस गड्ढे की वजह से चोटिल हो जाते हैं और उन्हें जिला चिकित्सालय में ही इलाज करवाना पड़ता है नगर निगम और जिला चिकित्सालय प्रशासन से मांग है जल्द से जल्द से गड्ढे को भरवाया जाए जिससे आवागमन सुचारू रूप से चल सके और जिला चिकित्सालय आने वाले मरीजों को कोई परेशानी ना हो।

# ग्लोबल स्कॉलर फाउन्डेशन महाराष्ट्र ने प्रीती मौर्य को किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

ग्लोबल स्कॉलर फाउन्डेशन महाराष्ट्र द्वारा सुश्री प्रीती मौर्य, अयोध्या, उ0प्र0 को भारतीय नारी रत्न अवार्ड से होटल सायाजी, पुणे में सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पदमश्री गिरीश य. प्रभुने द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका पर उत्कृष्ट सामाजिक कार्य किये जाने पर भारतीय नारी रत्न अवार्ड से आदृत किया गया। अन्तिम पायदान पर जीवनयापन करने वाले परिवारों को पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आजीविका तक पहुच बनाने में सुश्री प्रीती मौर्य ने अहम भूमिका निभाई है।



इसके पूर्व सुश्री प्रीती मौर्य को सन् 2022 में लखनऊ में महिलाओं एवं बच्चों की स्वच्छता एवं आजीविका के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये 8th Flow Women's Award राकेश सचान कैबिनेट मंत्री, उ0प्र0 सरकार, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

# अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे ने किया कैन्ट स्टेशन का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट चौकी जीआरपी अयोध्या का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना चौकी के कार्यालय, मालखाना, बन्दीगृह का निरीक्षण किया गया।

साफ-सफाई सन्तोषजनक सन्तोष जनक पाई गई तथा रेलवे स्टेशन अयोध्या कैन्ट अयोध्या जक्शन पर लगे बैग स्कैनर, प्लेटफार्मों सर्कुलेटिंग एरिया, कर्मचारी बैरक, मेस आदि का भौतिक स्थलीय निरीक्षण किया गया, उक्त के अतिरिक्त भविष्य में रेलवे स्टेशन अयोध्या जं0 पर प्रस्तावित बनने वाले थाने के स्थान का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश के साथ-साथ श्रावण झूला मेला जीआरपी क्षेत्रान्तर्गत स्टेशन का जायजा लेकर श्रावण झूला मेला लगे अतिरिक्त पुलिस बल एवं थाना व चौकी पर नियुक्त समस्त अधिकारी



कर्मचारीगण के सैनिक सम्मेलन कर ब्रीफ किया गया उनके समस्याओं के बारें में पूछा गया।

रेलवे स्टेशन अयोध्या कैन्ट पर बने महिला हेल्प डेस्क की गुणवत्ता की परख करते हुए मिशन शक्ति अभियान के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही किये जाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार एवं आपरेशन दृष्टि योजना के अन्तर्गत स्टेशन के आस-पास त्रिनेत्र/ सीसीटीवी कैमरा आमजन के सहयोग/राजकीय अधिक से अधिक निगरानी/घटना के आनावर में सहयोग प्राप्त करने हेतु विशेष बल दिया गया। थाने पर नियुक्त उ0नि0गण को उनके लम्बित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण/ अयोध्या की संवेदनशीलता के मद्देनजर थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट पुलिस को अयोध्या जं0/अयोध्या कैन्ट के परिसर एवं आने-जाने वाली ट्रेनों में विशेष सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु निरन्तर चेकिंग अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# लोक जनशक्ति (रामविलास) पार्टी ने लिखा मुख्यमंत्री योगी को पत्र

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

लोक जनशक्ति (रामविलास) पार्टी उत्तर प्रदेश के महासचिव इति प्रकाश वर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को पत्र लिखकर ग्राम बभनियावां में आत्म प्रकाश सिंह की भूमि पर लैंड जिहादी मुस्लिम समुदाय द्वारा अवैध रूप से भूमि कब्जा कर नवैय्यत व स्वामित्व बदलने की साजिश एवं परिवार सहित बम से उड़ाने की धमकी देने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु अपील किया और कहा पीड़ित आत्म प्रकाश सिंह पुत्र राम पवित्र सिंह नि0 ग्राम बभनियावाँ थाना रौनाही तहसील सोहावल जनपद अयोध्या स्थित गाटा संख्या 94 मिं.बाग राजस्व अभिलेखों में पूर्वजों के समय से दर्ज चला आ रहा है जबकि चकबंदी प्रक्रिया जो सन 1985 मे हुई थी उसमे किसी प्रकार का ईदगाह राजस्व अभिलेखों मे नही दर्ज है,पिछले वर्ष से भूमिधर के जमीन में मुस्लिम समुदाय के अधिकांश बाहरी लोग बगैर प्रशासनिक स्वीकृति के अवैध रूप से जबरन ईद व बकरीद पर नमाज अदा करने लगे भूस्वामी ने जब आपत्ति किया तो उक्त मुस्लिम समुदाय के लोग आमादा फौजदारी हो गए। उक्त घटना की सूचना पीड़ित ने रौनाही थाना व उप जिला अधिकारी सोहावल जनपद अयोध्या को दिया। पीड़ित के पुत्र प्रभाकर सिंह उक्त प्रकरण से अवगत कराने दिनांक 18 अप्रैल 2023 को सांसद लल्लू सिंह के आवास पर गया और आवास से जैसे ही बाहर निकला तो गेट के पास से ही सादी वर्दी में पुलिस ने खींचकर बोलोरो मे लादकर मनगढ़ंत , फर्जी घटना दिखाकर शान्ति भंग मे जेल भेज दिया उधर अवैध रूप से दबंग लैंड जिहादियों द्वारा ईद की नमाज आत्म प्रकाश सिंह की भूमि पर अदा की गई।

# मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर विद्यालय मे विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में मंगलवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस मनाया गया। विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा हॉकी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।




जानकारी के अनुसार 29 अगस्त को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में ''मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस'' उत्साह पूर्वक मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी एवं उपप्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यापर्ण किया एवं द्वीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने बच्चों को बताया कि मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद, संयुक्त प्रांत, ब्रिटिश भारत में हुआ था। इनके जन्मदिन को भारत का राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया गया है। इसी दिन खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार अर्जुन पुरस्कार प्रदान किये जाते है। भारत ओलम्पिक संघ ने ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया था। मेजर ध्यानचंद एक भारतीय फील्ड हॉकी खिलाड़ी थे, हॉकी स्टिक और गेंद पर इनकी मजबूत पकड़ के कारण इन्हे हॉकी का जादूगर कहा जाता है। इन्ही के जन्मदिवस पर 29 अगस्त को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के सम्मान में राजीव गाँधी खेल पुरस्कार को बदलकर मेजर ध्यानचंद खेल पुरस्कार घोषित किया। विद्यालय के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत गीत-चक दे चक दे एक हॉकी दूंगी चक दे नामक गीत पर जिसमें आराध्या, नाव्या, आस्था, आशिता, सुभी, काव्या एवं श्रेयसी ने एक मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया जिसको सभी लोग देखते ही रह गये। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी के नेतृत्व में खेल कोच अमित राना एवं आबिद अली सहित विद्यालय के हॉकी टीम के साथ हॉकी खेल का शुभारंभ किया। विद्यालय की हॉकी टीम में भाग लेने वाले छात्र में महेश, आराध्या, देवेश, अंकित, उमेश, ओंमकार, हर्ष, ब्रिजेश, मुकेश, अंश, अमर, विवके, जीवेश, अजहान, ऋषि, निशांत, सूरज, ओम, अबू सुलेह एवं राहुल ने हॉकी फील्ड में अपना जौहर दिखाया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ तिवारी ने सभी छात्र छात्राओं को हॉकी फील्ड में बताया कि हमारे देश का उज्जवल भविष्य युवाओं पर टिका होता है इसलिए हमारे देश के युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा अगर देश की युवा पीढ़ी ही गलत रास्ते में जाने लगेगा, तो निश्चित ही उसका भविष्य अंधकारमय हो जायेगा। नशे से सम्बन्धित टी0वी0 पर प्रचार के द्वारा जो भ्रामक दृश्य दिखाये जा रहे है जो युवा वर्ग को नशा के लिए प्रोत्साहित करते है। प्रबंध निदेशक ने कहा कि खेल के लिए यह बहुत ही आवश्यक है कि हमारी युवा वर्ग नशे से बहुत ही दूर रहे और अपने परिवार व स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0 पी0 तिवारी ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी (एक्टीविटी इंचार्ज) सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएँ उपस्थित होकर मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस मनाया।

# भारत नेपाल सीमा पर तैनात जवानों को स्कूली छात्राओं ने बांधी राखी

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के प्रांगण में कार्यवाहक कमांडेंट अनिल कुमार यादव के साथ उपस्थित सभी कार्मिकों के द्वारा रक्षाबंधन उत्सव बड़े हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान कृपा राम जन जागृति हाई स्कूल, अगैया के छात्राओं के द्वारा फौजी भाईयो को बड़े प्यार से माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी, मुंह मीठा कराया, फिर रंग बिरंगी रखिया कलाईयों पर बांधी गई। बदले में जवानों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा तथा बहनों की सुरक्षा का भरोसा दिया गया। 42वीं वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट के द्वारा सभी बहनों को धन्यवाद वयक्त करते हुए बताया गया कि यह आयोजन विश्वास दिलाता है कि हम अपने घरों से दूर जरूर हैं।

# सेंट जेवियर्स स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इंटर हाउस चेस प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष मे इंटर हाउस चेस कंपटीशन का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस चेस कंपटीशन का आयोजन किया गया। इंटर हाउस चेस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों ने प्रतिभा किया। प्रतियोगिता आयोजक केतन त्रिवेदी के मार्गदर्शन में चेस कंपटीशन बालिका एवं बालक वर्गों में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता की शुरुआत में प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रधानाचार्य



आसिम रूमी ने हाउस वाइज प्रतिभागी बच्चों का परिचय प्राप्त किया एवं प्रतियोगिता की शुरुआत की औपचारिक घोषणा भी की। स्पर्धा के निर्णायक में विद्यालय के अध्यापक लईक अंसारी रहे। इंटर हाउसेस प्रतियोगिता में ट्यूलिप हाउस से अना खान, लिली हाउस से लक्ष्य पांडे, वैष्णवी सिंह लैवेंडर हाउस से खालिद खान, स्नेहा शुक्ला और ऑर्किड हाउस से आयुषी पांडे व अशरफ ने अपने-अपने हाउसों का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग मे प्रथम स्थान अना खान, ट्यूलिप हाउस, द्वितीय स्थान आरुषि पांडे ऑर्किड हाउस, स्नेहा, लैवेंडर हाउस तृतीय स्थान तथा चतुर्थ स्थान पर वैष्णवी सिंह, लिली हाउस ने प्राप्त किया। बालक वर्ग मे प्रथम स्थान अशरफ ऑर्किड हाउस, द्वितीय स्थान खालिक खान लैवेंडर हाउस व तृतीय स्थान लक्ष्य पांडे, लिली हाउस को प्रदान कियाा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्राचार्य आसिम रूमी ने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन हमारी सोच व निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने का हमें मौका देते है। उन्होंने बच्चों की प्रशंसा करते हुए विजेता एवं उपविजेता हाउस के बच्चों को बधाइयां दी। शतरंज के संदर्भ में विश्व पटल पर भारतीय उपलब्धियां को भी प्रधानाचार्य ने बच्चों से साझा किया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विद्यालय समन्वयक राजेश जायसवाल व आफाक हुसैन के अतिरिक्त लइक अंसारी, केतन त्रिवेदी तथा अमन जायसवाल का विशेष योगदान रहा।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित

**जन एक्सप्रेस | बलरामपुर**

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत इमलिया कोडर,पचपेड़वा में अवस्थित ग्रामीण स्टेडियम में तीरंदाजी खेल का शुभारंभ जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद मुख्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में युवक और महिला मंगल दलों के माध्यम से एक दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का भी आयोजन किया गया। वहीं युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल




द्वारा भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी ज्ञान बाबू तिवारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शक्ति मिश्रा और पी.आर.डी जवान चंद्र प्रकाश, सहदेव, मुन्ना लाल, प्रेम प्रकाश, गंगाराम, मनीराम, शिवनाथ और मंगल दल अध्यक्ष चंदनपुर राजेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक दोनों विकास होता है।

# चारागाह की जमीन पर कब्जा अनदेखी कर रहा तहसील प्रशासन

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

पयागपुर तहसील क्षेत्र में भू-माफियाओं के अवैध कब्जे से हर कोई परेशान है। कई लोगों ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन और तहसील प्रशासन से की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब तो सभी लोग यही बात कर रहे हैं कि काश, बाबा का बुलडोजर एक बार पयागपुर तहसील क्षेत्र में भी चल जाता। दरअसल, भू माफियाओं ने पयागपुर तहसील क्षेत्र के अमकोलवा गांव में चारागाह के बड़े क्षेत्रफल की सरकारी जमीन को अपने कब्जे में ले लिया है। इस पर कोई घर बना लिया है तो कोई खेती किसानी कर रहा है। इस प्रकरण को लेकर 26 अगस्त 2023 को गांव के ही मैनुद्दीन पुत्र सोहराब ने डीएम से शिकायत की है। शिकायत में आरोप है कि चारागाह की जमीन पर गोंडा जिले के इटियाथोक थाना के गिलौली के रहने वाले कुछ दबंग लोगों अवैध कब्जा कर घर बना लिया है। इनके अलावा अन्य कई लोगों का भी अवैध कब्जा है।

# नानपारा में वरिष्ठ पत्रकार पर दबंगों ने किया जानलेवा हमला, दहशत में परिवार

**✻ एसडीएम व सीओ से मिलेगा उपजा का प्रतिनिधि मंडल**

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

नानपारा के वरिष्ठ पत्रकार संदीप अग्रवाल पर दबंगों ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। हमलावरों ने उन्हें जान से मार देने की धमकी दी जिससे पत्रकार का परिवार दहशत में है। पुलिस ने पीड़ित पत्रकार की तहरीर पर दबंगों के विरुद्ध मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन आगे की कार्यवाही न होने के कारण पीड़ित परिवार अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है। इस मामले को लेकर पत्रकारों में रोष व्याप्त है। यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन उपजा का प्रतिनिधि मंडल इस मामले को लेकर उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिलकर ज्ञापन देगा। उपजा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, महामंत्री महेश कुमार गुप्ता, नानपारा तहसील अध्यक्ष मनोज टेकडीवाल एवं महामंत्री दीपक श्रीवास्तव ने हमलावरों के विरुद्ध तत्काल कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

नानपारा के वरिष्ठ पत्रकार संदीप अग्रवाल की कुछ जमीन ग्राम बहादुर पुरवा में है। कुछ लोग इनकी जमीन पर पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे जिसके बाद यह मामला अदालत पहुंच गया। एक ओर मामला अदालत में विचाराधीन है वहीं दूसरी ओर दबंग इस जमीन पर कब्जे का कोशिश में लगे रहते हैं । श्री अग्रवाल ने कहा है कि बुधवार की दोपहर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने पत्रकार की बैनामा शुदा भूमि पर कब्जे का प्रयास किया और खेत की देखभाल करने गईं उनकी पत्नी को घेर लिया जो किसी तरह जान बचाकर वापस घर पहुंचीं। इन दबंगों ने पत्रकार श्री अग्रवाल पर भी उसी रात लाठी डंडे से जान लेवा हमला किया और ताबड़तोड़ लाठियां बरसा दी। किसी तरह वे अपने स्टाफ को लेकर भागे और कोतवाली नानपारा में सूचना दी। इस मामले में पुलिस ने धारा 323,504,506 व 427 के तहत हलीम खां निवासी ग्राम गुरघुट्टा व कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया लेकिन पुलिस ने आगे कोई कार्यवाही नहीं की जिससे पत्रकारों में रोष व्याप्त है। उपजा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, महामंत्री महेश कुमार गुप्ता ने पत्रकार पर हमला करने वालों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। उपजा के नानपारा तहसील महामंत्री दीपक श्रीवास्तव ने कहा है कि इस मामले को लेकर उपजा का प्रतिनिधि मंडल तहसील अध्यक्ष मनोज टेकड़ीवाल के नेतृत्व में दो सितंबर को उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिलकर ज्ञापन देगा।


# कार्यालय नगर निगम अयोध्या

पत्रांक: 360/ न0नि0अयो0/2023-24 — दिनांक : 29.08.2023

**अति अल्पकालीन ई-टेन्डर निविदा सूचना**

नगर निगम अयोध्या द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 मे 01.09.2023 से 31.012.2023 तक के लिए ''कान्हा गौशाला वैसिंह'' में संरक्षित गौवंशो हेतु अगोला कुट्टी सहित तथा पशु आहार कपिला/कामधेनु/दूध धारा की आपूर्ति हेतु ई-निविदा के माध्यम निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नवत है :-

1. वेबसाइट पर निविदा अपलोड करने की तिथि दिनांक 30/8/2023 को अपरान्ह 12 :00 बजे तथा अन्तिम तिथि 08/09/2023 को सायं 4 :00 बजे तक निविदाएं डाली जाएंगी तथा दिनांक-08/09/2023 को सायं समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जाएगी। निविदाओ का मूल्य Net Banking (NEFT/RTGS)/UPI/Debit/Credit card के माध्यम से Linkhttp:/compulsive.payu.in/ayodhyamc से सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार के अपने खाते से कार्य के सापेक्ष अपेक्षित धनराशि व निविदा शुल्क जमा कराना आवश्यक होगा। निविदा सम्बन्धी नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**जोन कैन्ट :-**

| क्र0 | निविदा का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में (निविदा शुल्क 18% जी0एस0टी0 सहित) | जमानत धनराशि रूपये में। |
|---|---|---|---|
| 1. | अगला कुट्टी सहित | 2360.00 | 200000.00 |
| 2. | पशु आहार (कपिला/कामधेनु/दूधधारा) | | |

सफाई एवं खाद्य निरीक्षक/गौशाला प्रभारी
नगर निगम अयोध्या

# रेलवे ट्रैक के किनारे गोवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप

* हिंदूवादी संगठन की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस
* गोकशी की घटना से हिंदूवादी संगठनों में रोष

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**दो सप्ताह पहले भी रेलवे ट्रैक पर हुई थी गोकशी**

रेलवे ट्रैक के आसपास रास्ता न होने से लोगों की आवाजाही कम होती है। गोमांस तस्कर मौका लगते ही रेलवे ट्रैक के के आसपास खडी झाड़ियां में गोवंशीय पशुओं की हत्या कर मांस को ठिकाने लगा देते हैं। राष्ट्रीय योगी सेना के जिला उपाध्यक्ष गणेश सत्यबली ने बताया कि गोमांस तस्करों ने दो सप्ताह पूर्व घटना स्थल से कुछ दूर रेलवे ट्रैक पर एक गोवंश पशु के अवशेष पड़े देखें गए थे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस द्वारा कार्यवाही न किए जाने से मनबढ गोमांस तस्करों ने पुनः गोकशी की घटना कर पुलिस को चुनौती दी है।

**पूरनपुर।** रेलवे ट्रैक के किनारे दो गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिलने से खलबली मच गई। मौके पर पहुंचे राष्ट्रीय योगी सेना के जिला उपाध्यक्ष ने मामले की सूचना पीआरबी को दी।सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई।गड्ढा खुदवा कर अवशेष उसमें दबा दिए गए। संगठन की तरफ से अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी गई।इस प्रकरण से क्षेत्र में खलबली मची रही। पूरनपुर कोतवाली के गांव महादिया क्षेत्र से रेलवे ट्रैक निकला हुआ है। ट्रक के आसपास झाड़ियां होने से यह क्षेत्र संवेदनशील माना जाता है। मंगलवार दोपहर 11:30 बजे राष्ट्रीय योगी सेना के जिला उपाध्यक्ष गणेश सत्यवली को सूचना मिली कि गोमांस तस्करों ने दो गोवंशीय पशुओं की की हत्या कर मांस को ठिकाने लगा दिया। पशुओं के अवशेष को छोड़कर मौके से फरार हो गए हैं। सूचना पाकर राष्ट्रीय योगी सेना के जिला उपाध्यक्ष गणेश सत्यबली,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेखर पांडे, सदस्य अवधेश भारती मौके पर पहुंच गए। रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियां में एक गोवंशीय पशु का सिर और अवशेष पड़े हुए थे।एक गोवंशीय पशु के अवशेष रेलवे ट्रैक के किनारे बिखरे पड़े हुए थे। संगठन के जिला उपाध्यक्ष ने मामले की सूचना पीआरबी को दी।पीआरवी घटनास्थल देख कर वापस लौट गई। जिला उपाध्यक्ष की ओर से सूचना पुलिस क्षेत्राधिकार आलोक कुमार को दी गई। आरोप है कि सूचना के दो घंटे बाद भी कोतवाली पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। संगठन के पदाधिकारियों ने डीजीपी लखनऊ, एडीजी बरेली, आईजी बरेली,पीलीभीत पुलिस को ट्वीट किया। इसके बाद कोतवाली इंस्पेक्टर जगत सिंह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए।देखते ही देखते आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई।पुलिस ने चिकित्सीय परीक्षण के लिए मृत पशु के अवशेष का सैंपल लिया।रेलवे ट्रैक के किनारे गड्ढा खुदवाकर सभी अवशेष दबा दिए गए। कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय योगी सेना के जिला उपाध्यक्ष गणेश सत्यबली की ओर से अज्ञात के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है। देर शाम तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

> “मौके पर एक गोवंश के अवशेष मिले थे। संगठन के पदाधिकारियों की ओर से अभी तहरीर नहीं दी गई है। सैंपल चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।
> –जगत सिंह, प्रभारी निरीक्षक पूरनपुर

## बहुरेंगे जिले के कारीगरों और शिल्पकारों के दिन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत शीघ्र ही जिले के कारीगरों और शिल्पकारों के दिन बहुरने वाले हैं। जिसके लिए कुल 18ट्रेडों के तहत चयन करना सुनिश्चित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति आगामी 15 सितम्बर तक आनलाइन आवेदन करके इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।गौरतलब हो कि जिले के उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने अवगत कराया है कि भारत सरकार के उक्त योजना के विषय में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में विगत 22 अगस्त को पूरे प्रदेश में लागू करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है। प्रत्येक जनपद में शासन/निदेशालय द्वारा जनपद को आवंटित लक्ष्य में विभिन्न 18 ट्रेडो में चयन करने हेतु निर्धारित किया गया है। कुल 18 चयनित ट्रेडो में बढई, लोहार, मूर्तिकार, मोची, गुडिया और खिलौने बनाने वाला, धोबी, नाव निर्माता, हथौडा और टूलकिट बनाने वाला, सुनार, राजमिस्त्री, नाई, दर्जी, अस्त्रकार बनाने वाला, माली, मछली का जाल बुनने वालों को शामिल किया गया है।

## संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



जन एक्सप्रेस । राजकुमार

**पीलीभीत।** संस्कृत दिवस के रुप में अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में मंगलवार को संस्कृत भाषा के उत्थान प्रचार और प्रसार के लिये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्यनरत अधिकांश छात्राओं ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया सुमधुर संस्कृत गीत, आत्म परिचय गीता व सुभाषित के श्लोक सुन्दर, सुमधुर स्वर में प्रस्तुत किये। जिसमें अंशिका गंगवार, निमिष पाल, झनक, कौशिकी,अक्षिता पटेल ने सस्वर स्पष्ट वाचन द्वारा सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन निमिष पाल ने किया। छात्रा अष्टिका व अनामिका ने संस्कृत में अपना परिचय दिया। लक्ष्मी शर्मा ने नीति श्लोक सुनायें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपाधि महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ0 राखी मिश्रा रही। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ आचार्या कमलेश शर्मा, मीरा सक्सेना ने किया। साथ ही खेल दिवस भी अत्यन्त हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ जिसमें कक्षा षष्ठ से अष्टम तक की छात्राओं ने समूह में पारम्परिक खेल खेले जिसमें 'कोड़ा जमाल शाही' तथा जय भवानी जयशिवाजी आदि खेल खेले। कक्षा नवम से द्वादश तक की छात्राओं ने रस्साकशी का खेल समूह में खेलें जिसमें दशम ख व द्वादश क की छात्रायें विजयी हुयी। कार्यक्रम का आयोजन अनीता दीक्षित व विजयलक्ष्मी द्वारा किया गया।समस्त विद्यालय परिवार की सक्रिय भूमिका रही। प्रधानाचार्या उपासना शर्मा ने विजयी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया व आशीर्वचन दिये।

## फास्ट फॉरवर्ड

### घर में घुसे चोरों ने नगदी समेत दस लाख के गहने उड़ाए

जन एक्सप्रेस/वाराणसी/मिर्जामुराद। क्षेत्र के मेंहदीगंज गांव में संतोष पांडेय के मकान में सोमवार की देर रात छत के रास्ते सीढ़ी के दरवाजे का कुंडी खोलकर घुसे चोरों ने दो कमरों में घुसकर आलमारी का लाकर तोड़कर 90 हजार नगदी समेत दस लाख के गहने उड़ा दिये। सुबह उठे संतोष को चोरी की जानकारी हुई। जानकारी के अनुसार मेंहदीगंज गांव निवासी संतोष पांडेय वाराणसी में एक साड़ी कारखाने में काम करते है बताए कि सोमवार की रात खाना खाने के बाद में पत्नी के साथ अपने कमरे में सोया था वही बेटा अंकित पांडेय बहू के साथ दूसरे रूम में सोया था। चोर सीढ़ी के रास्ते घर में घुसने के बाद आलमारी का लाकर तोड़ने के बाद उसमें बच्चे के फीस के लिये रखे 90 हजार नगदी समेत सोने का हार, दो सोने का मंगलसूत्र, सोने का तीन चेन, सोने का सात अंगूठी, सोने का दो झुमका, सोने का बाली, नथिया, टिका समेत चांदी के पैजनी व लरी समेत अन्य सामान चोर उठा ले गए।सुबह जब संतोष सोकर उठे तो देखे बेटे का कमरा बाहर से बंद है और घर के सारे सामान बिखरे पड़े है। तुरंत संतोष ने चोरी की जानकारी पुलिस को दिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे मिर्जामुराद थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया, खजुरी चौकी प्रभारी सचिन पटेल ने घटना स्थल का मुआयना करने के बाद डॉग स्क्वायड व फिंगरप्रिंट बुलवाकर जांच करवाएं।

### स्वस्थ तन मन के लिए खेल जरूरी: मनीष



जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। स्वस्थ तन मन और शारीरिक स्फूर्ति के लिए खेलकूद आवश्यक है। इससे एक साथ कई योग क्रियाएं भी होती हैं,साथ ही शरीर को ऊर्जा भी मिलती है। यह बातें राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित खेलकूद कार्यक्रम के पूर्व प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने बच्चों के बीच कही।उन्होंने खेल जगत में राष्ट्र के गौरव मेजर ध्यान चन्द द्वारा देश को हॉकी में कई स्वर्ण पदक दिलाने की स्मृतियों को ताजा करते हुए बच्चों को कई प्रेरणादायक संस्मरण सुनाए। इस दौरान सीनियर वर्ग बच्चों की वॉलीबॉल प्रतियोगिता समेत जूनियर वर्ग छात्राओं की खो-खो,कबड्डी प्रतियोगिता, साइकिल रेस, गोला फेंक जैसे कई खेलों में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य ने प्रार्थना सभा में बच्चों को खेल को लेकर शपथ भी दिलाई और प्रतिदिन नियमित रूप से खेल को अपनी दिनचर्या में शुमार करने पर जोर दिया। प्रवक्ता जितेंद्र कुमार,मोहम्मद परवेज सिद्दीकी और एनसीसी अधिकारी रमेश चन्द्र तिवारी के निर्देशन में खेलकूद प्रतियोगिता का संचालन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### दो बाइकों की भिडंत में देवर भाभी हुए घायल

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। बीसलपुर दियोरिया मार्ग पर दो बाइकों की भिडंत में देव भाभी घायल हो गये। घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के महद खास निवासी अरबिन्द कुमार अपनी भाभी अल्का देवी पत्नी राकेश को लेकर उसके मायके सुजनी जा रहा था तभी गांव मधवापुर के निकट तेज गति से आ रही बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये। मामले की सूचना 108 ऐम्बुलेंस को दी गयी। सूचना पर पहुंची ऐम्बुलेंस ने घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कमराया। जहां डाक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया।

### जगह के बिवाद को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। जगह के बिवाद को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चले। दोनों तरफ से घायल हुए लोगों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रढैता में जगह के बिवाद को लेकर दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें पांच लोग घायल हो गये। दोनों पक्षों ने कोतवाली पुलिस को तहरीरें दे दी हैं। एक पक्ष से रामसेवक, सीमादेवी व सुखधारा व दूसरे पक्ष से महेन्द्रपाल व उनकी पत्नी ममता देवी घायल हो गये। घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहारा के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### व्यापारी नेताओं ने किया नवागत अधिशासी अभियंता का स्वागत

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, नगर महामंत्री अलाउददीन अंसारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने नवागत अधिशासी अभियंता सुधीर भारती का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, महामंत्री अलाउददीन अंसारी ने कहा विद्युत विभाग के ग्रुप के माध्यम से व्यापारियों एवं आमजनमानस को विद्युत समस्याओं से तुरंत समाधान मिलता है। व्यापारी नेताओं ने शहर में बेहतर विद्युत व्यवस्था बनाने को अवर अभियंता जहाँगीर आलम, अवर अभियंता मनोज कुमार के कार्यो की प्रशंसा की नवागत अधिशासी अभियंता सुधीर भारती ने शहर में और बेहतर विद्युत व्यवस्था स्थापित करने के लिए व्यापारी नेताओं से सहयोग की अपील की।

### श्रृंग्वेरपुरधाम मे 31 को मनाया जायेगा श्रावणी उपाकर्म

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। श्रृंग्वेरपुरधाम में श्रावनी उपाक्रम 31 अगस्त को मनाया जायेगा। पूर्व प्राचार्य मोतीलाल शुक्ल और आचार्य बलराम शुक्ल ने इस आशय की जानकारी दी। बताया कि हिंदू धर्म से जुड़े श्रावणी उपाक्रम पर पुराने यज्ञोपवीत को बदलने के लिए लोग किसी नदी तीर्थ या पवित्र स्थान पर इकट्ठे होते हैं। और गुरु के निर्देशन में इससे जुड़ी पूरी पूजा संपन्न करते हैं। श्रृंग्वेरपुर महोत्सव के महामंत्री अरुण द्विवेदी के मुताबिक, 31 अगस्त को श्रवणी उपाक्रम सुबह 5 बजे गंगा स्नान के साथ किया जायेगा। पौराणिक मान्यताओ के अनुसार पुराने जनेऊ को बदलने के लिए सबसे पहले गाय के दूध, दही, घी, गोबर, गोमूत्र और पवित्र कुशा को हाथ में लेकर पूरे साल भर किए गये जाने-अनजाने पाप कर्म का प्रायश्चित किया जाता है। इसके बाद ऋषियों का आवाहन पूजन किया जाता है। मंत्र को पढ़ते हुए नया जनेऊ धारण किया जाता है। अंत में गायत्री मंत्र का जप और हवन किया जाता है।





## विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

### राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने विजेता खिलाड़ियों को दिए पुरस्कार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

* जीवन में खेल अपना विशेष महत्व रखता हैं खेलों की बदौलत खिलाड़ी अपना व अपने जिले का मान दूसरे जिलों और मंडल में बढ़ते हैं: संजय सिंह गंगवार

खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देशानुसार जिला खेल एवं विकास प्रोत्साहन समिति द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। जिसमें फुटबॉल वॉलीबॉल कबड्डी बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताएं सात दिन से चल रही थीं। उनका पुरस्कार वितरण मंगलवार को राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार के कर कमलों के द्वारा किया गया। तथा मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष में हाकी एवं कबड्डी की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला कीड़ा अधिकारी राजकुमार एवं जिला खेल एवं प्रोत्साहन समिति के आजीवन सदस्य जगदीश सक्सेना के द्वारा किया गया। जिसमें हॉकी के जादूगर स्वर्गीय मेजर ध्यानचंद के जन्म उत्सव के उपलक्ष में 14 वर्षीय बालक वर्ग की हॉकी की प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें एस एन इंटर कॉलेज विजता एवं कीड़ा भारती की टीम उपविजेता रही। सभी खेलों के विजेता उपविजेता खिलाडियों को मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मील उत्तर प्रदेश शासन संजय सिंह गंगवार एवं ललौरी खेड़ा ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार के कर कमलों के द्वारा विजेता एवं उपविजयताओ को पुरस्कृत किया गया। इन सब का सफल आयोजन संचालन राजेश शुक्ला के द्वारा किया गया साथ ही विभिन्न खेलों के कोचों का योगदान रहा। जिसमें महेश कुमार, दयावती,अविनाश, पिंकू प्रगति,शवाव आलम, निक्की, साहनी, गुरमेश, शांति कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री मनोज कुमार मिश्रा तथा नगर उपाध्यक्ष शिवनारायण शर्मा आजीवन सदस्य अनूप अग्रवाल, रवि शर्मा, फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कपिल देव, जिला सचिव सुरेश कौशल, प्रशांत शुक्ला, कबड्डी संघ के अध्यक्ष डॉ दिनेश तिवारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहें।

## डीएनसी की मासिक समीक्षा बैठक डीएम की अध्यक्षता में हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पीलीभीत। मंगलवार को जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकारी अध्यक्षता में बाल विकास विभाग की जिला पोषण समिति बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में नवागत जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बिंदुवार प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिलाधिकारी को विभागीय प्रगति से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा बिन्दुवार समीक्षा की गई, पोषण ट्रेकर पर लाभार्थियों के वजन, गृह भ्रमण राशन की फीडिंग की गहन समीक्षा की गई। जनपद की स्थिति राज्य स्तर पर अच्छी पाई गई, जिलाधिकारी द्वारा गुणवत्तापरक फीडिंग पर जोर दिया गया। परियोजना बिलसण्डा एवं पुरनपुर को मानको में अपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा राशन वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि ऐसी प्रणाली विकसित करें जिससे आम जनता की शिकायतों का निस्तारण हो सके। बैठक में नवागत जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी द्वारा केन्द्र भवनों में शासन द्वारा निर्देशित 18 सूचकांक के मानकों पर आधारित कायाकल्प सर्वे को पूर्ण होना बताया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कायाकल्प सर्वे में जिन केन्द्रों में सुधार हेतु न्यूनतम मानक अवशेष है उन्हे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं, इस हेतु डीपीआरओ व अधिशासी अभियंता जल निगम के साथ समन्वय स्थापित कर जल से नल व अन्य मानको के अनुरूप कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सीडीओ धर्मेद्र प्रताप सिंह, सीएमओ, बीएसए, डीएसओ, डीपीआरओ, उद्यान अधिकारी, उपायुक्त आजीविका मिशन, डा0 नीता चिकित्सा अधिकारी एनआरसी, ममता मौर्या डीएनएस यूपीटीएसयू जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी एवं सीडीपीओ आरके वर्मा , नीरज कुमार एवं समस्त मुख्य सेविकाएं मौजूद रहीं।

## अखिल भारत हिंदू महासभा की जिला पीलीभीत की टीम की हुई घोषणा

* पंकज शर्मा को जिला अध्यक्ष, प्रवीण मोहन अग्रवाल जिला महामंत्री, मयंक जायसवाल जिला उपाध्यक्ष बने
* अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संजीव कुमार सिंह ने पटका पहनकर सभी की नियुक्ति की

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



जनपद पीलीभीत के तेजतर्रा एवं युवा नेता पंकज शर्मा को अखिल भारत हिंदू महासभा का नव नियुक्त जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। साथी जिला महामंत्री के पद पर प्रवीन मोहन अग्रवाल तथा उपाध्यक्ष मयंक जायसवाल को बनाया गया। विगत दिवस अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली पर जनपद पीलीभीत जिले के निवासी पंडित पंकज शर्मा को हिंदू महासभा का जिला अध्यक्ष बनाया गया। बताते चले की अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा के निर्देश अनुसार प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संजीव कुमार सिंह ने पंडित पंकज शर्मा को हिंदू महासभा का पटका पहनकर जनपद पीलीभीत का जिला अध्यक्ष घोषित किया। बताते चले की पंडित पंकज शर्मा कम उम्र से ही सक्रिय राजनीति करते आए हैं। और उन्होंने कई हिंदूवादी संगठनों में उच्च पदों पर रहकर कार्य कर अपनी कार्यशैली से हिंदूवादी संगठनों का परचम लहराया है। और अपनी एक अलग ही पहचान जनपद में बनाई है। इससे पहले हिंदू जागरण मंच में जिला अध्यक्ष के रूप में पंकज शर्मा कार्यरत थे। इतना ही नहीं श्री शर्मा छात्र सभा, ब्राह्मण युवा जनसभा, शिवसेना, शहर विधायक प्रतिनिधि का दायित्व भी श्री शर्मा निभा चुके हैं। साथ ही इसके जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा के साथ प्रवीन मोहन अग्रवाल को अखिल भारत हिंदू महासभा का महामंत्री तथा मयंक जायसवाल को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इसी बीच प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संजीव कुमार सिंह ने जनपद पीलीभीत के अध्यक्ष महामंत्री एवं उपाध्यक्ष की नियुक्ति के बाद कहा हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा के नेतृत्व में अखंड हिंदू राष्ट्र के निर्माण में तथा हिंदू हिंदुस्तान की रक्षा का कार्य तथा पूर्ण तत्परता से कार्य कर अखिल भारत हिंदू महासभा का जनपद पीलीभीत में परचम लहराकर अखिल भारत हिंदू महासभा की टीम को गठित कर कार्य करें। पंकज शर्मा, प्रवीन मोहन अग्रवाल, मयंक जायसवाल के हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष, महामंत्री एवं उपाध्यक्ष बनते ही लोगों ने सोशल मीडिया एवं फोन के माध्यम से बधाई दी।

## 'शिक्षक दिवस का हो सम्मान'

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

* हम पुरानी पेंशन की लड़ाई के क्रम में पांच सिंतबर को काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे

मंगलवार डायट परिषर में उत्तरप्रदेशीय जूनियर हाइस्कूल शिक्षक संघ जौनपुर की बैठक तीन बजे से एक बैठक आहूत की गई, बैठक में सर्वप्रथम डॉ संतोष कुमार तिवारी के मंडल संयोजक नियुक्त होने पर धन्यबाद ज्ञापित किया गया। बैठक में संरक्षक, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता सत्यप्रकाश पांडेय, प्रांतीय संयुक्त मंत्री मंजू पांडेय ने बैठक में प्रदेश द्वारा पदोन्नति पर किये जा रहे प्रयास की सराहना गई।जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय ने कहा कि पांच सिंतबर को शिक्षक, दिवस का उल्लेख अवकाश तालिका में नही है जबकि शिक्षक दिवस का सम्मान होना चाहिए। पहले के वर्षो में तालिका में उल्लेख होता आ रहा है। अध्यक्ष ने बताया कि हम पुरानी पेंशन की लड़ाई के क्रम में पांच सिंतबर को काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। करन्जाकला से डॉ वंदना सरकार,सतीश मौर्य,ने अपने विचार व्यक्त किये। सिकरारा से अजय पांडेय, संतोष सिंह ने ब्लॉक की समस्याओं से अवगत कराया। बरसठी अध्यक्ष राकेश उपाध्याय ने मजबूती से समस्याओ से लड़ने को कहा। मुफ्तीगंज से संजय सिंह,सुरेंद्र ने बताया कि वीडियो कॉलिंग से अटेंडेंस न लिया जाय।मछ्लीशहर मंत्री मन्द्रिका मौर्य ने बकाया धनराशि भुगतान के सम्बन्ध में बताया। महराज गंज चंद्र प्रकाश मिश्रा, राजेश ने बिशिष्ट बीटीसी बकाये के बारे में चर्चा किया। कोषाध्यक्ष अच्छेलाल चौधरी ने प्रदेश में कोटमनी जमा करने के लिए बताया। बैठक में उपाध्यक्ष शैलेश चतुर्वेदी, संगठन मंत्री अनुपम श्रीवास्तव,डॉ शिव प्रकाश मिश्रा,सदस्य मुकेश श्रीवास्तव,विनोद सिंह,मधुलिका अस्थाना उपस्थित रही।बैठक का संचालन मंत्री डॉ मनीष सिंह सोमवंशी ने किया।

## बिना काम किए सफाई कर्मी उठा रहे हैं वेतन गांव में नाली खड़ंजा पर लगा कूड़े का अंबार

* अधिकारी कर्मचारी के मिलीभगत से सफाई कर्मियों के मास्टर रोल पर हर महीने किया जा रहा है हस्ताक्षर

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित



**जौनपुर।** मोदी योगी सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मी गांवों में सफाई नहीं कर रहे हैं जिले भर के अधिकतर गांवो में सफाई न होने की वजह नाली से पानी निकल नहीं रहे हैं जगह जगह कूड़ो का अम्बार लगे हैं जिसके चलते संक्रमण रोग फैल रहे। और गांवो में तैनात सफाई कर्मी सफाई तो छोड़िए गांव के लोग सफाई कर्मी का चेहरा तक नहीं देख पा रहे और अधिकारी कर्मचारी प्रधानों की मिली भगत से सफाई कर्मी बिना काम किये वेंतन उठा रहे है आलम तो यहां तक है कि सफाई कर्मी अपना कार्य छोड़ ग्राम पंचायतों के सेक्रेटरी व अधिकारियों के यहां हाजिरी लगाकर अपना कोरम मात्र पूरा करते है लोगों की माने तो उक्त सफाई कर्मी अपने कार्य न करने के एवज में एडीओ पंचायत समेत ग्राम पंचायतों के कुछ प्रधानों तक सुबिधा शुल्क देते हैं। और इसका खामियाजा गांव के लोग गंदगी और बदबू झेलने को मजबूर है। जिले के सभी 21 विकास खण्डों में अधिकांष गांवों में सफाई व्यवस्था ध्वस्त है विकास खंड सुईथाकला क्षेत्र के गांवों में सफाई व्यवस्था चाक-चौबंद करने के लिए सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता से सफाई व्यवस्था बदाहाल है। गांवों में तैनात सफाई कर्मियों की निगरानी की जिम्मेदारी बीडीओ व एडीओ पंचायत की है। लेकिन सफाई कर्मी कभी गांव में दिखाई नहीं देते। नियमित सफाई न होने से बरसात में गांव की गलियों, बाजार व सड़कों पर गंदगी का अंबार है। सुईथाकला के रुधौली बाजार या सवायन सोनरा मार्ग स्थित रुधौली गांव के पास यादव बस्ती के पास लगा पानी कूड़ो का ढेर उदाहरण है यही स्थिति लगभग पूरे विकास खंड के गांव की है। परिषदीय प्रधानाध्यापक स्वयं के खर्च पर मजदूर लगाकर विद्यालय परिसर की सफाई कराते हैं। इसके बावजूद भी ग्राम एडीओ एडीओ पंचायत अधिकारी एवं प्रधान की तरफ से उनके मस्टररोल पर हस्ताक्षर कर दिया जाता है। और सफाई कर्मियों का वेतन निकाल दिया जाता है उठ के संदर्भ में जिला प्रशासन भी मौन साधे हुए हैं जब कहीं कोई शिकायत होती है एक पत्र जारी कर सुविधा शुल्क लेकर मामले को दबा दिया जाता है।

# तेजी से फैल रहा वायरल बुखार अस्पतालों में लग रही मरीजों की कतार

जन एक्सप्रेस | उन्नाव



जिले में वायरल फीवर का प्रकोप चरम पर है। सीएचसी, पीएचसी से लेकर जिला अस्पताल में इन दिनों बुखार पीड़ित मरीजों की भरमार है। औसतन हर घर में कोई न कोई बुखार का रोगी मिल जाएगा। मरीजों की तेजी से बढ़ती संख्या का आलम यह है कि जिला अस्पताल में एक बेड पर दो दो मरीजों को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

मंगलवार दोपहर तक जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में बुखार से ग्रसित 32 मरीजों को भर्ती किया गया। जिनमें बच्चों की संख्या सर्वाधिक है। यही नहीं ओपीडी में भी बुखार से ग्रसित मरीजों की भरमार है। जिला अस्पताल के पर्चा वितरण कक्ष के आंकड़ों के मुताबिक मंगलवार को 1500 मरीजों ने पंजीकरण कराया। सबसे अधिक भीड़ फिजीशियन के कक्ष के बाहर देखने को मिली। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. कौशलेंद्र की ओपीडी में सुबह से ही मरीजों की कतार लगी रही। डॉ. कौशलेंद्र ने बताया कि इन दिनों सर्वाधिक मरीज वायरल फीवर के पहुंच रहे हैं। गंभीर मरीजों को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। मरीजों की संख्या किस अनुपात में बढ़ रही है इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि मरीजों के लिए बेड कम पड़ रहे हैं। यही वजह है कि एक एक बेड पर दो दो मरीजों को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

**ये बरतें सावधानी**

जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. कौशलेंद्र प्रकाश के मुताबिक वायरल के प्रकोप से बचने के लिए खुले में बिकने वाली खाद्य सामग्री का सेवन करने से बचें। पेय पदार्थ का सेवन अधिक करें। सड़े गले फल न खाएं। ठंडा पानी व एसी से दूररी बनाए। बुखार के साथ उल्टी या पेट दर्द की शिकायत पर फौरन नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल से संपर्क करें। बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी दवा न खाए।

## एक्सप्रेस ट्रेनों में बहनों का नहीं बल्कि दूधियों का राज

जन एक्सप्रेस | चौबेपुर

रक्षा बंधन के पर्व पर भी बहनो को ट्रैन में बैठने को जगह तक नहीं मिल पा रही हैं। भाई बहन के पावन पर्व रक्षा बंधन पर दूर दराज रहने वाली बहने भाइयो के पास जाने के लिए भूसे की तरह ट्रेनों में जा रही हैं आलम यह हैं कि बहनो को लम्बा सफर भी खचा खच भीड़ में खडे होकर करना पड़ रहा हैं जिसका एक नजारा देखने को मिला 15039 कानपुर अनवरगंज - कासगंज एक्सप्रेस में जहा ट्रैन के अंदर दूधियों राज था और बाहर दूध के डिब्बो का जो भाइयो के पास जा रही बहनो के लिए मुसीबत का सबब बन गया हैं जहा एक तरफ प्रदेश सरकार इस पवन पर्व के चलते बहनो को कोई असुविधा ना हो इसलिए उन्हें फ्री यात्रा का तोहफा दे रही हैं वही ट्रेनो में खचा खच भारी भीड़ बहनो का स्वास्थ्य बिगाड़ने का कार्य कर रही हैं क्या रेलवे द्वारा बहनो को ऐसे ही तोहफा दिया जाएगा।

**महिला बोगी में भी पुरुष कर रहे सफर अब कहा गए रेलवे के जिम्मेदारः** प्रत्येक ट्रैन में इंजन से लगा डिब्बा महिलाओ के लिए आरक्षित होता हैं जिससे महिलाये उसमे सफर कर सके और त्यौहार से पहले रेलवे विभाग उसपर सख्त भी नजर आता हैं और उस डिब्बे में पुरुषो को देखते ही फ़ाईन काट देता हैं लेकिन जाने क्यों पर्व के समय रेलवे विभाग आँखो पर पट्टी बांध लेता हैं जिसके कारण ना तो कोई टीटी नजर आता हैं और ना विभाग का अन्य कोई जिम्मेदार और महिलाओ के डिब्बो में पुरुष बेधडक सफर करते हैं।

## दो दिन से लापता युवक का तालाब में उतराता मिला शव



- घटना की जानकारी से परिजनों में मचा कोहराम
- बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ख्वाजगीपुर हेम्मा गांव की घटना



जन एक्सप्रेस | उन्नाव

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में दो दिनों से लापता युवक का श्ज्ञव तीसरे दिन गांव के पास स्थित तालाब में उतराता मिला। इसकी जानकारी से परिजनों में चीख पुकार मच गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ख्वाजगीपुर हेम्मा निवासी मिथलेश (40) पुत्र बहादुर बीती 27 अगस्त को लापता हो गया था। परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मंगलवार को गांव के तालाब में उसका शव पानी में उतराता देख ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने तालाब से शव निकलवाने के बाद पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिथलेश की मौत से पत्नी बबली, बेटे विशाल (12) बेटियों नेहा (10), रेशमा (8), सहजल (6), खुशी (4) समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने उसके लापता होने के बाद उसके कहीं चले जाने की आशंका में कोई पुलिस शिकायत नहीं की थी। आशंका जताई जा रही है कि शौंच के दौरान पैर फिसलने से वह तालाब डूब गया होगा। जिस तालाब में युवक का शव बरामद हुआ है उसमें अमूमन ज्यादा पानी नहीं रहता है। हलांकि इस सबय बाढ़ का पानी पहुंचने से तालाब का जलस्तर बढ़ा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गृह कलह के महिला ने निगली डाई, हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस/अचलगंज, उन्नाव।** आपसी कलह के चलते महिला ने डाई पी ली जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाये जहां उसका उपचार चल रहा है। थाना क्षेत्र के रौतापुर निवासी अंकित की 20 वर्षीय पत्नी नीलम ने मंगलवार दोपहर बालों में लगाने वाली डाई पी ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे सीएचसी लेकर आये जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों के मुताबिक पति पत्नी में किसी बात को लेकर बहस हो गयी थी। जिसके चलते आवेश में नीलम ने यह कदम उठा लिया।

### खेत में सिंचाई के दौरान महिला को सांप ने डसा, गंभीर

**जन एक्सप्रेस/अचलगंज, उन्नाव।** खेत में सिंचाई कर रही महिला को जहरीले सांप ने काट लिया। जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन गम्भीर हालात में उसे सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के सैदपुर निवासी रामशंकर की 32 वर्षीय पत्नी रेनू मंगलवार दोपहर धान के खेत मे सिंचाई कर रही थी। तभी खेत में एक बिल में पानी भरने लगा। रेनू उसे पैर से दबा कर बन्द करने लगी। इसी दौरान अंदर बैठे सांप ने उसके पैर में डस लिया। साथ मे ही सिंचाई कर रहे अपने पति रामशंकर को रेनू ने पूरी बात बताई तो वह उसे फौरन सीएचसी लेकर भगा। जहां डॉक्टरो ने उसे प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### औद्योगिक क्षेत्र धड़ल्ले से बिना किसी अनुमति से हो रहा खनन

**जन एक्सप्रेस/अचलगंज, उन्नाव।** बन्थर के औद्योगिक क्षेत्र से सटे ग्रीन बेल्ट के पास पुलिस व राजस्व विभाग की मिली भगत से बिना परिमट अवैध खनन चल रहा है। राजस्व विभाग औद्योगिक क्षेत्र का मामला बता कर पल्ला झाड़ रहा। थाना क्षेत्र के बन्थर औद्योगिक क्षेत्र स्थित पावर हाउस के पीछे कई दिनों से रातों दिन जेसीबी व डम्पर खनन में जुटे हुए हैं। शोशल मीडिया पर भी इसके विडिओ वायरल हो रहे। लेकिन क्षेत्रीय प्रशासन अनजान बना हुआ है। इसके पूर्व भी खनन माफिया एक निर्माणाधीन फैक्ट्री से मिट्टी खनन कर चुके हैं। जिसकी रिपोर्ट भी थाने में दर्ज हुई थी। क्षेत्रीय लेखपाल राम गोपाल पाल ने बताया कि बन्थर क्षेत्र में खनन का कोई परमिट नही है। मामला औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आता है। हालांकि पुलिस सहित राजस्व के उच्चधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।



### एसपी के निर्देश पर कच्ची शराब के खिलाफ़ चला अभियान

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट इंस्पेक्टर चंद्रकांत सिंह ने बताया कि एसपी के निर्देश पर कच्ची शराब के विरूद्ध चलाये गये अभियान के दौरान सोमवार शाम पश्चिमी चौकी पुलिस ने गोताखोर निवासी मो0 आरिफ को पकड़ा। जहां पुलिस ने उसकी तलाशी ली। इस दौरान उसके पास से दस लीटर कच्ची शराब बरामद की। जिसके बाद पुलिस उसे पकड़ कर कोतवाली लाई और उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

### सीसीटीवी कैमरे के विवाद में दबंगों ने पीटा

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** सहजनी के निर्मल नगर निवासी अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि उसके घर के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। जिस पर पड़ोस में रहने वाले निशांत और भोला आये दिन गाली गलौज करते हैं। उसने बताया कि कैमरा हटवाने की बात कहने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर गाली गलौज करने लगे। इस दौरान चार लोगों ने मिलकर उसे पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच पड़ताल की। जिसके बाद अनुज की तहरीर पर निशांत, भोला शर्मा, ज्योति शर्मा, ज्योति दीक्षित समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### बाइक से घायल करने वाले के खिलाफ़ मुक़दमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** 20 अगस्त को अरझोरामऊ निवासी धर्मराज घर जा रहा था, तभी गांव के रहने वाले विजय ने बाइक से टक्कर मार दी थी। जिससे वह सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार होने के बाद अस्पताल से उसे छुट्टी दे दी गई। छुट्टी मिलने के बाद घायल ने आरोपी विजय के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### बुजुर्ग ने मिट्टी के तेल से खुद को जलाया, मौके पर ही मौत

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** कंचन नगर निवासी रामआसरे चौरसिया (73) ने रात करीब एक बजे कमरे में रखा मिट्टी तेल डालकर खुद को आग लगा ली। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कुछ देर बाद उसका बेटा कमरे में पहुंचा। जहां पिता का जलता शव देख उसके होश उड़ गये और वह रोने लगा। रोने की आवाज सुन आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। घटना की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। जिस पर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेजा है। मृतक के तीन बेटे शिवकुमार, सुधीर, दिनेश, पत्नी रत्नों के अलावा परिवार के अन्य सदस्यों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। बेटों ने बताया कि पिता काफी दिनों से मानसिक बीमार थे। उनका इलाज भी चल रहा था। उसी के चलते उन्होंने यह कदम उठाया है।

### गंगा के जलस्तर में लगातार गिरावट,गलियों में चल रही नावें

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगा का जलस्तर में लगातार गिरावट दर्ज की गई। इसके बावजूद नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की कई गलियों में नावें चल रही हैं। जिससे लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। वहीं बिजली कटने के कारण रात के समय अंधेरा पसरा होने से मोमबत्ती जलाकर रात काट रहे हैं। वहीं जलस्तर कारण नगर के गायत्री नगर, भातू फार्म, श्री नगर, रविदास नगर, आंशिक अहमद नगर में अभी भी भीषण जलभराव है। कमर से ऊपर पानी होने के कारण लोग नाव से ही आना जाना कर रहे हैं। वहीं गांव में भी हालात खराब हैं। वहां भी नाव का सहारा लिया जा रहा है। इसके अलावा चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा, कर्बला, हुसैन नगर के अलावा अन्य मोहल्लों का हाल खराब हैं। यहां के रहने वाले लोग छतों पर अभी भी डेरा जमाये हुये हैं। वहीं आजाद नगर, नई बस्ती, शारदा नगर में बाढ़ का पानी भरा होने के कारण यहां के लोग फोरलेन के किनारे डेरा डाले हुये हैं। वहीं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की बिजली कटने से यहां के रहने वाले लोगों को रात के समय खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

## युवक को बंधक बना कर मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

- युवती को भगा ले जाने का आरोपी है युवक
- युवती के परिजनों ने की आरोपी की पिटाई
- घायल की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

मंगलवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ जिसमें एक युवक को बांधकर उसके साथ मारपीट की जा रही है। यह पुरवा कोतवाली क्षेत्र का बताया जा रहा है। जिसमें पिटने वाला युवक युवती को भगा ले जाने का आरोपी है जबकि पिटाई करने वाले युवती के परिजन बताए जा रहे हैं। हलांकि जन एक्सप्रेस ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मिली जानकारी के मुताबिक पुरवा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जरेथा निवासी रामशंकर का बेटा धर्मेंद्र पड़ोसी गांव की एक युवती को भगा ले गया था। इसकी जानकारी युवती के परिजनों को हुई तो उन्होंने पुरवा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की। इधर दूसरे दिन ही युवक युवती को वापस घर छोड़ गया। युवक का आरोप है कि युवती के परिजनों ने बेटी को ले जाने के मामले में पांच लाख रुपये समझौते के तौर पर मांगे। पैसा ना देने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर युवती के परिजनों ने उसे बंधक बना कर उसके साथ मारपीट की। स्थानीय लोगों से मिली सूचना पर पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर बता कर जिला अस्पताल लेकर कर दिया। युवक के बंधक बना कर मारपीट के समय वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने घटना की वीडियो बना कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सीओ पुरवा दीपक सिंह के मुताबिक युवती के कोर्ट में बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। युवक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## बिल्हौर और ककवन के बच्चों ने तैराकी में परचम लहराया

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के बच्चों ने कानपुर में अंतराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से होने वाली जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिता केडीएमए वर्ड स्कूल केशव पुरम कानपुर में आयोजित की गयी।प्रतिवर्ष की भांति होने वाली खेलकूद की तैराकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुजीत कुमार सिंह व गणेश तिवारी तथा संजय कपूर डायरेक्टर केडीएमए वर्ड स्कूल ने किया।जिला मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी सुनील द्विवेदी ने सभी आगन्तुकों को बुके भेंट कर स्वागत किया जिसमे बिल्हौर ब्लाक सहित जिले के कई विकास खंड के बच्चों ने प्रतिभाग किया।तैराकी में बिल्हौर ब्लाक के सोनू ने फ्री स्टाइल में प्रथम स्थान व बटर फ्लाई में द्वतीय स्थान तथा स्नेहलता ने बटरफ्लाई में द्वतीय स्थान व फ्री स्टाइल में तृतीय स्थान और विजय ने बैक स्ट्रोक में द्वतीय स्थान प्राप्त किया। बिल्हौर ब्लॉक के बच्चों ने तैराकी के 6 इवेंट्स में 5 पदक प्राप्त किये।बच्चों के सहयोग के लिये बिल्हौर विकास खंड के शिक्षक अवनीश कटियार आकाश बाजपेयी मो0सलीम मुक्ति त्रिपाठी आशा कटियार उषा पाल अनूप यादव आदि उपस्थित रहे।बिल्हौर ब्लाक खंड शिक्षा अधिकारी रबी कुमार सिंह के कुशल निर्देशन व मार्गदर्शन में पहली बार तैराकी की होने वाली जिलास्तरीय प्रतियोगिता में बिल्हौर के बच्चो ने प्रतिभाग किया।तैराकी में प्रथम स्थान पाने वाला बच्चा सोनू गंगा नदी में तैराकी करने में भी बहुत माहिर है।तैराकी में उसका पग-पग पर सहयोग करने वाले शिक्षक अवनीश कटियार जो स्वयं एक अच्छे तैराक है ।अवनीश सोनू को अक्सर अपने सामने गंगा नदी में तैराकी का प्रदर्शन कराते रहते हैं। ककवन ब्लॉक के आराजीइसेपुर गांव के अभिनव ने भी अच्छी तरह से प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किया।

## विभिन्न सड़क हादसों में छह घायल, चार को किया रेफर

जन एक्सप्रेस | उन्नाव



**नवाबगंज।** अलग अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राथमिक उपचार के बाद चार घायलों को चिकित्सक ने गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौरावां थाना क्षेत्र के टेढवा बभना गांव निवासी महेश पुत्र मोहनलाल 26 वर्ष मंगलवार दोपहर अपने नवाबगंज निवासी बहनोई सुरेश के घर जा रहा था। इस दौरान पक्षी विहार मोड़ के समीप अज्ञात ऑटो ने उसकी बाईक में सामने टक्कर मार दी। बेसुध हालत में पड़े महेश को उधर निकल रहे नवाबगंज निवासी सर्वेश राठौर ने अपने वाहन से नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरी घटना में लखनऊ कानपुर राजमार्ग स्थित आशाखेड़ा मोड़ पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक पर सवार आशाखेड़ा थाना सोहरामऊ निवासी लखन पुत्र गंगादीन 21 वर्ष व उसकी बहन रूबी 15 वर्ष एवं दूसरी बाइक सवार दीपक पुत्र हरीशचंद्र 20 वर्ष निवासी मुस्तफाबाद थाना हसनगंज गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं अन्य सड़क हादसों में दिलीप कुमार पुत्र प्रेम शंकर 18 वर्ष निवासी दुंदपुर थाना अजगैन व अतुल यादव पुत्र कृष्ण कुमार 22 वर्ष निवासी गाजीपुर बाराबंकी घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस से नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## बाबा बटेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



कल्यानपुर में दयानंद विहार स्थित बाबा बटेश्वर महादेव मंदिर में सावन के आखिरी सोमवार पर रुद्राभिषेक,बाबा का श्रृंगार एवं विशेष पूजन सहित प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में रुद्राभिषेक शिवराजपुर के प्रसिद्ध कथावाचक ÷कवि जी÷ के द्वारा किया गया ,जिसमें समस्त क्षेत्र की महिलाएं, बच्चे सहित सभी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कथावाचक अशोक मिश्रा जी मौजूद रहे। कार्यक्रम में आए हुए साधु संतों में दंडी स्वामी श्री श्री 108 अरणेश्वराश्रम, रामेश्वरी बाग, प्रांत संरक्षक अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद कानपुर , मां आशा देवी मंदिर के महंत आशुतोष गिरी महाराज सहित अनेको साधु संतों के सानिध्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम व्यवस्थापक पत्रकार भरत पाण्डेय ने बताया की यह कार्यक्रम समस्त क्षेत्रवासियों के सहयोग एवं प्रयास से संपूर्ण हो रहा है। बहुत सिद्ध स्थान है,दर्शन मात्र से ही बाबा मनोकामनाएं पूरी करते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा से मनोज पाण्डेय, गीता गुप्ता, राजकुमार, ममता पाण्डेय, गरिमा पाण्डेय, अभिनव मिश्रा, रोहित वर्मा, पत्रकार रितेश शर्मा, पत्रकार संजय मौर्य, पत्रकार अन्नू ,पत्रकार विकास राठौर, पत्रकार चंदन ,पत्रकार विजय सिंह, केपी सिंह गुर्जर डी ऐ वी कॉलेज वाले सहित क्षेत्र की अनेकों जनता हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम में मौजूद रही।

## बिल्हौर तहसील के चारों ब्लॉकों में ग्राम विकास अधिकारी नहीं ढूंढे मिलते, जनता परेशान

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के चौबेपुर, शिवराजपुर, बिल्हौर व ककवन ब्लॉक के ग्राम विकास अधिकारी ईद की चांद की तरह महीने में दिखाई पड़ते हैं जब तहसील दिवस होता है। बाकी समय उनका मोबाइल नहीं मिलता है अगर लगता भी है तो घंटी जाती रहती है और उठाते नहीं है। इन दोनों राशन कार्ड का काम जोरों पर चल रहा है। जिसमें यूनिट कम ज्यादा की ऑनलाइन करने के बाद भी प्रिंटआउट पर ग्राम विकास अधिकारी के हस्ताक्षर जरूरी कर दिए गए हैं। जिसके लिए ग्रामीण महिलाएं व बच्चे ब्लॉक तहसील के चक्कर लगा लगाकर थक गए हैं। लेकिन मंगलवार को बिल्हौर ब्लाक परिसर में खंड विकास अधिकारी भी नहीं थे। वहीं पर ग्राम विकास अधिकारी संदीप ज्ञानवीर के लिए एक हफ्ते से चौबिगही गांव सभा निवासिनी छाया देवी पत्नी वीरेंद्र राशन कार्ड बनवाने के लिए छाया प्रति पर हस्ताक्षर के लिए ब्लॉक के चक्कर लगा रही है लेकिन ना सचिव मिल रहे हैं और ना ही फोन उठा रहे हैं । हताश होकर महिला आपबीती बताते बताते ब्लॉक में रोने लगी कहा यहां पर कोई अधिकारी नहीं है किससे अपने दर्द बखान करें। आगे महिला ने कहा रक्षाबंधन के बाद योगी महाराज के दरबार में जाएंगे तभी यह सही रहेंगे।

## तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाइक सवार अधिवक्ता को कुचला

- ट्रक की टक्कर से घर जा रहे अधिवक्ता की मौत
- सदर कोतवाली क्षेत्र में देर शाम हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस | उन्नाव

मंगलवार शाम उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जेल के पीछे आलू लदे ट्रक चालक ने अधिवक्ता की बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद अनियंत्रित ट्रक भी सडक़ पर पलट गया। चालक मौके से भाग निकला। पुलिस घायल अधिवक्ता को जिला अस्पताल लेकर पहुंची जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। आसीवन थाना क्षेत्र के रसूलाबाद सुभाषनगर मोहल्ला निवासी कृष्णपाल यादव (64) कचहरी में अधिवक्ता थे। मंगलवार शाम करीब छह बजे काम निपटाकर बाइक हरदोई मार्ग पर सदर कोतवाली के जेल के पीछे आलू लादकर हरदोई की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह बाइक सहित सडक़ किनारे खंती में जाकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद अनियंत्रित ट्रक भी सडक़ किनारे पलट गया। हादसे में अधिवक्ता को जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे की सूचना से पत्नी सावित्री और अन्य परिजन बेहाल हो गए। दिवंगत अधिवक्ता की कोई संतान नहीं थी। वह तीन भाईयों में सबसे छोटा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम भेजा है।

कोतवाल अश्वनी मिश्र ने बताया कि ट्रक की टक्कर से से अधिवक्ता की मौत हुई है। चालक मौके से भाग निकला है।

## बिल्हौर आबकारी गोदाम की जमीन की नाप हुई आसपास के कब्जदारों में दहशत

- मंगलवार को जमीन पूरी न होने पर पैमाइश फिर होगी

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर

बिल्हौर तहसील के समीप का कौन रोड रेलवे फाटक 64 नंबर के किनारे लखनऊ इटावा राजमार्ग पर आबकारी विभाग का गोदाम बना हुआ है जहां पर पहले कभी शराब कच्ची शराब बनाई जाती थी इसका प्लांट लगा हुआ था धीरे-धीरे समय बदला यहां पर एक चौकीदार की रखवाली करते हैं आसपास छापेमारी के दौरान जब भी आबकारी विभाग की टीम आती है तो यहीं पर रूकती है और दिन में काम निपटाकर चली जाती हैं एक दीवान की तैनाती भी इसी गोदाम पर है । आबकारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया अब शासन की मंशा के अनुरूप तहसील क्षेत्र में आबकारी निरीक्षक का आवास भी बनेगा इसके तहत इस गोदाम के अंतर्गत आबकारी विभाग में अंकित 17 विश्वा जमीन पर आधा सैकड़ा दुकानदार अपनी खोखे रखकर गुजर बसर वर्षों से करते चले आए हैं । सोमवार को नाप के दौरान जमीन पूरी न होना मंगलवार को पुणे पैमाइश होकर खूंटी गाड दी जाएगी इसके बाद निर्माण कार्य होगा और आसपास चूना डलवा कर निर्माण कार्य जल्द होने की बात पर दुकानदार मायूस नजर आए वहीं पर आसपास मकान में भी निर्माण से अधिक कब्जा किए हुए हैं उनको भी चिन्हित किया गया है यहां तक की बलराम नगर जाने वाली सड़क भी आबकारी विभाग में ही माप में आई है जिसके चलते बगल में खेत मालिक नाप के दौरान पहुंच कर देखने गए कि हमारे में कितनी निकल रही है आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हमारी जितनी जमीन है लेखपाल द्वारा नाप कर चिन्हित कर दी जाएगी उस पर बाउंड्री वॉल और जल्द आबकारी निरीक्षक तहसील स्तर पर बैठने का कार्यालय और आवास भी बनेगा ।

## प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस | चौबेपुर

विकासखण्ड के सभागार में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व सह प्रधानाध्यापक की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मंगलवार को चौबेपुर विकासखण्ड के सभागार में सरकारी विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापक व सह प्रधानाध्यापक की मासिक समीक्षा बैठक की गईं जिसमे विद्यालयों के लक्ष्यो को पूर्ण करने व नेट परीक्षा के विषय में विस्तृत समीक्षा हुई बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी आनंद कुंवर समस्त ए आर पी क्वालिटी कौआर्डिनेटर मनीष कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ की कोषाध्यक्ष सावित्री यादव एवं विकास खण्ड अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापक सह प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# मणिपुर में दो गुटों के बीच गोलीबारी, एक की मौत, असम राइफल्स ने राजनेता के खिलाफ मानहानि का केस किया




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मणिपुर में बिष्णुपुर जिले के नारायणसेना में मंगलवार सुबह दो समूहों के बीच भारी गोलीबारी हुई। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि राहत शिविर में रह रहा एक ग्राम रक्षा स्वयंसेवक अचानक बम फटने से मारा गया। एक अन्य व्यक्ति के कंधे पर गोली लगी है। उसे इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। दूसरी ओर, असम राइफल्स ने संगठन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को हतोत्साहित करने के लिए मणिपुर के एक राजनेता को कानूनी नोटिस भेजा है। शिलॉन्ग के एक वकील की ओर से रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई-अठावले) के राष्ट्रीय सचिव महेश्वर थौनाओजम को 18 अगस्त को नोटिस भेजा गया था।

### नोटिस में क्या कहा गया?

नोटिस में कहा गया है कि देश का सबसे पुराना अर्धसैनिक बल देश की सेवा कर रहा है और मणिपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा और विकास सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह बताना भी जरूरी है कि यद्यपि मणिपुर राज्य सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम के तहत एक अधिसूचित क्षेत्र नहीं है और सक्षम मजिस्ट्रेट ने सशस्त्र बलों को वहां तैनात करने के लिए विशेष रूप से तीन मई और पांच मई को आदेश जारी किए थे।

### थौनाओजम ने माफी मांगने से किया इनकार

मामले में थौनाओजम ने कहा कि वह माफी नहीं मांगेंगे। वह भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की आजादी के हकदार हैं। मैंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया। मैंने एक सवाल पूछा था। मैंने एक राजनेता के रूप में नहीं, बल्कि एक मैतेई के रूप में बात की थी। यहां हर मैतेई जानता है कि असम राइफल्स के कुछ अधिकारी कुकी की मदद कर रहे हैं। इसे साबित करने के लिए वीडियो है।

### असम राइफल्स ने आरोपों को झूठा करार दिया

असम राइफल्स ने ऐसे झूठे आरोप और मानहानि के लिए लिखित और सार्वजनिक माफी मांगी और उनसे 30 जून को दिल्ली में मैतेई शहीदों के शोक कार्यक्रम में दिए गए बयान को वापस लेने के लिए कहा।

### चार उग्रवादियों को भी गिरफ्तार किया गया

इस बीच पुलिस ने मंगलवार को बताया कि अलग-अलग अभियानों में अलग-अलग संगठनों के चार उग्रवादियों को भी गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हथियार और गोला-बारूद जब्त किए गए। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने इंफाल पूर्व और बिष्णुपुर जिलों से एनएससीएन (आईएम) और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक-एक उग्रवादी और कांगलेइपक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) (लामयांबा खुमान गुट) के दो ओवरग्राउंड कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। ऑपरेशन के दौरान छह आग्नेयास्त्र, पांच कारतूस और दो विस्फोटक भी जब्त किए गए।

### बिष्णुपुर में बदमाशों और सुरक्षा बलों के बीच भीषण गोलीबारी, चार लोग घायल, हथियार बरामद

हिंसाग्रस्त मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में मंगलवार सुबह सशस्त्र बदमाशों और सुरक्षा बलों के बीच भीषण गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी सहित चार लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों में एक किसान बताया गया है। गोलीबारी की घटना मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के नारानसीना मनिंग लीकाई इलाके में हुई। किसान को चिकित्सा के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किसान की पहचान ज्योतिन के रूप में हुई है। सूत्रों के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब 6.30 बजे संदिग्ध कुकी बदमाशों ने ग्राम खोइरेंटक (बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिले की सीमा) से बिष्णुपुर जिले के सामान्य क्षेत्र नारानसेना में खेतों में काम कर रहे मैतेई किसानों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की। इस गोलीबारी में कथित तौर पर नारानसैना गांव, थाना मोइरांग, जिला बिष्णुपुर (मणिपुर) के ज्योतिन को बाएं कंधे और छाती के बीच में गोली लगने से घायल हो गया। घटना के बाद, मणिपुर पुलिस के जवान घटना स्थल पर पहुंचे और पुलिस और संदिग्ध कुकी बदमाशों के बीच भीषण गोलीबारी शुरू हुई। सूत्रों के मुताबिक इस गोलीबारी में एक पुलिस कर्मी और अन्य दो मैतेई स्वयंसेवकों को गोली लगी है। शाम तक रुक-रुक कर फायरिंग जारी है।




## मणिपुर विधानसभा का विशेष सत्र

# बिना चर्चा के स्थगित

### कुकी समुदाय के दो मंत्री और 8 विधायक शामिल नहीं हुए, राज्य में अब तक 160 मौतें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल**



मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर हिंसा चल रही है। 120 दिनों से जारी हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। इस बीच राज्य सरकार की मांग पर आज विधानसभा का एक दिन का सेशन होना था। इसमें राज्य में शांति बहाली को लेकर चर्चा की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन सत्र अनिश्चित-काल के लिए स्थगित हो गया। एजेंसी के मुताबिक, कांग्रेस विधायकों के हंगामे के चलते ये सत्र स्थगित हुआ। विधायकों की मांग थी कि इस सत्र को कम से कम पांच दिन के लिए बढ़ा देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह की अगुवाई में विपक्ष ने कहा कि राज्य के हालात पर चर्चा के लिए एक दिन काफी नहीं है। वहीं, दो मंत्रियों समेत 10 विधायकों ने सुरक्षा का हवाला देते हुए सत्र में शामिल होने से इनकार कर दिया। मणिपुर कांग्रेस ने सत्र को असंवैधानिक बताया और इसके विरोध में इंफाल के कांग्रेस भवन में काला झंडा फहराया।

### सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा मणिपुर का मामला

मणिपुर हिंसा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी सुनवाई हो रही है। दरअसल 19 जुलाई को दो निर्वस्त्र महिलाओं को वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें भीड़ ने महिलाओं के कपड़े उतारकर उन्हें गांव में घुमाया। बाद में उनका गैंगरेप किया। ये घटना 4 मई की थी। वीडियो सामने आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया। चीफ जस्टिस ने कहा था कि जो वीडियो सामने आया है, उसे देखकर वह स्तब्ध हैं। ऐसी घटनाएं स्वीकार्य नहीं हैं। हिंसा में महिलाओं का टूल की तरह इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। हम सरकार को इस पर कार्रवाई के लिए कुछ समय दे रहे हैं, नहीं तो फिर हम कार्रवाई करेंगे।

### 10 विधायकों ने किया बहिष्कार

सदन का बहिष्कार करने वाले सभी 10 विधायक आदिवासी कुकी समुदाय से आते हैं। इनमें एलएम खौटे, नगुर्सांगलुर सनाटे, लेटपाओ हाओकिप, लेटजमंग हाओकिप, पाओलीनलाल हाओकिप, वुंगजागिन वाल्टे, हाओखोलेट किपगेन, किम्नेओ हाओकिप हैंगशिंग, चिनलुंगथांग के विधायक हैं। सीएम बीरेन सिंह ने उन्हें पूरी सिक्योरिटी मुहैया कराने का आश्वासन दिया था।

### 6 महीने के अंदर बुलाया गया था सत्र

सीएम एन बीरेन सिंह ने 21 अगस्त को राज्यपाल अनुसुइया उइके को सत्र शुरू करने की सिफारिश की थी। 22 अगस्त को राजभवन ने अधिसूचना जारी कर दी। संविधान के आर्टिकल 174 (1) के मुताबिक, किसी भी सदन में दो सत्रों में छह महीने से ज्यादा का गैप नहीं होना चाहिए। मणिपुर में पिछला सत्र मार्च में हुआ था। ऐसे में छह महीने की डेडलाइन सितंबर में खत्म हो रही थी।

# जमानत के बाद भी रिहा नहीं होंगे इमरान

### सीक्रेट लेटर चोरी केस में हिरासत में लिए गए, तोशाखाना केस में हाईकोर्ट से बेल मिली



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद**

तोशाखाना केस में इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने इमरान खान की सजा पर रोक लगाते हुए उन्हें जमानत पर रिहा करने का फैसला सुनाया है। हालांकि, इससे पहले कि खान अटक जेल से बाहर आते, उन्हें सीक्रेट लेटर चोरी केस (साइफर गेट स्कैंडल) में हिरासत में ले लिया गया। यह जानकारी पाकिस्तान के अखबार 'द डॉन' ने दी है। पूर्व कानून मंत्री और सरकारी वकील अता तराड़ ने जियो न्यूज से कहा- इमरान की सजा सस्पेंड हुई है। उन्हें बेल मिली है, लेकिन वो फिलहाल जेल से रिहा नहीं हो सकते। इसकी वजह ये है कि साइफर चोरी के मामले में अदालत ने जांच एजेंसियों को 14 दिन का फिजिकल रिमांड दिया है। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो की टीमें उनका इंतजार कर रही हैं।

### इन दो मामलों में गिरफ्तारी तय

एफआईए को सीक्रेट लेटर चोरी (साइफर गेट स्कैंडल) और एफआईए को 9 मई को हुई हिंसा मामले में खान से पूछताछ करनी है। खास बात ये है कि एफआईए खान को 90 दिन तक पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में रख सकती है। इस दौरान उन्हें सुप्रीम कोर्ट समेत कोई अदालत जमानत भी नहीं दे सकेगी। राहत सिर्फ ये रहेगी कि खान को जेल के बजाय जांच एजेंसी के हेडक्वार्टर के कमरे में रखा जाएगा।

## केंद्र बोला, जम्मू-कश्मीर को यूनियन टेरिटरी बनाने का फैसला अस्थायी

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, चुनाव कब कराओगे



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को खत्म करने के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में आज (29 अगस्त) 12वें दिन की सुनवाई जारी है। इस दौरान केंद्र ने कोर्ट को बताया कि जम्मू-कश्मीर को दो अलग यूनियन टेरिटरी (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांटने का कदम अस्थायी है। जल्द ही दोनों केंद्र शासित प्रदेशों को फिर से मिलाकर एक राज्य बना दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह राष्ट्रीय हित में जम्मू-कश्मीर को दो अलग यूनियन टेरिटरी में बांटने के केंद्र के फैसले को स्वीकृति देने की इच्छुक है। कोर्ट ने केंद्र से सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर को यूनियन टेरिटरी बनाने का कदम कितना अस्थायी है और उन्हें वापस राज्य का दर्जा देने के लिए क्या समय सीमा सोच रखी है, इसकी जानकारी दें।

### लेक्चरर जहूर भट के सस्पेंशन पर कोर्ट ने चिंता जताई

आर्टिकल 370 से जुड़ीं याचिकाओं की सुनवाई सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच कर रही है। सोमवार की सुनवाई शुरू होते ही सबसे पहले सीजेआई ने जम्मू-कश्मीर के एजुकेशन विभाग से सस्पेंड किए गए लेक्चरर जहूर अहमद भट के बारे में बात की। याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट को इस बात की जानकारी दी थी कि जहूर भट 23 अगस्त को कुछ देर के लिए कोर्ट आए थे और 25 अगस्त को उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। इस पर जजों ने चिंता जाहिर की कि कहीं जहूर से बदला लेने की नीयत से तो ऐसा नहीं किया गया है। सीजेआई ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को निर्देश दिया कि वे जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा से बात करें और पता लगाएं कि आर्टिकल 370 हटाए जाने के खिलाफ कोर्ट में दलीलें देने के कुछ दिन बाद ही भट को पद से क्यों हटाया गया।

### केंद्र ने कहा, पुलवामा हमले के बाद सरकार ने आर्टिकल 370 हटाने के बारे में सोचा

केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि फरवरी 2019 को पुलवामा आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 40 जवान शहीद हुए थे। इसी हमले के बाद केंद्र को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने और उसे पूरी तरह भारतीय गणराज्य में मिलाने के बारे में सोचना पड़ा। तुषार मेहता ने कहा कि आर्टिकल 370 लागू होने की वजह से जम्मू-कश्मीर में केंद्र के कई कानून लागू नहीं हो पाते थे। देश के संविधान में शिक्षा का अधिकार जोड़ा गया, लेकिन 370 की वजह से यह लागू नहीं हो पाया। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों को बराबरी पर लाया गया। उन्होंने कहा कि अब वहां केंद्र के कानून लागू हो रहे हैं। बिजनेसमैन वहां इन्वेस्ट करना चाहते हैं। टूरिज्म भी बढ़ रहा है। पहले वहां हाईकोर्ट के जज राज्य के संविधान की शपथ लेते थे। अब उन पर देश का संविधान लागू करने का दायित्व है।

# दिल्ली में जी-20 समिट से पहले लंगूर के कटआउट लगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में जी-20 समिट के दौरान बंदरों को दूर रखने के लिए लंगूर के कटआउट लगाए जा रहे हैं। हर कटआउट के साथ एक व्यक्ति को तैनात किया गया है, जो लंगूर की आवाज निकालने में एक्सपर्ट है। दिल्ली में 9 और 10 सितंबर को जी-20 समिट होने वाली है। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक समेत कई ग्लोबल लीडर्स के शामिल होने की चर्चा है। हालांकि, दिल्ली में बंदरों की आबादी बहुत ज्यादा है। रिहायशी इलाकों के अलावा दफ्तरों और ऐतिहासिक स्थलों पर भी बंदर खुलेआम घूमते हैं। आय दिन आम लोग इनके हमले का शिकार होते हैं।

### अब तक एक दर्जन से ज्यादा कटआउट लगे

कोई विदेशी मेहमान बंदरों का शिकार न हो, इसके लिए न्यू दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने यह अनूठी पहल की है। एनडीएमसी के वाइस चेयरमैन सतीश उपाध्याय ने बताया कि सरदार पटेल मार्ग सहित दूसरे इलाकों में एक दर्जन से ज्यादा कटआउट लगाए गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी का लुटियंस जोन भी बंदरों के आतंक से अछूता नहीं है, जबकि यहां राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री आवास, बड़े-बड़े नेताओं और बिजनसमैन के बंगले हैं। जी-20 समिट के दौरान बंदरों को इन इलाकों से दूर रखने के लिए लंगूर के कटआउट्स के साथ 30-40 ऐसे लोगों की तैनाती होगी, जो लंगूर की आवाज निकालने में माहिर हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)